सुप्रभात
रांची, सोमवार
09.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 324 | 12



चिराग पासवान लड़ेंगे बिहार विधानसभा चुनाव

**न्यूज डायरी**

### अटका मानसून, अब झारखंड में एंट्री विलंब

**रांची।** झारखंड में अब 15 जून के बाद दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून के पहुंचने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि झारखंड में मानसून देर से पहुंचेगा। बंगाल की खाड़ी में पिछले कुछ दिनों से कोई सिस्टम न बनने के कारण मानसून अटक गया। आमतौर पर 12 जून तक झारखंड आ जाता था।

### किरीबुरु और मेघाहातुबुरु खदान को मिली हरी झंडी

**चाईबासा।** सेल को किरीबुरु और मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदानों के लिए वन विभाग से मंजूरी मिल गयी है। इस फैसले से हजारों स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और स्टील प्लांटों को कच्चे माल की आपूर्ति बनी रहेगी। लौह अयस्क की खुदाई शीघ्र शुरू हो सकेगा।

### क्रिकेट खेलने में सांसद चोटिल, कराया गया इलाज

**हजारीबाग।** युवाओं के साथ क्रिकेट खेलने के दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल चोटिल हो गये। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। करीब 3 घंटे तक अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी। रविवार को सांसद एक प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि थे। क्रिकेट खेलने मैदान में उतर गये। एक गेंद उनकी नाक पर लग गयी।

### तमिलनाडु और बंगाल में बनेगी राजग सरकार : शाह

**मदुरै।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि वर्ष 2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। दो दिवसीय दौरे पर मदुरै पहुंचे शाह ने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मदुरै परिवर्तन का शहर है द्रविड़ मुनेत्र कषगम को सत्ता से बाहर कर देगा। बैठक से पहले उन्होंने मीनाक्षी मंदिर में पूजा की।

**कार्टून कोना**




# यूं ही नहीं मिला बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा

## शहादत दिवस पर विशेष

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के वो नायक रहे, जिन्हें आज भी लोग गर्व से याद करते हैं। समाज हित में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अंग्रेजों के खिलाफ जनजातीय समाज को गोलबंद करने वाले बिरसा मुंडा मैं अलौकिक शक्ति भी निहित थी। इतिहास में उनका एक अलग स्थान है। महज 25 साल की उम्र में 9 जून, 1900 को उन्होंने शहादत दी। 9 जून को हर साल धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया जाता है। यह दिन झारखंड और पूरे भारत में उनके बलिदान और आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।



### विलक्षण प्रतिभा, अलौकिक शक्ति

बचपन से ही भगवान बिरसा मुंडा के अंदर विलक्षण प्रतिभा और अलौकिक शक्ति भी थी। 15 नवंबर 1875 को खूंटी के उलीहातू में जन्मे इस महानायक ने इतिहास में उनका एक अलग स्थान बनाया। महज 25 साल की उम्र में 9 जून, 1900 को रांची जेल में उनका निधन हो गया था। सरकार के लिए हमेशा से वे वंदनीय रहे हैं। यहां की राजनीति के बड़े मार्गदर्शक और प्रेरणा पुंज हैं। राजधानी के कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के शहीद स्थल पर हर साल विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम होता है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आनेवाली पीढ़ियों के लिए यह प्रेरणास्थल है।

### स्वतंत्रता आंदोलन को गति मिली

उनकी शहादत ने भले ही उनके भौतिक जीवन का अंत कर दिया, लेकिन उनके आदर्शों और बलिदान ने आदिवासी समुदायों में स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय की लौ को प्रज्वलित रखा।

उनके आदर्श को उसे समय के लोगों ने अंगीकार किया उनकी शहादत ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को ताकत दी।

### धरती आबा के रूप में पूजे जाते हैं

बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन पर आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, जिसे ब्रिटिश सरकार और स्थानीय जमींदार छीनने का प्रयास कर रहे थे। वह एक करिश्माई नेता और लोक नायक थे जिन्होंने 19वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजी हुकूमत और सामंती व्यवस्था के खिलाफ उलगुलान का नेतृत्व किया। झारखंड ही नहीं पूरे आदिवासी समाज के लिए विशेष रूप से पूजनीय धरती आबा भारत के ऐसे स्वतंत्रता सेनानी हैं, जिन्हें भगवान की तरह पूजा जाता है। उन्होंने सामाजिक और धार्मिक सुधारों की भी जोरदार वकालत की। अपने लोगों को अंधविश्वासों से दूर रहने और अपनी पारंपरिक संस्कृति और मूल्यों को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि उन्हें धरती आबा (पृथ्वी पिता) के रूप में पूजते हैं। भारतीय संसद के संग्रहालय में भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर लगी हुई है। ये सम्मान जनजातीय समुदाय में अब तक केवल बिरसा मुंडा को ही मिल सका है।

धरती आबा को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक महान नायक और आदिवासी गौरव के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है।

# कमरे में मिला कोयला कारोबारी धानुका का शव

## कनपट्टी में लगी है गोली, हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवददाता**

**रांची।** राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना में रहने वाले चर्चित कोयला कारोबारी मनीष धानुका की गोली लगने से मौत हो गयी है। रविवार शाम घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मनीष धानुका ने आत्महत्या की है या यह हत्या का मामला है। पुलिस ने शव उनके घर के एक कमरे से बरामद किया है। पुलिस को शव के पास से लाईसेंसी हथियार भी मिला है। शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। घटना की खबर मिलते ही उनके घर के बाहर लोगों की भारी भीड़ लग गयी।



**क्या है पूरा मामला**

जानकारी के अनुसार घटना शनिवार देर रात की है। गोलीकांड के समय मनीष धानुका के घर में कोई भी मौजूद नही था। कनपट्टी में गोली लगने से उनकी मौत हुई है।

(शेष पेज 11 पर)

### भारत में कोरोना मरीजों की संख्या 6000 पार

**नयी दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आये जिसके बाद इस संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुई, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुयीं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है। केरल में सक्रिय मामलों की संख्या 2,000 के करीब पहुंच गयी है और यह इस संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला राज्य बन गया है। स्वास्थ्य अधिकारी नये वेरिएंट और स्थानीय स्तर पर संक्रमण में वृद्धि की चिंताओं के बीच स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## सड़क हादसे में एक ही घर की बेटी और बहू की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** बाजार जाने के लिए घर से निकली ननद और भाभी को एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने कुचल दिया, जिससे दोनों की मौत हो गयी। उनकी पहचान लातेहार के नेतरहाट थाना थाना के केराखांड (आराहंस) गांव निवासी पुष्पा एक्का (45) और सुषमा एक्का (48) के रूप में हुई। दोनों एक की घर की ननद और भौजजाई थी। दोनों महिलाएं गुमला के आदर विशुनपूर बाजार जाने निकली थीं और रोड पर वाहन का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान ये हादसा हुआ। नेतरहाट की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें कुचल दिया। एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

**विरोध में रोड जाम :** हादसे के बाद घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने नेतरहाट- महुआडांड़ सड़क को जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद नेतरहाट थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाया गया, इसके बाद काफी मशक्कत के बाद ग्रामीण शांत हुए। ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा और नौकरी दी जाये। गाड़ियों की रफ्तार पर भी अंकुश लगाया जाये। आश्वासन ग्रामीण शांत हुए। अधिकारियों ने भरोसा दिया कि सरकारी प्रावधान के तहत परिजनों को मिलेगा।

# पीएम जनमन योजना से बनेंगी 140 ग्रामीण सड़कें

## झारखंड ने भेजा प्रस्ताव, केंद्र की मंजूरी शीघ्र



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री (पीएम) जनमन योजना के बैच दो में 140 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेजा गया है। जल्द ही इसकी स्वीकृति मिलने की संभावना है। ये सड़कें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ही ली गयी हैं। इस पर कुछ क्वेरी की वजह से योजना स्वीकृति में देरी हुई है। झारखंड स्टेट रूरल रोड डेवलपमेंट अथारिटी के इंजीनियरों ने बताया कि यह प्रयास हो रहा है कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय इस पर मंजूरी प्रदान करें, ताकि काम प्रारंभ कराया जा सके।

उल्लेखनीय है कि 13 मई को ही पीएम जनमन बैच-1 के तहत के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत सरकार से झारखंड के आदिम जनजाति क्षेत्रों के लिए 259 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। इसके तहत 700 करोड़ रुपये दिये गये हैं। इसके निर्माण के लिए अब टेंडर की प्रक्रिया जारी की जायेगी। वहीं, राज्य सरकार और पीएम जनमन के लिए 2025-26 के लिए भी योजना बना रही है, जिस पर भारत सरकार से स्वीकृति ली जायेगी।

### 1 जनवरी से लागू हो सकता है नया वेतन आयोग

**नयी दिल्ली।** देश भर के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आ रही है। लंबे समय से अटके हुए 8वें वेतन आयोग को लेकर अब चर्चा तेज हो गयी है। खबरों की मानें तो सरकार इस आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू करने की तैयारी में है। हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि लागू होने में कुछ महीने की देरी हो सकती है, लेकिन उस स्थिति में सभी पात्र कर्मचारियों को बकाया एरियर भी दिया जायेगा। आयोग की सिफारिश समय पर लागू होता है, तो लाखों कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन में जबरदस्त उछाल देखने को मिलेगा।

वेतन में बढ़ोतरी कर्मचारियों के ग्रेड पे के आधार पर तय होगी। अलग-अलग ग्रेड पर कार्यरत कर्मचारियों को अलग-अलग लाभ मिलेगा। इसी प्रकार से पेंशनर्स को भी उनके अंतिम वेतन और ग्रेड पे के हिसाब से संशोधित पेंशन दी जायेगी। जानकारों का मानना है कि नरेंद्र मोदी सरकार इस बार कर्मचारियों को लेकर सकारात्मक रुख अपना सकती है।

## पाकिस्तानी विशेषज्ञ के दावे से मचा बवाल

# नूर खान एयरबेस पर हमारा नहीं अमेरिका का नियंत्रण

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक नया सुरक्षा विवाद उस समय खड़ा हो गया जब देश के प्रसिद्ध सुरक्षा विश्लेषक इम्तियाज गुल ने यह सनसनीखेज दावा किया कि रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस पर हमारा नहीं अमेरिका का नियंत्रण है। यह दावा ऐसे समय सामने आया है जब हाल ही में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत इस एयरबेस को निशाना बनाया गया था। गुल का कहना है कि इस रणनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील एयरबेस पर अमेरिकी विमानों की नियमित मौजूदगी देखी गयी है, और पाकिस्तान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को भी इस बेस में हस्तक्षेप की इजाजत नहीं है। यह स्थिति पाकिस्तान की संप्रभुता, पारदर्शिता और सैन्य स्वायत्तता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करती है।



**सरकारी चुप्पी से और बढ़ा शक :** अब तक न पाकिस्तान सरकार और न सेना ने इम्तियाज गुल के आरोपों को स्वीकार या खंडन किया है। इससे शक और गहरा होता जा रहा है। पाकिस्तानी नागरिकों के बीच यह बहस चल रही है कि क्या देश की संप्रभुता को विदेशी हाथों में सौंपा जा चुका है। यह घटना पाकिस्तान में अमेरिकी सैन्य प्रभाव की गहराई और स्थानीय पारदर्शिता की कमी को लेकर गंभीर सवाल उठा रही है। यदि शीघ्र इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आयी तो यह विवाद और भी व्यापक राजनीतिक संकट में बदल सकता है।

(शेष पेज 11 पर)

### क्या पाकिस्तान ने सौंप दिया है

इम्तियाज गुल द्वारा साझा एक वायरल वीडियो में उन्होंने यह दावा किया कि नूर खान एयरबेस अब पाकिस्तान के नहीं, बल्कि अमेरिका के नियंत्रण में है। उनका आरोप है कि यह स्थिति किसी अघोषित समझौते का नतीजा है, और न तो संसद और न ही जनता को इस बारे में कोई जानकारी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सहयोग एक छुपे हुए रक्षा समझौते का हिस्सा हो सकता है, जिससे पाकिस्तान की सैन्य स्वतंत्रता पर गंभीर असर पड़ रहा है।

A PIONEER GROUP OF NORTHERN INDIA, STREAMING IN JHARKHAND

SAI NATH UNIVERSITY

Established in 2012

Established under Jharkhand Govt. Act No. 15 of 2012 & Recognized as per Section 2 (f) of UGC Act, 1956



APPROVALS: Established under Jharkhand Govt. Act. No. 15 of 2012 | Recognized under section 2 (f) of UGC Act. | Member of AIU | App. by NCTE for Education Programme | App. by PCI for D.Pharma | App. by BCI for Law Programme | Approved by INC

Admission 2025-26

पॉलिटेक्निक

Diploma Engineering : Approved by AICTE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Tech. Mining | 4 Yrs. | 10+2 |
| 2. | Diploma in Engg. | 3 Yrs. | 10th |
| 3. | Diploma Engg. (Lateral) | 2 Yrs. | 10+2 with Math / ITI |

• MINING ENGG • ELEC. ENGG. • MECH. ENGG. • CIVIL ENGG.

EDUCATION PROGRAMME (Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.A-B.Sc/B.Ed | 4 Yrs. | 10+2 |
| 2. | D.El.Ed./PTT | 2 Yrs. | 10+2 |
| 3. | M.Ed. | 2 Yrs. | B.Ed. |
| 4. | B.Ed.-M.Ed. | 3 Yrs. | Post Graduation |
| 5. | B.Ed.* | 2 Yrs. | Graduation |

* (Entrance: Jharkhand Combined)

MANAGEMENT/COMPUTER

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | MBA | 2 Yrs. | Graduation |
| 2. | BBA | 3 Yrs. | 10+2 |
| 3. | BCA | 3 Yrs. | 10+2 |

PHYSICAL EDUCATION (Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.P.Ed. | 2 Yrs. | Bachelor Degree |
| 2. | D.P.Ed. | 2 Yrs. | 10+2 |

PHARMACY/ NURSING/ PARAMEDICAL

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc Nursing | 4 Yrs. | 10+2 (PCB) |
| 2. | B-Pharmacy | 4 Yrs. | 10+2 with Science. |
| 3. | D-Pharmacy | 2 Yrs. | 10+2 with Science. |
| 4. | B.Sc. MLT | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 5. | ANM | 2 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 6. | GNM | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |

LAW PROGRAMME (Approved by BCI)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | LL.M. | 2 Yrs. | LL.B |
| 2. | LL.B. (Hons.) | 3 Yrs. | Graduation |
| 3. | B.A. - LL.B. (Hons.) | 5 Yrs | 10+2 |

Students selected in Judiciary services of different states

AGRICULTURE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Agriculture (Hons.) | 4 Yrs. | 10+2 with Science |
| 2. | M.Sc. Agriculture | 2 Yrs. | B.Sc. Agriculture |

Sai Nath University having NCC Unit. In Campus Separate Boys & Girls Hostel

Campus : Jirawar, Chandway-Kuchu Road, Ormanjhi, Ranchi (Jharkhand)

7970408015, 7461073943, 9798354837, 7004836620, 6204313818

E-mail: sainathuniversity@ymail.com , Website: www.sainathuniversity.com

### भाजपा ने मंत्री राधा कृष्ण किशोर के लिखे पत्र पर मुख्यमंत्री की 72 घंटे बाद तक की चुप्पी पर उठाये सवाल

# झारखंड में अनुसूचित जाति की स्थिति बदतर : प्रतुल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा ने मंत्री राधा कृष्ण किशोर के लिखे पत्र पर सीएम हेमंत सोरेन की 72 घंटे बाद तक की चुप्पी पर सवाल खड़े किये हैं। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मंत्री के पत्र का जवाब न देकर सरकार ने मान लिया कि अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की स्थिति झारखंड में बदतर है। उन्होंने कहा कि मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में जो अनुसूचित जाति के लोग हैं उनकी स्थिति आदिम जनजाति से भी बदतर है। उन्होंने कहा कि इस स्वीकारोक्ति से दो चीजें स्पष्ट हो गई।एक की अनुसूचित जाति की स्थिति मौजूदा सरकार अपने साढे 5 वर्षों के कार्यकाल में ठीक नहीं कर पायी।दूसरा कुछ ऐसी ही स्थिति इन्होंने आदिम जनजाति की भी बना कर रख दी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अपने आप को आदिवासी मूलवासी और दबे कुचले लोग की सरकार होने का दावा करती है। लेकिन, अब इन्हीं की सरकार के मंत्री इनको शीशा दिखा रहे हैं। बता रहे हैं कि अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की स्थिति इस सरकार में बहुत खराब है। भाजपा सरकार ने 2018 के अंत में अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया था।इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के कारण कम समय मिला। लेकिन, हेमंत सोरेन सरकार ने पिछले साढे 5 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद इस आयोग का गठन नहीं किया।यह इस जाति समूह के प्रति हेमंत सरकार की नकारात्मक सोच दिखाता है। कमोबेश यही स्थिति अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की भी है।मंत्री जी के पत्र से ये स्पष्ट है कि आदिम जनजाति एक पैमाना बन गया है पिछड़ेपन का। तभी मंत्री जी भी पिछड़ेपन की तुलना आदिम जनजाति से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में शुरू की गई डाकिया योजना और पहाड़िया बटालियन से अच्छी शुरूआत हुई थी। लेकिन, इस सरकार ने आदिम जनजाति के उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किया । उन्होंने कहा हेमंत सरकार के कार्यकाल में अनुसूचित जनजाति भी उपेक्षा की शिकार हो रही है। धर्मांतरण करने वाली शक्तियां लगातार सक्रिय हैं और बड़े पैमाने पर अनुसूचित जनजाति के लोगों का धर्मांतरण करने का प्रयास जारी है।इस सरकार को पिछड़ा विरोधी भी सरकार कहा जाता है। इन्होंने पंचायत चुनाव बिना पिछड़ों को आरक्षण दिए कर लिया था। अब भी पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष विहीन है और स्थानीय निकाय चुनाव करने वाला आयोग के अध्यक्ष भी नहीं है।

## भाजपा का आरोप उसके दोहरे चरित्र का परिचायक : झामुमो



रांची। भाजपा के लगाये गये आरोपों को झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सिरे से खारिज करते हुये इसे घोर राजनीतिक दोगलापन करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अनुसूचित जाति और आदिम जनजातियों की याद सिर्फ तब आती है जब वह विपक्ष में होती है। सत्ता में रहते हुये उन्होंने इन वर्गों के लिये क्या किया, यह पूरे राज्य को पता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी, मूलवासी, दलित और पिछड़े वर्गों के हितों की सच्ची हितैषी है। सरकार की योजनायें जैसे मरांग गोमके छात्रवृत्ति, सिदो-कान्हू कृषि समृद्धि योजना और फेलोशिप स्कीम इन वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम हैं। भाजपा का यह आरोप कि अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं हुआ, सरासर भ्रामक है। सरकार इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है और जल्द ही आयोग का पुनर्गठन होगा। मंत्री राधा कृष्ण किशोर के पत्र को लेकर उठाए गए सवालों पर पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र में हर मंत्री को राय रखने का अधिकार है। यही खासियत है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की। वह एक तरफा नहीं बल्कि पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी की बातों को सुनने और राय लेने में यकीन रखते हैं। ये भाजपा की तानाशाह सरकार नहीं। भाजपा के किसी मंत्री को पीएम नरेंद्र मोदी जी को पत्र लिखने की आजादी है क्या या किसी भाजपा मंत्री ने पीएम मोदी जी को पत्र लिखा है क्या। लेकिन, भाजपा इसे मुद्दा बनाकर आदिवासी और दलित समाज को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पलटवार करते हुये कहा कि भाजपा को नैतिकता की बात करने से पहले यह बताना चाहिये कि उसने अपने शासनकाल में कितने आदिवासी युवाओं को नौकरी दी। उनके लिये विशेष योजनायें क्यों ठप कर दी थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासी.दलित हितैषी होने का नाटक कर रही हैए जबकि उसकी असली नीति इन वर्गों को हाशिये पर धकेलने की रही है। झामुमो सरकार विकास और सामाजिक न्याय के रास्ते पर पूरी प्रतिबद्धता से चल रही है।

## भाजपा अब बहा रही है घड़ियाली आंसू : कांग्रेस

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति और आदिवासी समाज के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली भाजपा असल में इन वर्गों की विरोधी है। मंत्री राधा कृष्ण किशोर के एक पत्र के बहाने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधने की कोशिश करके भाजपा ने अपनी ओछी राजनीति को फिर से उजागर कर दिया है। आलोक दुबे ने याद दिलाया कि खुद राज्य के वित्त मंत्री ने हाल ही में पिछले 25 वर्षों से समाज के शोषण और उपेक्षा की बात कही।

## खबर एक नजर में

### झारखंड शराब घोटाला में 38 करोड़ से अधिक की हेराफेरी में 6 कारोबारियों को नोटिस

रांची। झारखंड में 38 करोड़ रुपये से अधिक के शराब घोटाले की जांच अब रफ्तार पकड़ चुकी है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मामले की जांच का दायरा बढ़ा दिया है और शराब कारोबार से जुड़े छह कारोबारियों को नोटिस भेजा गया है। इन सभी को पूछताछ के लिए अलग-अलग तिथियों में एसीबी मुख्यालय बुलाया गया है। इन कारोबारियों में सबसे चर्चित नाम छत्तीसगढ़ निवासी सिद्धार्थ सिंघानिया का है। छत्तीसगढ़ एसीबी की जांच के दौरान उनके घर से एक डायरी मिली थी, जिसमें झारखंड में शराब सिंडिकेट की साजिश और मैनेजमेंट की रणनीति का जिक्र था। नोटिस पाने वालों में भोपाल के मनीष जैन और राजीव द्विवेदी, पुणे के अजीत जयसिंह राव, अमित प्रभाकर सोलंकी और सुनील मारूत्रे कुंभकर शामिल हैं। एसीबी अब तक कुल 29 से अधिक लोगों को नोटिस भेज चुकी है। इनमें झारखंड के उत्पाद सचिव मनोज समेत कई बड़े नाम शामिल हैं। विजन और मार्शन कंपनियों पर फर्जी बैंक गारंटी से ठेका लेने और सरकार को 38 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। कुल नुकसान करीब 200 करोड़ रुपये तक आंका गया है। जांच जारी है।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव का निधन, मोर्चा ने जताया शोक

रांची। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव जगदीश साहू के आकस्मिक निधन पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनकी असामयिक मृत्यु से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा परिवार ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जगदीश साहू बायपास रोड अरगोड़ा बली बगीचा के निवासी थे और अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं दो पुत्री छोड़ गए हैं। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, विद्याधर प्रसाद, दिलीप वर्मा, राम लखन साहू, रामावतार कश्यप, सुदीप साहू, अजय मेहता, जयराम ठाकुर और प्रमोद प्रसाद, सुग्रीव यादव सहित कई पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं।

### पेसा कानून लागू होने के बाद सदानो पर कल्पना से परे होगा अत्याचार: राजेन्द्र

रांची। झारखण्ड में कुछ लोग पेसा कानून को लागू कराने की मांग कर रहे हैं, जबकि आदिवासी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री, अवैध खनन, स्थानीय नीति और नियोजन नीति को लेकर को मुद्दा बनाना चाहिये था। पेसा कानून लागू होने के बाद मूलवासी सदानों के साथ ऐसा भेद-भाव होगा, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने रविवार को ग्रैंड ऑकेजन बैंक्वेट हॉल में मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान समुदाय आदिवासियों को मिलने वाले अधिकारों के खिलाफ हम सदान कभी नहीं रहा हैं। लेकिन राज्य के सबसे पुराने वाशिंद सदान हैं जिनकी आबादी 65% है। उन्होंने कहा कि 65% आबादी में सबसे ज्यादा आबादी 55% ओबीसी और 10% दलितों की है। ऐसे में जो ओबीसी और दलितों के अधिकारों कि बात करते हैं। उन्हें इस पर विचार करना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों ने अलग राज्य के लिए शहादत दी थी। हमें क्या मालूम था कि राज्य बनने के बाद मूलवासी सदानों को उनके साथ इतना बड़ा धोखा होगा और सारे राजनीतिक अधिकार और सामाजिक समरसता छीन लिये जाएंगें। कहा डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता करे जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। प्रो अरविंद प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों में ओबीसी और दलितों की सबसे बड़ी आबादी है। ऐसे में अधिकारों को बचाने की जिम्मेदारी भी इन दोनों समुदाय में सबसे ज्यादा है। डॉ योगेश प्रजापति ने कहा कि सदानों के विकास के लिए राज्य में कोई नीति नहीं बनायी गयी।

## शहरी निकायों में राजस्व बढ़ोतरी के सुझाव को परामर्शी को दिये जायेंगे 10.70 करोड़

### वर्ल्ड बैंक योजना के तहत काम आवंटित, सलाहकार चयनित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। नगर विकास विभाग ने 44.10 प्रतिशत अधिक राशि भुगतान पर निकायों के विकास के लिए सुझाव देने को सलाहकार चयन की मंजूरी दी है। विश्व बैंक संपोषित झारखंड म्यूनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट अंतर्गत झारखंड में विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों में राजस्व वृद्धि के लिए सलाहकार का चयन किया गया है। सरकार की मंजूरी के बाद इस कार्य के लिए चयनित परामर्शी मेसर्स एसके पाटोदिया एंड एसोसिएट व मेसर्स च्वाइस कंसलटेंट सर्विस प्राइवेट लि. को 10,70,70,160 रुपये में काम देने की स्वीकृति दी है। पूर्व में इस योजना की लागत राशि यूएस डॉलर एक मिलियन अर्थात 7,43,00,0000 रुपये जीएसटी सहित अनुमानित व्यय के साथ रखी गयी थी। इस पर विशव बैंक ने भी अपनी सहमति दी थी।

#### 70:30 फीसदी अनुपात में खर्च होगी राशि

इसकी निविदा जारी की गयी, जिसमें परामर्शी ने 10,70,70,160 बिड डाला। लागत की वृद्धि को देखते हुए अतिरिक्त 3,27,70,160 रुपये प्रदान करने की मंजूरी दी। परामर्शी को कार्य भी आवंटित कर दिया गया है। म्यूनिसिपल डेवलपमेंट के तहत कई कार्य किए जाने हैं। यह स्थानीय निकायों के विकास पर केंद्रीत है। इसके तहत निकायों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए राजस्व बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय किए जाने हैं। इसके लिए एक सलाहकार का नियुक्ति किया गया है जो निकायों को राजस्व बढ़ाने का सुझाव देगा साथ ही बेहतर नागरिक सुविधा बढ़ाने पर भी जोर देगा। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत विश्व बैंक व राज्य सरकार के बीच 70:30 फीसदी अनुपात पर राशि खर्च की जायेगी। संपति कर में वृद्धि, संपति कर के मूल्यांकन में सुधार, अवैध निर्माण पर रोक इत्यादि काम किए जाने हैं।

## इस माह नहीं बंटेगा पीडीएस का राशन!

### हड़ताल पर जा सकते हैं राज्य के 25 हजार से अधिक डीलर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के 25 हजार से अधिक डीलरों ने हड़ताल पर जाने का मन बना लिया है। इस कारण झारखंड में इस महीने से पीडीएस के तहत मिलने वाला राशन नहीं मिलेगा। राज्य के पीडीएस डीलरों ने राज्य सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण विभाग न केवल डीलरों की मांग की पूरी तरह से उपेक्षा कर रहा है, बल्कि प्रशासनिक दबाव बनाकर बिना कमीशन के काम करा रहा है। कोरोना अवधि की बकाया राशि भी राज्य सरकार द्वारा नहीं दी गई है। इसके अलावा डीलर्स में और कई वजहों से भी सरकार से नाराजगी है, जिसे लेकर डीलर स्ट्राइक पर जाने की योजना बना रहे हैं।

#### क्या है मामला

फेयर प्राईश शॉप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार नाथ झा के अनुसार झारखंड के पीडीएस डीलर पूरी तरह से आहत हैं। कई बार विभागीय मंत्री और सचिव को ज्ञापन सौंप कर इस ओर ध्यान दिलाया गया, लेकिन इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। ऐसे में सभी पीडीएस डीलर तालाबंदी करने पर भी विचार कर रहे हैं।

#### मांगें नहीं माने जाने से नाराजगी

राज्य सरकार के पास पीडीएस डीलरों का 20 करोड़ रुपए से अधिक का कमीशन बकाया है। दिसंबर से अब तक (छह माह) कमीशन का भुगतान नहीं किया गया है। पूर्व के तीन-चार माह का भी कमीशन बकाया है। कुल मिलाकर यह राशि एक वर्ष की बनती है। बता दें कि राशन डीलरों को कमीशन 150 रुपये प्रति क्विंटल दिया जाता है। उनका कहना है कि सरकार ने कोरोना अवधि की बकाया राशि को भी रोककर रखा हुआ है। डीलर की आर्थिक स्थिति पर विभाग द्वारा कोई फैसला नहीं लिया जाना भी हड़ताल पर जाने की एक बड़ी वजह बन रही है। इसके आलावा टू जी पॉश मशीन और सर्वर की समस्या के समाधान को लेकर भी डीलर्स में नाराजगी है। इस कारण पीडीएस लाभुकों को न तो समय पर और न ही सही ढंग से अनाज दिया जा रहा है।

## रांची जिला राजद अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए धर्मेन्द्र महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। रांची जिला राजद अध्यक्ष के चुनाव में राजद के पुराने समर्पित वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र महतो को पुनः निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। प्रातः 9 बजे से चुनावी प्रक्रिया की शुरूआत रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मंजू साह के द्वारा किया गया जो 3 बजे तक चला। 3 बजे चुनावी प्रक्रिया के तहत रांची जिला अध्यक्ष की घोषणा श्रीमती मंजू साह के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राजद के वरिष्ठ नेता मदन यादव,मनोज पाण्डेय, शौकत अंसारी,भास्कर वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद,आबिद भाई, प्रणव कुमार, सुनील ठाकुर, सलील अंसारी, डी एन ठाकुर,संतोष साहू, कमलेश यादव सहित प्रदेश के सम्मानित वरिष्ठ नेता, जिला के पदाधिकारी,प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पदाधिकारी समेत काफी संख्या में दल के के नेता और कार्यकताओं ने भाग लिया ।

### अनुसूचित जाति आयोग के गठन की मांग हुई तेज

रांची। अनुसूचित जाति समन्वय समिति के सदस्यों ने झारखंड सरकार के मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही सरकार से मांग की कि अनुसूचित जातियों से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। समिति के सदस्यों ने विशेष रूप से राज्य में अनुसूचित जाति आयोग के गठन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति समुदाय लंबे समय से सामाजिक और आर्थिक असमानता से जूझ रहा है। इसके समाधान के लिए एक सशक्त और स्वतंत्र आयोग का गठन जरूरी है, ताकि समुदाय की समस्याओं की निगरानी और नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो सके।

## मोदी सरकार संवादहीन: आलोक दूबे

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को भारत के लोकतंत्र और आर्थिक विकास के लिए सबसे विफल दौर बताया है। उन्होंने कहा कि देश आज कई गहरे संकटों से गुजर रहा है और इन 11 वर्षों में मोदी सरकार ने न केवल संवादहीनता का परिचय दिया बल्कि देश की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और सामाजिक ताने-बाने को भी पूरी तरह चौपट कर दिया है।

आलोक दूबे ने कहा है कि मोदी सरकार ने 11 सालों में संवाद से दूरी बनाकर लोकतंत्र की बुनियाद को ही हिला दिया है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा देश में बेटियों की सुरक्षा नाकाफी और चिंता का विषय है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार के पास न तो कोई ठोस नीति है और न ही कोई कारगर कदम। चौकीदार सोया हुआ है और जनता असुरक्षित महसूस कर रही है।

आलोक कुमार दूबे ने महंगाई को लेकर कहा कि आज देश के नागरिक रोजाना की जरूरतों को भी मुश्किल से पूरा कर पा रहे हैं। रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियां गरीब और मध्यम वर्ग के हितों के खिलाफ हैं।

आलोक दूबे ने कहा है कि मोदी सरकार ने देश की प्रमुख संस्थाओं को बेचकर देश की संप्रभुता को खतरे में डाल दिया है। रेलवे, तेल कंपनियां, हवाई अड्डे और अन्य महत्वपूर्ण संसाधन बिक गए। ये देश की विरासत हैं, जिन्हें सरकार ने निजीकरण के नाम पर बेच दिया। उन्होंने कहा कि गिरता रुपया, बढ़ती आर्थिक असमानता और बढ़ती बेरोजगारी मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की असफलता का प्रमाण है। देश की अर्थव्यवस्था डांवाडोल है और इसके लिए जिम्मेदार नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार हैं। उन्होंने कहा कि देश के संवेदनशील मुद्दों जैसे अग्निवीर योजना, मणिपुर हिंसा और पुलवामा-पहलगाम आतंकी हमलों के बाद भी सरकार न केवल चुप रही, बल्कि जनता की चिंता को समझने में असफल रही।

आलोक कुमार दूबे ने स्पष्ट किया कि यह 11 साल का शासनकाल भारत के लोकतंत्र के इतिहास में संवादहीनता, जवाबदेही से परहेज, बढ़ती असुरक्षा, आर्थिक विषमता और जनविरोधी नीतियों के लिए याद किया जाएगा।

# सरना धर्म कोड के ध्रुव पर नाची झारखंड की सियासत

### भाजपा ने तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार पर सरना धर्म की मांग ठुकराने का लगाया आरोप

- जनगणना में सरना धर्म के लिये अलग कॉलम की मांग कर रहे सत्ताधारी झामुमो-कांग्रेस
- आदिवासी वोटरों को रिझाने में जुटे पक्ष-विपक्ष

उदय चौहान







रांची। झारखंड की सियासत अब सरना धर्म कोड के ध्रुव पर नाचने लगी है। सत्ताधारी झामुमो-कांग्रेस ने जनगणना में सरना धर्म कोड के लिये अलग कॉलम की मांग के साथ आंदोलन तेज कर दिया है। इसी क्रम में झामुमो ने बीते दिनों राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन किया। झामुमो ने यहां तक कहा कि सरना धर्म कोड के बिना झारखंड में जातीय जनगणना नहीं होने देने की चेतावनी तक दे डाली है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी सरना धर्म कोड के मुद्दे पर राष्ट्रपति से मिलने की बात कही है। कांग्रेस नेत्री सह कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सरना धर्म कोड के बिना जातीय जनगणना नहीं होने देने की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों से झारखंड में सरना धर्म कोड को लेकर सियासत पूरे उफान पर है। सत्ताधारी दलों ने इसे लेकर राजनीति तेज कर दी है। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा भी सत्ताधारी दलों को घेरने में जुटी है। सत्ताधारी दल झामुमो और कांग्रेस एक नई सियासी चाल में विपक्षी भाजपा को उलझाना चाहते हैं। जनजातीय समाज की राजनीति का चादर ओढ़कर सरना समाज के लिये नई जनगणना में अलग से सरना धर्म कोड का कॉलम जोडने की मांग कर आंदोलन कर रहे हैं। केंद्र की भाजपा सरकार को अगले साल की शुरूआत में देश में जनगणना करानी है। और इसी जनगणना को आधार मानकर सरना धर्म कोड पर राजनीति की जा रही है। भाजपा ने सरना धर्म कोड के लिये आंदोलन कर रहे सत्ताधारी दल कांग्रेस से गंभीर सवाल दाग कर पार्टी को कटघरे में खड़ा कर दिया है। भाजपा ने कांग्रेस से सवाल किया है कि 2014 में तत्कालीन मनमोहन सरकार ने संसद में सरना धर्म कोड की मांग को ठुकराते हुए यह क्यों कहा था कि यह संभव नहीं है। जब केंद्र की कांग्रेस सरकार आदिवासी समुदाय की इस मांग को खारिज कर चुकी है। इसके बाद किस मुंह से सरना धर्म कोड की मांग कर रही है। भाजपा ने झामुमो से भी कांग्रेस की सहयोगी होने के नाते यही सवाल किया है। सरना धर्म कोड को लेकर पिछले दो दशक से झारखंड में यही सियासत हो रही है। भाजपा ने पिछले दिनों कांग्रेस और झामुमो की ओर पासा फेंकते हुए कहा है कि झारखंड में धर्मांतरण रोकें, तब सरना धर्म कोड की बात करें। भाजपा का मानना है कि सरना धर्म कोड की मांग सरना आदिवासियों से कहीं ज्यादा ईसाई बन चुके आदिवासी कर रहे हैं। झारखंड में बड़े पैमाने पर आदिवासी समुदाय का धर्मांतरण होते रहा है। इसे लेकर सरना धर्मावलंबी लगातार विरोध कर रहे हैं। सरना समाज के अगुआ रहे समाजसेवी और बुद्धिजीवियों ने ईसाई बन चुके आदिवासियों को आरक्षण की सुविधा देने का विरोध किया है। दिवंगत कार्तिक उरांव इसके सबसे बड़े पैरोकार रहे हैं। उन्होंने संसद में भी धर्मांतरित आदिवासियों को आदिवासी न मानते हुये आरक्षण न देने की मांग करते रहे। सरना समाज के लोगों ने केंद्र सरकार से पूरे राज्य में डीलिस्टिंग की मांग जोर शोर से कर रहे हैं। वैसे आदिवासी समुदाय को आरक्षण की सूची से बाहर करने की यह मांग है, जो अपना धर्म बदल चुके हैं। आनेवाले साल में पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन भी होना है। परिसीमन तत्कालीन जनसंख्या के आधार पर होना है। झारखंड में आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है। ऐसे में लोकसभा और विधानसभा की आदिवासियों के लिये आरक्षित सीटें घट सकती हैं। उल्लेखनीय है कि झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने पिछले कार्यकाल में ही सरना धर्म कोड को लेकर विधानसभा में एक प्रस्ताव लाया था। इस प्रस्ताव को सत्ताधारी दलों के अलावा विपक्षी दलों में भाजपा आजसू ने भी समर्थन किया था। पक्ष जब इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है तो विपक्ष पीछे क्यों रहे। लिहाजा विपक्ष ने भी सत्ताधारी दल के इस प्रस्ताव का समर्थन किया। सभी दलों को आदिवासियों का वोट और समर्थन चाहिये।

### सरना धर्म कोड लागू नहीं हुआ तो तेज होगा आंदोलन : विनोद

इधर, झामुमो ने एक बार फिर सरना धर्म कोड को लेकर पार्टी द्वारा प्रस्तावित आंदोलन को सही बताते हुये राज्य में सरना धर्म कोड नहीं होने पर जनगणना नहीं होने देने की बात कही है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा है कि भाजपा अपनी बात करें, ना कि पिछली बात करें। उन्होंने कहा कि अलग सरना धर्म कोड पुरानी मांग है। राज्य सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर इसे विधानसभा से पास कराकर केंद्र सरकार को भेजा था। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार लगभग पांच सालों से इसपर कोई निर्णय नहीं लिया है। दरअसल, सरना धर्म कोड को लेकर सियासत होती रही है। कांग्रेस.जेएमएम ने इसे चुनावी घोषणा पत्र में भी शामिल कर रखा है। हालांकि, भाजपा इस मुद्दे पर अब तक दुविधा की स्थिति में है। खास बात यह है कि नवंबर 2020 में हेमंत सरकार ने जब विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र सरना धर्म कोड को लेकर बुलाया तो सदन में सर्वसम्मति से पास कराने में भाजपा ने भी सहयोग किया था। पारित प्रस्ताव में जनगणना 2021 में सरना को एक अलग धर्म के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया था। विधानसभा से पारित यह प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है।

## स्पीड न्यूज

### रविदास समाज की जिला कमेटी का चुनाव 27 जुलाई को

**जमशेदपुर।** रविदास समाज की पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी का चुनाव प्रक्रिया शुरु कर दी गयी है। चुनाव गुप्त मतदान के जरिए 27 जुलाई को करवाया जायेगा। भागीरथ दास को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है। रविवार को रविदास समाज पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के कार्यकारिणी की बैठक रविदास भवन कदमा में सरयु रविदास की अध्यक्षता में हुई।

### भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट करने की मांग



**जमशेदपुर।** झारखंड के वरिष्ठ समाजसेवी और शहीदों को सम्मान में हमेशा तत्पर रहने वाली संस्था नमन शहीदों के सपनों को संगठन के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने झारखंड सरकार से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का नाम आधिकारिक रूप से भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रखने हेतु अनुशंसा और प्रयास करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को एक भावनात्मक पत्र भेजा है।

### सरायकेला-खरसावां के राजद जिलाध्यक्ष बने सकला मार्डी

**गम्हरिया।** राजद के सक्रिय सदस्यों की बैठक गम्हरिया स्थित होटल कोलकाता ग्रैंड में आयोजित किया गया। बैठक का संचालन पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह शिक्षाविद एसडी प्रसाद ने किया। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष के चयन पर विचार विमर्श किया गया। तत्पश्चात चयन प्रक्रिया मौजूद प्रदेश महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव की देखरेख में प्रारम्भ की गयी।

### सेंट जॉन एंबुलेंस झारखंड इकाई की वार्षिक बैठक

**जमशेदपुर।** सेंट जॉन एंबुलेंस टाटा बी ग्रेड झारखंड स्टेट सेंटर का वार्षिक बैठक सह कार्यक्रम का आयोजन बिष्टुपुर स्थित होटल रमदा में आयोजित किया गया। जिसमें साल भर के कार्य का ब्यौरा दिया।

### सद्गुरु कबीर प्रकट उत्सव में संत समागम का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** सद्गुरु कबीर प्रगट उत्सवसी पी धर्मदास भजन मंदिर सोनारी में चलने वाले तीन दिवस्य संत समागम समारोह का उद्घाटन छत्तीसगढ से आयी महंत सुशीला माता जी के कर कमलों द्वारा किया गया और सद्गुरु कबीर साहेब की तस्वीर में माल्यार्पण कर और साहेब बंदगी साहेब के उद्घोष के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

### बड़ौदा घाट में डूबे दो दोस्तों के शव बरामद

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के बड़ौदा घाट में शनिवार शाम नहाने के दौरान डूबे दो दोस्तों के शव रविवार को बरामद कर लिए गए। घटना के बाद पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने लगातार तलाशी अभियान चलाया था। स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव बरामद किये गये। मृतकों की पहचान शुभम कुमार और शशांक के रूप में हुई है। ये दोनों अपने तीसरे दोस्त पार्थ कुमार के साथ घाट पर नहाने गए थे।

### परसूडीह कांड में सौरव और रवि सुंडी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के परसुडीह में विगत 5 व 6 जून को घटित दो अलग अलग छिनतई मामले का उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है .इनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व छीने हुए फोन पर्स व नगद बरामद किये हैं। परसुडीह थाना क्षेत्र के प्रमथ नगर और हलुदबानी में 5 जून और 6 जून को बाइक सवार दो अपराधियों ने सुपर्णा कर व मीतु मुखर्जी की पर्स छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। वरीय पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर एक टीम का गठन कर परसुडीह पुलिस ने बिरसनागर निवासी सौरभ झिंगन व परसुडीह निवासी रवि सुंडी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से छिनतई की घटना में प्रयोग किए गए मोटरसाइकिल, एक पर्स मोबाइल फोन और 5200 नगद बरामद किया। विधि व्यवस्था डीएसपी तौकीर आलम ने बताया कि सौरभ झींगन और रवि सुंडी के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है।

# गरीबों के मसीहा हैं डॉ नागेंद्र सिंह, उनकी संवेदनशीलता सराहनीय : विधायक

- पोटका विधायक संजीव सरदार की पहल पर गंगा देवी की स्मृति में निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर
- 57 मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन, कुल 284 लोगों की हुई जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





मेडिकल कैंप के उद्घाटन समारोह में उपस्थित विधायक संजीव सरदार, डा नागेंद्र सिंह व अन्य अतिथि और एक बीमार बच्चे की जांच करते डा नागेंद्र सिंह।

**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के तेंतला पंचायत भवन में रविवार को गंगा मेमोरियल अस्पताल शंकोसाई के तत्वावधान में एवं वीर शहीद गंगानारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्व. गंगा देवी की स्मृति में पोटका के विधायक संजीव सरदार की पहल पर आयोजित हुआ। शिविर में कुल 284 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 57 मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार ने दीप प्रज्वलन एवं स्व. गंगा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में किए गए वादों के अनुरूप वे क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में चिकित्सा शिविर आयोजित करा रहे हैं। इस नेक कार्य को सफल बनाने में गंगा मेमोरियल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नागेंद्र सिंह का निरंतर सहयोग मिलता रहा है, जो गरीबों के लिए निःशुल्क सेवा कर रहे हैं। उन्होंने डॉ. सिंह के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि वे विगत 35 वर्षों से अपनी दिवंगत माता की स्मृति में आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का मुफ्त इलाज कर एक मिसाल कायम कर रहे हैं।

**विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दी निःशुल्क सेवा, फिजीशियन से डेंटल और गायनोलॉजिस्ट मौजूद**

शिविर में सर्जन डॉ. नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में कई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं दीं। इसमें प्लास्टिक सर्जन डॉ. ललित मिंज, गायनोलॉजिस्ट डॉ. मंजुला श्रीवास्तव, डॉ. पूजा कश्यप, ओरल डेंटल सर्जन डॉ. तापस बाला, डॉ. स्मारिका, फिजीशियन डॉ. पंपी, डॉ. मुकेश आदि शामिल रहे। सभी चिकित्सकों ने निःशुल्क जांच एवं परामर्श प्रदान किया।

**शिविर के संचालन में इनका रहा सक्रिय योगदान**

शिविर के सफल संचालन में पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, सुनील महतो, बबलू चौधरी, सुधीर सोरेन, जिकरूल होदा, श्याम चरण सरदार, अर्धेंदु गोप, गौरांग महाकुड़, कृष्णा सिंह सरदार, फूलचांद सरदार (लाल), प्रोरंजन सरदार, नरसिंह सरदार, मूरती गोप समेत कई स्थानीय नागरिकों की भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन सुरेश चौहान एवं धन्यवाद ज्ञापन चंद्रावती महतो ने किया।

## इप्टा ने रेखा जैन जन्मशती समारोह आयोजित की राष्ट्रीय संगोष्ठी

# बच्चों का बचपन बचाये रखने में बाल नाटक कारगर : कृति जैन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





सेमिनार में उपस्थित कृति जैन और बाल नाटक के मंचन का दृश्य।

**जमशेदपुर।** समाज बच्चों के ऊपर जिस तरह का दबाव डाल रहा है, उनका बचपन अब पहले जैसा नहीं रहा, बच्चों के बचपन को बचाए रखने के लिए बाल नाटक काफी प्रभावशाली हो सकती है। उपरोक्त बातें दिल्ली से आई रेखा जैन की छोटी पुत्री व नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की भूतपूर्व निदेशक कीर्ति जैन ने भारतीय जननाट्य संघ (इप्टा) के द्वारा रेखा जैन जन्मशती समारोह पर सेंटर फॉर एक्सीलेंस सभागार में आयोजित रेखा जैन का नियमित रंगकर्म और आज का बाल रंग कर्म विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान कही।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि रेखा जैन की जीवन की यात्रा काफी रोमांचक थी, वह काफी रूढ़िवादी परिवार से थी। आजादी के संघर्ष के दिनों में किसी भी महिला का सांस्कृतिक दल में शामिल होना बड़ी बात थी। उनका पहला हिंदी नाटक बंगाल के अकाल पर आधारित था। हिंदी रंगमंच में रेखा जैन जी का भी अहम योगदान है। हिंदी बोले जाने वाले राज्यों में से एक झारखंड के जमशेदपुर में रेखा जैन के योगदान को याद किया जाना हमारे परिवार के लिए काफी भावनात्मक है।

मुंबई से जमशेदपुर पहुंची इप्टा की राष्ट्रीय सचिव उषा आर्टले ने रेखा जैन की आत्मकथा याद घर के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि रेखा की के सम्पूर्ण जीवन से काफी कुछ सीखा जा सकता है। जीवनी को पढ़कर भारत में और विदेशों के बाल रंगमंच को जानना भी रोचक होगा। बच्चों के साथ काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जीवनी जरूर पढ़नी चाहिए, यह व्यक्तित्व को बदल देने वाला होगा। लखनऊ से आई सुमन श्रीवास्तव और पटना से आए तनवीर जी व अन्य ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान सात दिवसीय बाल रंग कार्यशाला में तैयार की गई रेखा जैन की नाटक पुस्तक घर और सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की नाटक लाख की नाक का मंचन भी होगा।

## हल्दीपोखर में शिव गाजन पूजा व छऊ नृत्य का भव्य आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**पोटका।** प्रखंड के हल्दीपोखर में पूर्व की भांति शिव गाजन पूजा और पारंपरिक छऊ नृत्य का आयोजन धूमधाम से किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में जाम डाली यात्रा, गरिया भार, तथा तीन छऊ नृत्य दलों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गयी। इस अवसर पर पोटका के विधायक संजीव सरदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयं यात्रा में भाग लेकर श्रद्धालुओं व भोक्ताओं का उत्साहवर्धन किया। विधायक ने कहा कि हल्दीपोखर की यह परंपरा क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसमें शिव भक्ति और छऊ नृत्य के माध्यम से जनआस्था की सुंदर अभिव्यक्ति होती है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि पार्षद सूरज मंडल समेत छोटे-छोटे बच्चों ने भी उपवास रखकर भोक्ता बन कर शिवजी के प्रति अपनी गहरी आस्था दिखायी।

## आशियाना आदित्या के छह दिवसीय समर कैंप के समापन में बच्चों ने खूब की मस्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सोसायटी के स्वीमिंग पुल में तैराकी का आनंद लेते बच्चे।

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित आशियाना आदित्य सोसाइटी में बच्चों के लिए छह दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों के रचनात्मक विकास को बढ़ावा देना और ग्रीष्मावकाश का रचनात्मक उपयोग सुनिश्चित करना था। आशियाना आदित्य परिवार की इस पहल में कुल 45 बच्चों ने भाग लिया और विविध गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैंप के दौरान योगा, चित्रकला एवं क्राफ्ट, कुकिंग, पौधारोपण, नृत्य, गीत और रिसायक्लाथॉन जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, अनुशासन और टीमवर्क का परिचय दिया। कार्यक्रम का एक विशेष उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को लेकर बच्चों में जागरूकता उत्पन्न करना भी था। इस संदर्भ में एक विशेष अपील माताओं से की गई कि वे बच्चों की सहायता करें और घर पर अनुपयोगी वस्तुएं जैसे टूटे-फूटे खिलौने, पुरानी स्टेशनरी, पुराने कपड़े, टिन के डिब्बे, खाली डियोड्रेंट बोतलें तथा इस्तेमाल की गई शैम्पू और फेस वॉश की ट्यूब आदि एकत्र करें।

## मानगो बालीगुमा में श्रीश्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य पूरा

- पांच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ
- भगवान नर्मदेश्वर शिवलिंग को कराया गया नगर भ्रमण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



शिवलिंग के नगर भ्रमण के दौरान मेजबान।

**जमशेदपुर।** मानगो के बालिगुमा बागान एरिया में मंदिर नहीं रहने की कमी बस्ती वासियों को अनेकों दिन से खल रही थी। घनी आबादी वाली बस्ती के लोगों को पूजा अर्चना करने के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था स्थानीय लोगों की समस्या देख लोगों ने अपने मोहल्ले में ही मंदिर बनाने का संकल्प लिया। मोहल्ले में जमीन नहीं मिल पाने के कारण कई वर्षों तक मंदिर बनने का सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। अंत में मोहल्ले के रहने वाले सिंचाई विभाग से सेवानिवृत नंदू प्रसाद ने अपनी एक कट्ठा जमीन मंदिर के लिए बस्ती वासियों को उपलब्ध करवाया। स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से मंदिर निर्माण का कार्य आरंभ किया जो पूरे एक वर्ष के बाद मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो गया।

## आदित्यपुर पुलिस एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान 16 पुड़िया ब्राउन बरामद

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला की आदित्यपुर पुलिस अपराधी एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार लगातार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चला रही हैं। इस दौरान एंटी चेकिंग का पॉजिटिव रिस्पांस भी देखने को मिल रहा है। बीती रात एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान आदित्यपुर पुलिस ने 16 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये हुए आरोपी का नाम सोनू सोनकर बताया जा रहा हैं। जिनके पास 16 पुड़िया ब्राउन शुगर व एक मोबइल बरामद किया गया हैं। जिसकी कुल वजन 3.42 ग्राम हैं। मिली जानकारी के अनुकसान आदित्यपुर पुलिस बीती रात आशियाना मोड़ के समीप एंटी क्राइम चेकिंग चला रहे थे। इसी दरमियान एक संदिग्ध व्यक्ति एंटी क्राइम चेकिंग को देखकर गम्हरिया की ओर भागने लगा। जहां वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं जवान द्वारा आरोपी खदेड़कर पकड़ा गया।

## झारखंड में अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं को और तेज करायेंगे: राजेश शुक्ल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश शुक्ला।

**जमशेदपुर।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और राज्य के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा है कि झारखंड में अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं को और तेजी से लागू कराया जायेगा। इस संबंध में झारखंड स्टेट बार काउंसिल कार्य योजना तैयार कर रही है।

श्री शुक्ल ने आज यहा कहा है कि आज इस भीषण गर्मी में कई जिला और अनुमंडल न्यायालयों में बेहतर आधारभूत संरचना नहीं रहने के कारण अधिवक्ताओं, और मुवक्किलों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । अधिवक्ताओं के लिए शुद्ध पेयजल ,महिला अधिवक्ताओं के लिए शौचालय, कॉमन रूम की वयवस्था आवश्यक है। श्री शुक्ल ने कहा कि आज भी घाटशिला, चांडिल, सरायकेला, चाईबासा और खूंटी, बुंडू तथा चक्रधरपुर में अधिवक्ता न्यायालय परिसर में बैठकर और कार्य निष्पादन करते हैं। उनके लिए बैठने की अच्छी व्यवस्था नहीं है जिससे अधिवक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

श्री शुक्ल ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईमेल भेजकर राज्य के सभी जिला और अनुमंडल न्यायालयों में वर्तमान परिस्थिति और समय को देखते हुए उसके अनुरूप आधारभूत संरचना बढ़ाने का आग्रह किया है। कल से ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जिला और अनुमंडल न्यायालय खुल रहे हैं।

श्री शुक्ल ने कहा है कि देश मे झारखंड एक मात्र ऐसा राज्य है जहा अधिवक्ताओं के लिए सबसे ज्यादा कल्याणकारी योजनाओं को झारखंड स्टेट बार काउंसिल चलाता है, लेकिन अभी भी हर जिला और अनुमंडल बार एसोसिएशनो में तकनीकी रूप से समृद्धशाली पुस्तकालय जहा विकसित कराने की जरूरत है वही सभी जिला और अनुमंडल में अधिवक्ता आवासीय कालोनियों के लिए भूखण्ड की आवश्यकता है जिस पर राज्य सरकार को विचार करना चाहिए। यह मांग राज्य सरकार के भू और राजस्व विभाग के पास लंबित है।

श्री शुक्ल ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को लिखा है कि झारखंड में राज्य सरकार ने भी अधिवक्ताओं के हित में कई कदम उठाए हैं लेकिन आज भी अन्य कई मांग राज्य सरकार के पास लंबित हैं। जिनमे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

## एक नजर में

### ठक्कर बप्पा मवि में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण कार्य का शिलान्यास



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के जिला योजना अनाबद्ध निधि से जमशेदपुर के धतकीडीह स्थित ठक्कर बाबा मध्य विद्यालय में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण हेतु रविवार को शिलान्यास किया गया। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के विधायक सचिव ब्रजेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरन महतो के प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा आदि ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया।

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और महामंत्री का अभिनंदन




**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद और महामंत्री आर के सिंह को मनिफिट स्पोर्ट्स क्लब में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने उन्हें अंग वस्त्र से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में धर्मेंद्र शर्मा, पंकज सिंह, राजेश सिंह, कुलवंत सिंह, बिशन सिंह, रविंद्र सिंह, सुजीत सिंह और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### राखा कॉपर ताम्र खदान के नियोजन मुद्दों पर पूर्व कर्मियों ने एचसीएल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोला



**जादूगोड़ा।** बंद पड़ी राखा कॉपर ताम्र खदान के नियोजन के मुद्दों पर भूतपूर्व कर्मचारियों की अनदेखी पर पूर्व कंपनी कर्मियों की राखा कॉपर पूजा पंडाल में सभा हुई। इधर इस सभा में भाजपा के ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह ने एच सी एल प्रबंधन के खिलाफ जमकर बरसे तथा कहा कि भूतपूर्व कर्मचारियों का बकाया राशि समेत उसके आश्रितों को नौकरी में कंपनी पहले प्राथमिकता दे अन्यथा इस खदान को खोलने नहीं दिया जायेगा। अंत में उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई भूतपूर्व कर्मचारियों का हक दिलाना है जिन्होंने खदान बंद होने का पीड़ा झेला है। बेटियों को शादी व बच्चों को पढ़ाई रुक गई। पैसे के अभाव में कई असमय मौत के गाल में चले गये। इस सभा में मनोज प्रताप सिंह, समेत भूतपूर्व कर्मचारियों की ओर से टी के राय, सास पुर प्रधान अरविंद भगत, भुलन ठाकुर, विश्वनाथ महतो, मनोज प्रताप सिंह हरे राम ओझा, लिटा राम मुर्मू, छुटू महतो, तापस मदीना, निवास गोप, दीपक कुमार दास,सपन दास, वीरेन भगत, तारा पदो कश्यप, गोकुल भगत, तेलब सिंह उपस्थित थे।

### स्वदेशी जागरण मंच का जिला सम्मेलन 15 को



**जमशेदपुर।** रविवार को स्वदेशी जागरण मंच की जिला सम्मेलन 2025 की तैयारी हेतु बिष्टुपुर के कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बताया गया कि जिला सम्मेलन में प्रसिद्ध अर्थ चिंतक डॉ धनपत राम अग्रवाल राष्ट्रीय सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहेंगे। जिला सम्मेलन 15 जून को चैम्बर भवन,बिष्टुपुर में आयोजित किया जायेगा। सुबह 9 .30 बजे से आयोजित सम्मेलन में जिला भर से 300 से अधिक प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा एवं स्वालंबन एवम् शहर के विभिन समस्यों को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा जिसे प्रशासन एवं जन प्रतिनिधि को अवगत कराया जाएगा। आज की बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया। बैठक में बंदे शंकर सिंह, मनोज सिंह, जटा शंकर पांडे, राजपति देवी, विकास जायसवाल, डॉ अनिल राय, के पी चौधरी, कंचन सिंह, अशोक कुमार, प्रवीण सिंह, उमेश सिंह, संजीत प्रमाणिक, संजीत सिंह, जय प्रकाश सिंह, देव कुमार, कौशल जी, गुरजीत सिंह, राजाराम उपस्थित थे।

### नारायण आइटीआई, चांडिल परिसर में पौधरोपण



**जमशेदपुर।** नारायण आई टी आई लुपुंगडीह चांडिल में विश्व पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। श्री पांडेय ने कहा कि 1972 में संयुक्त राष्ट्र ने स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर आयोजित सम्मेलन में इसकी स्थापना की थी। इस वर्ष, विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को मात दें। मौके पर चांडिल के नारायण आईटीआई परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर लोग पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित करते हैं। इनमें पौधरोपण, सफाई अभियान और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। इस दिन लोग प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, ऊर्जा बचाने, पानी बचाने और कचरा कम करने जैसे पर्यावरण के अनुकूल कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है जो हमें पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करता है। हमें पर्यावरण बचाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम में अधिवक्ता निखिल कुमार, जयदीप पांडे, शांति राम महतो, पवन महतो, अजय मंडल, प्रकाश महतो, मोहन सिंह, देवाशीष मंडल आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पत्रकार स्व सुनील विश्वकर्मा की स्मृति में जेवाईएसएस ने ली परीक्षा



**हुसैनाबाद पलामू।** पत्रकार सुनील विश्वकर्मा की स्मृति में जेवाईएसएस शिक्षा प्रकोष्ठ के द्वारा तकनीकी शिक्षा हेतु हुसैनाबाद क्षेत्र के तीन केंद्र सीता विद्यालय हरिहरगंज, बक्सी उच्च विद्यालय जपला एवं हैदरनगर आर के + 2 उच्च विद्यालय में संपन्न हुई। इस परीक्षा में 840 छात्रों ने भाग लिया। इसमें उत्तीर्ण छात्रों की 15 व 16 जून को हुसैनाबाद के टाउन हॉल में काउंसिलिंग होगी। उसके बाद चयनित 105 छात्र को तकनीकी शिक्षा के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप मिलेगी।

### आईपीएस अधिकारी सीमांत कुमार सिंह बने बैंगलोर के पुलिस कमिश्नर

**छतरपुर पलामू।** भागलपुर के रहने वाले और रांची में जन्मे 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी सीमांत कुमार सिंह बैंगलोर के पुलिस कमिश्नर बनाये गये। पदभार संभाल कर राज्य की जनता की सेवा में तत्पर हो गये हैं। उनके कई रिश्तेदार पलामू जिले में हैं। सीमांत का घर भले ही बिहार है, लेकिन ससुराल सिंगरा में है और मामा ससुराल पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के भैरवाडीह गांव में पड़ता है। पुलिस कमिश्नर बनते ही आईपीएस सीमांत के सगे साला समाजसेवी कैलाश सिंह ने बधाई दी है। बताया कि ये सदैव गरीबों के प्रति पुलिस की संवेदना उनके साथ रख कर अपनी सेवा देते हैं। हमलोग उम्मीद करते हैं की एक उत्कृष्ट पुलिस कमिश्नर के रूप में कर्नाटक सरकार में इनका कार्यकाल हो। साथ ही परिवार के सभी सदस्यों ने हर्ष जाहिर किया। मौके पर विजय सिंह, संजय सिंह, प्रभु सिंह, दीनबंधु सिंह, बैजनाथ सिंह आदि सभी परिवार ने शुभकामनाएं दी है।

### मोदी सरकार के समर्पण की पराकाष्ठा है विश्व बैंक की रिपोर्ट : अविनाश वर्मा




**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने गत दिन विश्व बैंक के द्वारा प्रकाशित अपनी ताजा रिपोर्ट में केंद्र सरकार की गरीबी निवारण के प्रयासों से संबंधित योजना और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरगामी सोच से संबंधित जो आंकड़े प्रस्तुत किये हैं वो विपक्ष में बैठे कुछ बड़बोले नेताओं के गालों पर करारा तमाचा है। कहा कि सरकार के स्थापना से लगातार भाजपा नित सरकार के सभी नीतियों का विरोध करते हुए देश में तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा देते आ रहे हैं। कहा कि 7 जून को विश्व बैंक द्वारा मोदी सरकार के कार्यकाल में मात्र 11 वर्षों के बीच अति निर्धनता से मुक्त हुए भारतीय नागरिकों की गरीबी रेखा से बाहर निकालने के प्रयासों की सराहना करते हुए बेहतर कालखंड माना है। विश्व बैंक आंकड़ा अनुसार 11 साल में करीब 17 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं जिसके फल स्वरुप भारत में गरीबों की संख्या करीब 27 से घटकर महज 5 प्रतिशत के आसपास रह गयी है। बीते दिनों भारत जापान को छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनामी बना और अब विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट इसका प्रतीक है कि मोदी सरकार के बीते दो कार्यकाल मिल का पत्थर साबित हुआ है।

### सगुना मुखिया की वित्तीय शक्ति जब्त

**पाटन पलामू।** सगुना पंचायत के मुखिया का वित्तीय शक्ति जब्त किया गया है। डीडीसी शब्बीर आलम ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर इसकी जानकारी दी है। पत्र में कहा गया कि वित्त मंत्री पाटन प्रखंड के पंचायत सगुना के 11 व्यक्तियों की सूची अबुआ आवास के पात्रता के सत्यापन हेतू उपलब्ध करायी गयी। जिसका सत्यापन जिला स्तरीय जांच दल से कराया गया। जांच में सात व्यक्ति ही योग्य पाये गये। मंत्री ने पत्र दिया कि पंचायत सगुना के महेंद्र सिंह तथा रेणु देवी को पक्का मकान, चार पहिया वाहन व सुखी संपन्न होने के बावजूद आवास का लाभ दिया गया। उक्त लाभुक वर्तमान मुखिया के रशितेदार हैं। मंत्री से प्राप्त शिकायत की जांच जिला स्तरीय टीम ने की। मंत्री का आरोप सही मिला। मुखिया ने अयोग्य व्यक्तियों को आवास दिलाया तथा योग्य व्यक्ति को इससे वंचित रखा गया है। अबुआ आवास में मुखिया ने मनमानी लाभुक चयन किया है। मुखिया से स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं है। डीडीसी ने पाटन के सगुना मुखिया की वित्तीय शक्ति तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की अनुशंसा की है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच मुस्लिम समुदायों ने अदा की ईद उल अजहा की नमाज



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व पूरी आस्था, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच प्रखंड के सभी मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में एकत्र होकर नमाज अदा की। नमाज के बाद मुल्क की सलामती, अमन और खुशहाली की दुआएं मांगी गयीं। मौके पर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखी। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता पुलिस बल के साथ प्रमुख नमाज स्थलों पर निगरानी करते चौकस देखे गये। इस बार का बकरीद यहां सिर्फ एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सद्भाव, एकता और अमन का प्रतीक बनकर उभरा।

### करर कला में महिला ने लगायी फांसी



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम करर कला ग्राम में लक्ष्मी देवी (30) वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार लक्ष्मी देवी पिता बंधन सिंह पाटन के करर कला ग्राम निवासी थी। मृतका की शादी 2016 में पाटन प्रखंड के बघुबर के तमवा टोला निवासी नारद सिंह के साथ हुई थी। लक्ष्मी अपने ससुराल से दो दिन पहले मायके आयी थी। लक्ष्मी रविवार की सुबह पूजा पाठ कर मोबाइल से पति से बात कर रही थी। उसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गयी है। मायके वालों ने बताया कि लक्ष्मी के ससुराल में झगड़ा चल रहा था। वह अपने पति से बातचीत के दौरान ही फांसी लगा ली। परिजन खोजबीन करने लगे तो वह फंदे से लटकी मिली। परिजनों ने बताया कि पति के बाहर जाने के बाद लक्ष्मी मायके आ गयी थी। वह महिला समूह से भी जुड़ी थी। उसने समूह से लोन पर स्कूटी ली थी। समाचार लिखे जाने तक फांसी लगाने का कोई ठोस कारण नहीं पता चल पाया है।

# राज्य सरकार को दलितों की कोई चिंता नहीं : सांसद

खबर मन्त्र टोली

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद बिष्णु दयाल राम ने प्रेस वार्ता कर कहा कि कांग्रेस और झामुमो के गठबंधन की सरकार के कथनी व करनी में अंतर है। हेमंत सरकार के मंत्री को ही सीएम को पत्र भेजकर यह याद दिलाना पड़ रहा है कि झारखंड राज्य में अनुसूचित जाति आयोग अस्तित्व में ही नहीं है। 17 वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति परामर्शदातृ परिषद के गठन के बाद भी परिषद सरकार की संचिका में दब कर रह गयी है। सांसद ने कहा कि इससे पता चलता है कि कांग्रेस व झामुमो की सरकार दलितों के बारे में कितना सोचती है। उनकी समस्याओं को कितनी गंभीरता से लेती है। सांसद ने आगे कहा कि कांग्रेस के मंत्री का यह पत्र केवल दिखावटी बयानबाजी है। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के 25 साल बाद से आज तक सबसे ज्यादा हेमंत सोरेन ही मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहे हैं। आज तक आयोग का गठन नहीं हो पाया है। दलितों के प्रति सीएम का रवैया निराशाजनक रहा है। झारखंड में एससी के कल्याण, संरक्षण और सामाजिक आर्थिक विकास के लिए रघुवर दास के नेतृत्व में जब झारखंड में भाजपा की सरकार बनी थी तब पहली बार शिवधारी राम को झारखंड एससी आयोग का अध्यक्ष बनाया गा था। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद हेमंत सरकार ने आज तक आयोग का गठन नहीं किया। झारखंड की स्थापना के बाद हेमंत सोरेन कई बार राज्य के मुख्यमंत्री बने यहां तक की जनता ने उन्हें लगातार दो बार राज्य का कमान सौंपा लेकिन उन्होंने झारखंड अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं किया। भाजपा शासित करीब सभी राज्यों में अनुसूचित जाति राज्य आयोग का गठन किया गया है। कहा कि छतीसगढ़ समेत सभी भाजपा शासित राज्यों में ऐसी परिषदें का मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित की गयी है जिसमें संबंधित विभागों के मंत्री, विधायक व अन्य प्रतिनिधि शामिल हैं।

- सबका साथ सबका विकास के तहत एससी समुदाय को मुख्यधारा में लाने के लिए नीतियां बनायी गयी
- स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत एससी व एसटी के उद्यमियों को व्यवसाय के लिए 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक के ऋण प्रदान किये गये



सांसद ने 11 वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में दलितों के कल्याण के लिए कार्यों का लेखा-जोखा देते हुए कहा कि केंद्रीय स्तर पर पीएम के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने गत 11 वर्षों में एससी समुदाय के उत्थान और कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं और पहल शुरू की है। इन प्रयासों का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक समावेशन को बढ़ावा देना है। सांसद ने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारे के तहत एससी समुदाय को मुख्यधारा में लाने के लिए नीतियां बनायी गयी। सांसद ने कहा कि एससी समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण व उद्यमिता के लिए स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत एससी व एसटी के उद्यमियों को व्यवसाय शुरू करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ तक के ऋण दिये। 19 जनवरी को एससी और एसटी लाभार्थियों को 7558 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित की गयी। इसका उद्देश्य एससी समुदाय के लोगों को उद्यमिता के अवसर देकर आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

### सांसद ने मुख्यमंत्री से किये कई सवाल

सांसद बीडी राम ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कई सवाल किये हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पता नहीं है कि झारखंड के किस भाग में कौन सी क्षेत्रीय भाषा बोली जाती है। उन्होंने सीएम से सवाल पूछते हुए कहा कि पलामू व गढ़वा का क्षेत्रीय भाषा क्या है। पलामू व गढ़वा में नागपुरी बोलनेवालों की संख्या कितनी है। सांसद ने कहा कि हेमंत सोरेन जब आप मुख्यमंत्री बने हैं क्या समस्या है आपको हम पलामू, गढ़वा वासियों से। सांसद ने कहा कि सीएम आप क्यों पलामू व गढ़वा जिले वासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। इस तरह जबरदस्ती किसी अन्य भाषा का बोझ हम पर थोपना क्यों चाहते हैं। क्या यह हमारी व हमारी मिट्टी का अपमान नहीं है। कहा कि पलामू व गढ़वा में क्षेत्रीय भाषा नागपुरी करना कहीं से उचित नहीं है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए एससी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत एससी समुदायों को लाभ प्रदान किया गया है। झारखंड में विभिन्न योजनाओं के लिए डीएपीएससी के तहत राज्य को राशि आवंटित किया गया है। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, शिव कुमार मिश्रा समेत कई लोग शामिल थे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है : डॉ प्रदीप वर्मा

- नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरा होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला
- संकल्प से सिद्धि की ओर एक मजबूत कदम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने 11 वर्षों में देश का कायाकल्प करने का काम किया है। चाहे गांव गरीब मजदूर किसान की बात हो या गांव से लेकर देश को विकसित करने की बात हो।



**ये रहे उपस्थित :** कार्यशाला में डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पूर्व विधायक पुष्पा देवी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम सिंह, अविनाश वर्मा, नरेंद्र पांडेय, विजयानंद पाठक व कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

मोदी सरकार स्वास्थ्य शिक्षा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी सभी वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जी ने भारत को विश्व स्तर पर एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभरने का भी कार्य किया है और आज स्पष्ट दिखाई पड़ता है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के बिना किसी प्रकार का निर्णय करने की स्थिति में नहीं है। केंद्र की मोदी सरकार अंतोदय विकास के साथ-साथ आत्मनिर्भर विकसित भारत बनाने का काम तेजी से कर रही है। इसका परिणाम है आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। मौके पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि देश में चहुंमुखी विकास का कार्य अग्रसर है। मोदी जी के नेतृत्व में देश का मान सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ रहा है। मोदी सरकार ने इन 11 वर्षों में सभी क्षेत्रों में विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। मेक इन इंडिया से देश के गरीब युवा किसान महिलाएं आत्मनिर्भर भी हो रही है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षो के कार्यकाल मे गरीबों के शौचालय आवास शिक्षा स्वास्थ्य जनकल्याण से लेकर उनको आत्मनिर्भर बनाने का लगातार भरपूर प्रयास किया जा रहा है सभी वर्ग समुदाय को इसका लाभ भी मिल रहा है। देश में आधारभूत संरचना को मजबूत करते हुए सभी क्षेत्रों में विकास तेजी से हो रहा है। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने किया।

### विधायक ने सतबरवा प्रखंड के ग्राम बारी का किया दौरा

# ग्रामीणों की समस्या का किया जायेगा समाधान : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** विधायक आलोक चौरसिया ने प्रखंड क्षेत्र के बारी गांव के ग्रामीण से मुलाकात कर समस्या से अवगत हुए तथा समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक श्री चौरसिया ने झारखंड सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अफसर बेलगाम हो गए हैं जिसके कारण गरीब तथा जरूरतमंद लोगों को कार्य नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि मइयां सम्मान योजना के नाम पर भी महिलाओं को ठगा जा रहा है।

प्रत्येक महीने खाते में राशि ट्रांसफर करने की बात कही गई थी मगर अधिकतर महिलाओं के खाते में पैसे नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में राज्य की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही हैं। विधायक ने क्षेत्र की जनता से आगामी 16 जून को स्वर्गीय अनिल चौरसिया के पुण्यतिथि में शामिल होने का आग्रह किया।

इस दौरान नंद किशोर राम के पुत्री के शादी में शामिल हुए तथा सदर प्रखंड क्षेत्र के सरजा पंचायत पिडिया गांव में सड़क दुर्घटना में मृतक रूपदेव उरांव तथा होटाई गांव के मृतक राजबली भुइयां के परिजनों से मुलाकात कर घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए आर्थिक सहयोग किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, महेश्वर सिंह, अमलेश चौरसिया, ज्वाला चौरसिया, सुरेंद्र चौरसिया, संजय यादव, मो. शमीम अंसारी व कई लोग उपस्थित थे।



आलोक चौरसिया, विधायक।

### यौन शोषण मामले का अभियुक्त गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** चार वर्ष पहले नाबालिग से यौन शोषन के मामले की पाटन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जिसके बाद नामजद अभियुक्त दिलीप महतो फरार था। कुर्की के उपरांत फरार दिखा कर उसके विरुद्ध आरोप पत्र समर्पित किया गया था। शनिवार को उसके साला की शादी थी तब पुलिस मौका देख रिश्तेदार बन घर के सदस्य के साथ घुल मिल गयी। फिर उसकी पहचान होने के बाद मौका देख फरार अभियुक्त को धर दबोचा। पाटन पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक पर पूर्व से ही यौन शोषण करने का मामला पाटन थाना में दर्ज था।

# पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण अनिवार्य : प्राचार्य

- जपला एके सिंह कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ए के सिंह कॉलेज जपला में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने गंधराज, चंपा, चमेली सहित अनेक पर्यावरण अनुकूल पौधे लगाये। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने कहा कि प्रकृति एवं मनुष्य में अन्योनाश्रय संबंध है। पर्यावरण की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

शुद्ध जल, वायु एवं वातावरण के लिए पौधा लगाना अति आवश्यक है। कहा कि पर्यावरण को बचाये रखना सबकी जिम्मेवारी है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रकृति को संतुलित रखने के लिए 33 प्रतिशत भू भाग पर वन का होना अनिवार्य है। इसलिए हम सबों का कर्तव्य पौधा लगाना है। साथ ही साथ हम सब अपने अपने जन्मदिन, विवाह उत्सव दिवस आदि अवसरों पर स्वयं पौधा लगाएं और दूसरे को प्रेरित करें। मौके पर परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर अशोक सिंह, बर्सर प्रोफेसर शशिभूषण सिंह, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राहुल सिंह, अकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह, प्रिंस सिंह, मनीष सिंह, निखिल सिंह, हीरालाल शर्मा, रिंकी कुमारी, पुष्पा कुमारी, शिवम कुमार, शुभम प्रकाश, खुशबु कुमारी, नेहा गुप्ता, सुकृति कुमारी, शोभा कुमारी मौजूद थीं।




कार्यक्रम के दौरान पौधे लगाते लोग।

### मिशन समृद्धि ने जरूरतमंदों को कराया भोजन



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि निरंतर वृद्धों, दिव्यांगों, रिक्शा चालकों जरूरतमंदों और पाठशाला के बच्चों के बीच भोजन बांटते आ रही है। जिसमें आरती श्रीवास्तव एवं नागरिकों के योगदान सराहनीय रहता है। आरती श्रीवास्तव अपने पति विनोद विहारी शरण की पुण्यतिथि पर पिछले साल की तरह इस साल भी बच्चों, बुजुर्गों, दोना पत्तल, दातून बेचने वालों के बीच भोजन का पैकेट वितरण करवाया। मिशन समृद्धि की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं है। गरीबों की मदद करने में सुकुन व आत्मसंतुष्टि मिलती है। उन्होंने भोजन उपलब्ध कराने के लिए आरती श्रीवास्तव व कार्यक्रम को सफल बनाने में शामिल सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कार और पिकअप वैन में टक्कर, कोई हताहत नहीं

- दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के बकोरिया में रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर रविवार को एक मारुति कार और पिकअप वैन में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए तथा पिकअप वाहन सड़क पर पलट गया। इससे आधा घंटा तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। घटना दिन करीब 1:30 की है। मौके पर मौजूद लोग राहत एवं बचाव के लिए दोनों वाहनों की ओर दौड़े और कार तथा पिकअप में सवार लोगों को बाहर निकाला। बताया गया कि सभी को मामूली चोटे आयी है। बताया जाता है कि सवार लोग डालटेनगंज से रांची जबकि पिकअप रांची से डालटेनगंज की ओर आ रहा था।



# नागपुरी थोपने का फैसला पलामू-गढ़वा की अस्मिता पर सीधा हमला : सूर्या सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा 2025 में पलामू और गढ़वा के लिए नागपुरी को क्षेत्रीय भाषा के रूप में घोषित करना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार का न केवल एक गलत फैसला है, बल्कि यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण भी है कि मौजूदा सरकार को पलामू और गढ़वा की सांस्कृतिक पहचान, भाषाई आत्मा और जनभावनाओं की कोई परवाह नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सूर्या सिंह ने इस फैसले को पलामू और गढ़वा की जनता का अपमान बताते हुए कहा कि यह केवल भाषा परिवर्तन नहीं, बल्कि हमारी भाषाओं मगही और भोजपुरी को दबाने और हमारी सांस्कृतिक विरासत को मिटाने की साजिश है। सदियों से यहां के लोग इन्हीं भाषाओं में सोचते, बोलते और जीते आये हैं। नागपुरी को थोपना इस क्षेत्र के साथ घोर सौतेला व्यवहार है। सूर्या सिंह ने यह भी कहा कि इस निर्णय से साफ हो गया है कि सरकार जानबूझकर पलामू और गढ़वा को मुख्यधारा से काटना चाहती है। यदि आज हमारी भाषाओं को शिक्षा और प्रशासन में स्थान नहीं मिला, तो कल हमारा प्रतिनिधित्व भी समाप्त हो जायेगा।



सूर्या सिंह, भाजपा नेता।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करनेवाले दो युवक गिरफ्तार



**छतरपुर पलामू।** प्रखंड में एक नाबालिग को युवकों के जबरन बाइक में बैठाकर भागने व उनके साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नाबालिग के परिजनों के आवेदन के आधार पर छतरपुर थाना में कांड दर्ज किया गया। छतरपुर पुलिस कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। गिरफ्तार युवकों में अफसर अंसारी पिता एजाज अहमद व बिलाल अंसारी पिता कुदूर अंसारी दोनों ग्राम चेगौना थाना छतरपुर शामिल है। छतरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिग के परिजनों ने छतरपुर थाना में छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को पकड़ लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने युवकों की मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। छापेमारी दल में छतरपुर पुलिस शामिल थी।

# चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का चुनाव 29 को

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का पलामू जिला इकाई व झारखंड प्रदेश का आगामी सत्र 2025-28 का चुनाव कराने के लिए दिनांक 8.6.2025 दिन रविवार को बेलवाटिका मेदिनीनगर में चंद्रवंशी समाज की एक बैठक आहूत की गयी। जिसमें झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी सुबोध कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि सुबोध कुमार को उपस्थित चंद्रवंशी समाज के लोगों ने फूल का माला पहनकर स्वागत किया।

आज की बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि व झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी ने कहा कि दिनांक 29 जून 2025 को मेदिनीनगर के पलामू क्लब में चुनाव सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक संपन्न किया जायेगा। उसी दिन 5 बजे शाम चुनाव के नतीजे भी घोषित हो जायेंगे।

निष्पक्ष चुनाव के लिए चंद्रवंशी समाज के पांच व्यक्तियों की एक जिला स्तरीय समिति बनी। संजय किशोर सिंह जिला चुनाव प्रभारी बने। कृष्ण कुमार, संतोष कुमार अधिवक्ता, संतोष कुमार चंद्रवंशी, व गौतम चंद्रवंशी को सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न करने के लिए जिम्मेदारी दी गयी। बैठक में रंजन सिंह चंद्रवंशी, संजय किशोर सिंह, कृष्ण कुमार, संतोष कुमार अधिवक्ता, संतोष चंद्रवंशी, शंभू नाथ राम, विजय कुमार, कांती चंद्रवंशी, रीना देवी, मुकेश कुमार, प्रेम कुमार आदि उपस्थित थे।



अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश चुनाव प्रभारी को सम्मानित करते लोग।

# हुसैनाबाद में शराब दुकानों की धांधली और उत्पाद अधीक्षक की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

- हेमंत सरकार में अपराधियों की बल्ले बल्ले, हेमंत हैं तो हिम्मत है : अजय गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू।** हाल ही में झारखंड सरकार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने झारखंड के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को राज्य में कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं । दूसरी हुसैनाबाद में शराब दुकानों की गुंडागर्दी व अधिक मूल्य पर बेचने एवं जनता का जबरन आर्थिक शोषण करने, सरकार के राजस्व को क्षति पंहुचाने, सड़क की मुख्य चौराहा लोकनायक जयप्रकाश की प्रतिमा स्कूल कॉलेज तथा बस स्टैंड व स्टेशन से महज 100 मीटर के दूरी पर शराब की दो दुकान संचालित हो रही हैं। जिससे आये दिन ग्राहकों व सेल्समैन के द्वारा बाहरी लोगों को बुला कर ग्राहकों के साथ मारपीट करने की खबर सुर्खियों में रह रही हैं। लेकिन उत्पाद अधीक्षक पलामू संजीत देव जी की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होना एवं चुप्पी साधना, पूर्व में 17 लाख के गबन का मामला हुसैनाबाद थाना में दर्ज होने के बाद भी पुलिस प्रशासन की विफलता और उत्पाद विभाग की इन शराब तस्करों के साठ गांठ की ओर इशारा करती है।



बता दें कि हुसैनाबाद में बीते दिनों शराब दुकान के सेल्समैन व बाहरी गुंडों द्वारा एक ग्राहक पर जान लेवा हमला की खबर जिले के अखबार व न्यूज चैनलों में चली, इस संबंध में **खबर मन्त्र** ने जिले के वरीय पदाधिकारी संजीत देव से वार्ता की थी जिसमें उन्होंने मीडिया के सामने मामले की जांच का भरोसा दिया था लेकिन बिगत दो दिन बीत गये, अभी तक उत्पाद विभाग की क्या कार्रवाई हुई यह किसी को नही पता हैं। बल्कि स्थानीय थाना ने शराब दुकानदारों के पक्ष में उल्टा पीड़ित पक्ष पर संगीन आपराधिक धाराओं में केस कर दिया। लेकिन हुसैनाबाद में लगातार बढ़ती अपराध व गुंडागर्दी के विरुद्ध जनता अब गोलबंद होने लगी हैं। इस संबंध में भाजपा के मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने तंज कसते हुए मीडिया को बताया कि वर्तमान हेमंत की सरकार में अपराध चरम सीमा पर हैं, विधि व्यवस्था पूरी तरह फेल हैं । जनता का शोषण चारो तरफ से किया जा रहा हैं। इस सरकार में शराब माफिया, बालू माफिया ,आदि सभी लोगो का बोल बाला हैं। लोग प्रशासन से शिकायत करते हैं प्रशासन माफियाओं से मिला रहता हैं जनता का एक कार्य ब्लॉक से लेकर थाना व अस्पताल तक फ्री नही हो रहा हैं। सभी बेलगाम हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत हैं तो सबका हिम्मत है।

स्पीड न्यूज

# कबड्डी में मोरबे की बालक और बालिका टीम बनी चैंपियन

जिला स्तरीय अंडर-18 कबड्डी प्रतियोगिता

14 से 15 जून तक बोकारो में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

खबर मन्त्र टोली

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के मोरबे हाई स्कूल प्रांगण में गढ़वा जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित फर्स्ट जिला स्तरीय अंडर-18 बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में मोरबे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए, दोनों वर्गों में चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। बालक वर्ग में मोरबे ने गढ़वा को 8 अंकों से हराया, वहीं बालिका वर्ग में मोरबे ने भवनाथपुर को 6 अंकों से मात दी। प्रतियोगिता 14 से 15 जून तक बोकारो में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन का आधार थी। विजेता टीमें 13 जून को रवाना होंगी। यह आयोजन गढ़वा जिला कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष सोनामाथ शाह और संतोष कुमार मौर्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सचिव राजू राव ने उम्मीद जताई कि गढ़वा की टीमें राज्य स्तर पर भी चैंपियन बनेंगी।



कबड्डी खेलते खिलाड़ी।

## केतार के श्याम बिहारी का इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग 6 में चयन

**केतार।** इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग 6 में केतार प्रखंड के श्याम बिहारी राम का चयन होना गढ़वा जिले के लिए गौरव का क्षण बन गया है। 95 प्रतिशत दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने अपनी प्रतिभा से साबित कर दिया कि हौसले के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। श्याम बिहारी राम का चयन उत्तर प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में हुआ है और वे दिल्ली के द्वारका स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के मैदान में होने वाले यूपी बनाम मुंबई मुकाबले में खेलेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर दिव्यांग संघ के प्रखंड अध्यक्ष रविकांत चंद्रवंशी समेत स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्याम बिहारी की सफलता ने जिले के दिव्यांगों को नयी प्रेरणा दी है।



श्याम बिहारी राम।

## कांडी थाना की टीम तीन रन से विजयी

**कांडी।** हाई स्कूल +2 मैदान में कांडी थाना बनाम आम जनता के बीच रोमांचक क्रिकेट मुकाबला खेला गया। कांडी थाना टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 90 रन बनाये। जवाब में जनता की टीम 87 रन ही बना सकी और प्रशासन की टीम ने 3 रन से जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत थाना प्रभारी अविनाश राज ने बाउंड्री लगाकर की। मैच के बाद उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल और विश्वास का माहौल बनता है। युवा संघर्ष सेना के केंद्रीय अध्यक्ष झूना सिंह ने विजेता थाना टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर एसआई अरुण पासवान, चौकीदार दीपक कुमार समेत कई खेल प्रेमी मौजूद थे।



ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि।

## कॉफी विद एसडीएम में दानरो नदी संरक्षण पर होगा विशेष संवाद

**गढ़वा।** सदर एसडीओ संजय कुमार के नेतृत्व में प्रत्येक बुधवार को आयोजित कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम का अगला सत्र 11 जून को सुबह 11 बजे होगा। इस बार यह संवाद कार्यक्रम दानरो नदी के संरक्षण को समर्पित रहेगा। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि दानरो नदी लगभग पूरी तरह से सदर अनुमंडल क्षेत्र से होकर प्रवाहित होती है, इसलिए इसके संरक्षण की जिम्मेदारी यहां के लोगों की है। नदी पनघटवा डैम से निकलकर 30 से अधिक गांवों से गुजरती है और बेलचंपा में कोयल नदी से मिलती है। उन्होंने इन सभी गांवों के पर्यावरण प्रेमियों और समाजसेवियों से इस संवाद में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम में निजी समस्याओं के साथ-साथ दानरो महोत्सव की वार्षिक योजना पर भी सामूहिक विमर्श किया जायेगा। एसडीएम ने कहा कि यह भागीदारी पूर्णतः स्वैच्छिक है लेकिन दानरो नदी के भविष्य के लिए यह जरूरी है।

## स्मार्ट स्टडी पॉइंट में मना प्रतिभा सम्मान समारोह

**राहे।** प्रखंड के लोवाहातू गांव के समार्ट स्टडी पॉइंट कोचिंग संस्था में मैट्रिक उत्तीर्ण पंचायत के टॉप दस छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व शिक्षक कैलाश महतो, हरेकृष्ण महतो, छात्र नेता राजू महतो, गोविंद सिंह मुंडा, लविन महतो, सुधीर कुमार, शेख नेशार, संस्था के निदेशक परमेश्वर महतो ने संस्था के उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र तिलोतमा कुमारी, मौसमी दत्ता, सरस्वती कुमारी, कुसुमकाली कुमारी, परमेश्वर मुंडा, मो जावेद आजाद, सरिता कुमारी, ममता कुमारी, बिनीता कुमारी, सेख नवाज, शंकर कजी, सुमित महतो, दशमी कुमारी समेत कोई छात्र को मोमेंटो, मेडल और प्रमाण पत्र देकर देकर सम्मानित किया।

## हर गांव में नियुक्त होंगे मड़िला महतो : शीतल

**सोनाहातू।** बारुहातू गांव में रविवार को टोटेमिक कुड़मी/ कुरमी विकास मोर्चा का सोनाहातू प्रखंड पंचायत प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक करम सिंह महतो की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार और विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मिडिया प्रभारी सखीचंद महतो, केंद्रीय प्रवक्ता ललित मोहन महतो, केंद्रीय संरक्षक क्षेत्र मोहन महतो मौजूद रहे। बैठक में ओहदार ने कहा कि कुड़मी एसटी के लड़ाई के साथ साथ हमें अपने अधिकार के प्रति सचेत रहना है। होने वाले आगामी जनगणना में जाति के कॉलम में कुड़मी और भाषा में कुड़माली ही लिखना है। उन्होंने कहा कि सोनाहातू प्रखंड के प्रत्येक गांव में मड़िला महतो का अतिशिघ्र चयन किया जायेगा। मड़िला महतो कुड़मी घर के सभी सामाजिक गतिविधियों का संचालन पारंपरिक विधि से संपन्न करायेगा। बैठक में सदानंद महतो, उमेश चंद्र महतो, पद्मलोचन महतो, हराधन महतो, सुभाष चंद्र महतो, नरेंद्र नाथ महतो, बुद्धदेव महतो, मोतीलाल महतो, शांत प्रसाद महतो, जगदीश कुमार महतो, भवतारण महतो, विभूति भूषण महतो, विशेश्वर महतो, धीरेन महतो, करम सिंह महतो, अनिल कुमार महतो आदि शामिल रहे। इस बैठक में प्रखंड के 14 पंचायत में से 12 पंचायत के प्रभारी नियुक्त हुए।

## रातू : हुरहुरी तालाब में डूबने से विवेक की मौत

**रातू।** थाना क्षेत्र के हुरहुरी में रविवार को दिन के करीब तीन बजे तालाब में नहाने के दौरान मासूम 10 वर्षीय विवेक महतो की डूबने से मृत्यु हो गयी। वह सुमेश महतो का पुत्र था। 28 फरवरी 2021 को आज ही के दिन उसके बड़े भाई 8 साल के विकास महतो व गुरुदेव उरांव का पुत्र 6 साल के प्रिंस उरांव का उसी तालाब में डूबने से मौत हो गयी थी। इसके ठीक पांचवें साल विवेक के निधन ने उसके परिजनों को झकझोर कर रख दिया है। मृतक के माता-पिता व ग्रामीणों ने बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। ग्रामीणों की भावना को देखते हुये थानेदार आरएन सिंह ने वरीय अधिकारियों से निर्देश प्राप्त कर शव का अंतिम संस्कार किये जाने की अनुमति दे दी है।

# दो बस एजेंटों में झड़प, एक एजेंट घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतराज्यीय बस अड्डा शनिवार की देर रात अचानक गोलियों की आवाज से दहल उठा। देर रात करीब 10 बजे दो बस एजेंटों के बीच यात्रियों को बैठाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस झड़प में एक एजेंट गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना में घायल एजेंट की पहचान सदर थाना क्षेत्र के भरत केशरी के पुत्र सोनू केशरी (30 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोनू बस में पैसेंजर बैठा रहा था, तभी दो अन्य व्यक्ति वहां पहुंचे और उसे यात्रियों को बैठाने से मना करने लगे। जब सोनू ने विरोध किया तो उनमें से एक ने पिस्टल निकालकर उसके पिछले हिस्से से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इतना ही नहीं हमलावर ने उसे धमकी दी कि यदि उसने घटना की जानकारी किसी को दी तो उसे जान से मार दिया जाएगा। डराने के मकसद से हमलावर ने हवाई फायरिंग भी की और मौके से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज से बस स्टैंड पर अफरा-तफरी मच गई। घायल सोनू को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना परिजनों को दी गई, जिन्होंने थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि बस स्टैंड पर पैसेंजर बैठाने को लेकर दो एजेंटों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें एक एजेंट घायल हो गया है। गोली चलने की पुष्टि के लिए जांच जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने और आरोपियों की पहचान में जुट गई है।



घायल एजेंट सोनू।

## सैलून में सुरंग बनाकर चोरी दो दिन में तीन दुकानें टारगेट

**भवनाथपुर।** प्लस टू हाई स्कूल गेट के समीप स्थित एक सैलून में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर हजारों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। सैलून मालिक संजय कुमार ने बताया कि चोरों ने दुकान के पिछले हिस्से में मिट्टी खोदकर सुरंग बनायी और अंदर घुसकर बैटरी, मिनी होम थियेटर, ट्रिमर, कीमती शेविंग क्रीम के साथ बक्से में रखे 2000 रुपये चोरी कर लिए। चोरी की जानकारी रविवार सुबह हुई जब संजय ने दुकान का शटर खोला और अंदर सामान बिखरा हुआ देखा। पुलिस को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और लिखित शिकायत दर्ज की। गौरतलब है कि दो दिन पहले इसी इलाके में इम्तियाज अंसारी की सब्जी दुकान से एक पेटी शिमला मिर्च, दो पेटी टमाटर और मनु अंसारी की मुर्गी दुकान से करीब 5000 रुपये मूल्य की मुर्गी चोरी हो चुकी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।





## एक नजर में

## मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया चार आंगनबाड़ी केंद्र और एक पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**चान्हो।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को चान्हो प्रखंड में 4 आंगनबाड़ी केंद्र और एक पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने चान्हो प्रखंड के नुन्दू, मसमानो, रकाडीह और ओपा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का वहीं चान्हो के चटवल में अखरा से लेकर सरहुल अंबा तक पीसीसी सड़क निर्माण की आधारशिला रखी। शिलान्यास के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास एक-दो दिन या एक दो योजना की प्रक्रिया नहीं, ये निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसमें जन प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मौके पर चान्हो के बीडीओ, सीडीपीओ, के अलावा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, पीसीसी डेलीगेट दिलीप सिंह, इरशाद खान, समाजसेवी अजित कुमार सिंह, महादेव उरांव, जीवन तिर्की, नरुवा उरांव, चरवा उरांव सहित भारी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## फुटकलटोली में युवक पर जानलेवा हमला घायल

**रातू।** थाना क्षेत्र के फुटकलटोली निवासी एहसान अंसारी का पुत्र आशिक अंसारी ने रविवार की सुबह 10 बजे सिमलिया के 24 वर्षीय नौशाद आलम पर सरिया से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोटें आयी है। जबकि, उसका दाहिना हाथ भी टूट गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। वहां उसे न्यूरो सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी के भाई गुलजार अहमद के बयान पर रातू थाने में आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, पुलिस इसकी जांच कर रही है।



**कैसे घटी घटना :** आशिक आपराधिक प्रवृति का है। हाल ही में वह जेल से बाहर आया है। नौशाद पैदल ही काठीटांड चौक की ओर आ रहा था। सड़क किनारे ही उसका घर है। जैसे ही नौशाद वहां पहुंचा, वह उस पर रॉड से हमला बोल दिया। इससे उसका हाथ क्षतिग्रस्त हो गया। इतने में आरोपी ने कमर से पिस्टल निकाल बट से उसके सिर पर वार किया। इससे वह बेहोश हो गया। सूचना मिलने पर परिजन आये और उसको सीएचसी पहुंचाया।

## रामकृष्ण मिशन आश्रम ने लगाया निःशुल्क शिविर

**मांडर।** प्रखंड के चरकी गांव में रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मौजूद रामकृष्ण मिशन आश्रम के राजू महाराज और नेत्र चिकित्सक डॉ लवकेश की अगुवाई लगभग 100 मरीजों का नेत्र जांच की गयी और उन्हें चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। इस दौरान 6 मरीजों का चयन मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन के लिए किया गया। इन लोगों को आगामी 11 जून बुधवार को रांची कोकर स्थित आरोग्य अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर का आयोजन समाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद सूर्य देव के प्रयास से किया गया था।

## संत जॉन बियानी चर्च में परम प्रसाद ग्रहण कार्यक्रम

**चान्हो।** संत जॉन मेरी बियानी चर्च चान्हो में रविवार को पहला परम प्रसाद ग्रहण करने वाले बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 58 बच्चों (24 लड़के और 34 लड़कियां) ने पहला परम प्रसाद ग्रहण किया। चान्हो पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर अल्बर्ट लकड़ा ने धार्मिक अनुष्ठान के बाद बच्चों को पहला परम प्रसाद प्रदान कराया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज माता कलीसिया का जन्म दिन है। पवित्र यूखारिस्त हम विश्वासियों का केंद्र बिंदु है। प्रथम परम प्रसाद लेने वाले बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 58 बच्चों ने येसु खीस्त को अपने जीवन में पहली बार ग्रहण किया है। प्रभु हमेशा इन बच्चों को आशीष प्रदान करते रहे और इन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे। मौके पर फादर अल्बर्ट, फादर अनुज, संत जॉन मेरी बियानी पल्ली के सहायक पल्ली पुरोहित ब्रदर समीर, धर्म बहनें सहित बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी मौजूद थे।

## बारीडीह और सेमरा गांव में दो दिनी 12 वर्षीय संगी भईयादी महोत्सव का आयोजन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के सेमरा गांव में रविवार को 12 साल में एक बार होनेवाला दो दिवसीय वार्षिक 12 वर्षीय संगी भईयादी महोत्सव 2025 का आयोजन गया। इस दौरान सेमरा गांव स्थित अखरा स्थल से ग्रामीणों ने ढोल,ढाक, मांदर,नगाड़ा, शहनाई व झण्डा के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाला। जो परंपरागत नाच गान के साथ सेमरा का संगी गांव बारीडीह के लिए प्रस्थान किया। यह शोभायात्रा सेमरा,केशा मोड़, तेतरटोली व बेड़ो होते हुए बारीडीह पहुंचा। जहां संगी गांव बारीडीह गांव के ग्रामीणों ने ढोल, ढाक, मांदर नगाड़ा व झण्डा के साथ सेमरा गांव के ग्रामीणों का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद दोनों गांव के संगी भाई परंपरागत नाच गान करते हुए अखरास्थल पर पहुंचे। जहां रात में सामूहिक भोज के बाद एक बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि यह महोत्सव 12 साल में एक बार मनाया जाता है। जो जनजातिय क्षेत्र में संगी भाई की महिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने का अनमोल प्रेरणा देता है। यह महोत्सव हमारी परंपरा का विरासत है। जिसे सहेज कर रखना हमारा कर्तव्य है। ग्रामीणों ने कहा कि यह महोत्सव हमें मानव समाज में मानवीय मूल्यों, मानवता,सौहार्द, सहिष्णुता, समरसता, एकता और आपसी भाईचारा को एक सूत्र में बांधकर मानवीय जीवन जीने का पाठ पढ़ाता है। यह समारोह रविवार को संगी गांव बारीडीह से सेमरा गांव के ग्रामीणों की विदाई के बाद समाप्त हो गया। इसे सफल बनाने में मुखिया सुशांति भगत, सुशील भगत, सुभाष उरांव, सुका उरांव, जतरु उरांव, बोलको उरांव, सुकरा पहान, गंदुरा उरांव, पुजार रमेश उरांव, दिलीप उरांव, सदनु उरांव, तीर्थदेव महतो, बोले उरांव, चरवा उरांव, सुमित उरांव, अमित उरांव, अजय उरांव थे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान वैज्ञानिक पहुंचे किसानों के द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** झारखंड राज्य में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में लोहरदगा जिले के विभिन्न गांवों ऊतका, कैरो, एडादोन, किसानों के द्वार पर जाकर उनसे सीधा संवाद रविवार को किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, लोहरदगा, आईसीएआर राष्ट्रीय कृषि उच्चतर संस्थान, तथा आईसीए आर प्लांडु के वैज्ञानिकों की टीम ने तकनीकी पोस्टर, फोल्डर आदि के प्रदर्शन के माध्यम से उन्हें खरीफ-पूर्व कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान की। डा. सुषमा ने खरीफ मौसम में खेती के दौरान किसानों की सामान्य समस्याओं जैसे - धान की उन्नत खेती, वर्षा की अनिश्चितता, कीट और रोगों का प्रकोप तथा सिंचाई की कमी आदि से निपटने के लिए उन्नत तकनीकियों के बारे में किसानों को अवगत कराया। डॉ नंदकिशोर ने किसानों को सेमियालता के पौधों पर लाख की खेती करने की संभावनाओं के बारे में अवगत कराया। लोहरदगा परिसर में लाख पोषक वृक्ष जैसे कुसुम, बेर, पलास के अभाव के कारण, सेमियालता एक प्रभावी विकल्प हैं।



## गंगा दशहरा पर शिवलिंग स्थापित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** ज्येष्ठ शुक्ल दशमी, गंगा दशहरा, गायत्री प्राकट्य दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवादा ग्राम स्थित सरस्वती नदी के छठ घाट पर शिवपूजन प्रसाद के सौजन्य से शिवलिंग की स्थापना कर धार्मिक वातावरण का सृजन किया गया। पूर्व संध्या पर रामचरित मानस का अखंड पाठ भी आयोजित हुआ। निर्जला एकादशी के दिन अपने पिता की पुण्यतिथि पर शिवपूजन प्रसाद ने जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित कर सेवा भावना का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि ईश्वर का दिया ही सब कुछ है, हमारा कर्तव्य है कि अपने सत्कर्मों के माध्यम से कृतज्ञता प्रकट करें। ज्ञात हो कि पूर्व मार्केटिंग ऑफिसर और ब्रह्मदेव साह मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी शिवपूजन प्रसाद सेवा और संस्कार के कार्यों में लगातार संलग्न रहते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को प्रेरणा देने के लिए हमें भी राजा-महाराजाओं की तरह मानवता के हित में योगदान देना चाहिए।



शिवलिंग स्थापना करते शिवपूजन प्रसाद।

## सीआरपीएफ जवान ने पत्नी संग रक्तदान कर बचायी थैलेसीमिया के मरीज की जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सीआरपीएफ के जवान पंकज चौबे एवं उनकी धर्मपत्नी ममता चौबे ने रविवार को सदर अस्पताल में रक्तदान कर थैलेसीमिया से ग्रसित दो बच्चों की जान बचायी। एक बच्चा खरौंधी प्रखंड के रारी गांव का रहने वाला है। जबकि दूसरा चिनियां प्रखंड का है। सीआरपीएफ 172 बटालियन गढ़वा के जवान पंकज चौबे ने बताया कि उन्होंने ओ पॉजिटिव तथा उनकी धर्मपत्नी ने बी पॉजिटिव ब्लड दिया। उन्होंने कहा कि वे हर वर्ष अपने शादी की सालगिरह पर रक्तदान करते हैं। उन्होंने अब तक 40 यूनिट रक्तदान किया है जबकि उनकी धर्मपत्नी पांच यूनिट रक्तदान कर चुकी है। श्री चौबे ने बताया कि वह दूसरे दिन रक्तदान करने वाले थे लेकिन जब उन्हें सूचना मिली कि सदर अस्पताल में थैलेसिमिया से पीड़ित एक ओ पॉजिटिव एवं एक बी पॉजिटिव बच्चे को ब्लड नहीं मिल रहा है और ब्लड के अभाव में उनकी जान जा सकती है। वे दोनों अविलंब सदर अस्पताल पहुंच गये और रक्तदान किया। रक्तदान के बाद श्री चौबे ने अपने सामने ही दोनों बच्चों को ब्लड चढ़वाया। इसके बाद नाजुक बनी दोनों बच्चों को स्वास्थ्य में तेजी से सुधार आने लगा। श्री चौबे और उनकी धर्मपत्नी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि दो बच्चों की जान बचाकर अपने आप को बड़ा सौभाग्यशाली मानते हैं।



रक्तदान करते।

## सेवा भारती के 156वें सप्ताह लगे शिविर में हुई 48 लोगों की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगातार 156 वाँ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,सहसचिव संजय चौधरी एवं अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 48 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी.पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देते हुए कहा की अब तक 7580 लोग इस स्वास्थ्य शिविर से लाभान्वित हुए है और हमारा प्रयास रहेगा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेवा दे सकें।





# बकरीद शांतिपूर्ण मनाये जाने पर सभी का आभार : डॉ ताराचंद

- उपायुक्त ने प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी, मीडिया और आमजनों का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने ईद-उल-अजहा/बकरीद को लोहरदगा जिला में शांतिपूर्ण मनाये जाने पर सभी प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सद्भावना मंच के सदस्य, शांति समिति के जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय सदस्यों, मीडियाकर्मियों, समाज के प्रबुद्धजनों, बुद्धिजीवी मंच, आमजनों व सभी समुदाय के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला में बकरीद का त्यौहार बहुत ही शांतिपूर्ण, प्रेम और आपसी सद्भाव के साथ मनाया गया। यही समरसता है। लोहरदगा जिला हमेशा से लोगों के बीच आपसी प्रेमभाव के लिए जाना जाता रहा है। जिला प्रशासन को पूर्ण भरोसा है कि आगामी त्यौहारों में भी आप सभी इसी तरह का सहयोग देते रहेंगे। उपायुक्त ने जिला के प्रशासनिक पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों का धन्यवाद है जिनकी बदौलत असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सकी। सभी महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर दण्डाधिकारी व पुलिस बल तैनात किए गए और सभी की सतर्कता की वजह से ही किसी प्रकार की अनहोनी पर नजर रखी जा सकी। सभी ने बेहतर कार्य किया। जन प्रतिनिधिगण हमेशा से आमजनों के बीच उनके सुख-दुःख में सहभागी रहे हैं जिसका लाभ समाज को हमेशा मिलता रहा है। इसके लिए सांसद, विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्यों, प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्यों, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि का विशेष धन्यवाद है। शांति समिति के सदस्य प्रत्येक बार प्रखंड व जिला स्तर पर आयोजित होने वाले बैठकों में जिला प्रशासन का प्रमुख हिस्सा रहे हैं। शांति समिति के सदस्यों का विशेष धन्यवाद है जिन्होंने असामाजिक तत्वों के अफवाहों को रोकने में और सामाजिक सद्भाव व शान्ति बनाये रखने में जिला प्रशासन की मदद की। उपायुक्त ने कहा कि एक बार फिर से लोहरदगा जिलावासियों ने बता दिया कि इस जिला में आपसी सांप्रदायिक एकता व सद्भाव के कारण गंगा-जमुनी तहजीब अब भी कायम है।





डीसी कुमार ताराचंद।

# घटती गरीबी?

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में चरम गरीबी तेजी से घटी है। 2011-12 में जहां देश की 27.1% आबादी चरम गरीबी में थी, वहीं 2022-23 में यह आंकड़ा घटकर सिर्फ 5.3% रह गया है। यानी पिछले 11 वर्षों में बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। इस दौरान, चरम गरीबी में जीने वालों की संख्या 344.47 मिलियन से घटकर 75.24 मिलियन रह गई। यह आंकड़े 2021 के पर्चेजिंग पावर पैरिटी के अनुसार तय की गई 3 डॉलर प्रतिदिन की गरीबी रेखा पर आधारित हैं। 2011-12 में भारत की कुल चरम गरीब आबादी का 65% हिस्सा सिर्फ पांच राज्यों–उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश–में था। यही पांच राज्य 2022-23 तक गरीबी में आई कुल गिरावट में दो-तिहाई योगदान के लिए ज़िम्मेदार रहे। विश्व बैंक के मुताबिक, भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी की दर 2011 से 2022 के बीच 18.4% से घटकर 2.8% रह गई है। वहीं, शहरी इलाकों में यह दर 10.7% से घटकर 1.1% पर आ गई। अत्यधिक गरीबी में जीवन गुजारने वाले लोगों की संख्या 2011 में 20.59 करोड़ थी, जो 2022 में घटकर 3.36 करोड़ रह गई। साल 2005-06 में यह 53.8% थी, जो 2019-21 में घटकर 16.4% हो गई। 2022-23 में इसमें और सुधार हुआ और आंकड़ा 15.5% पर पहुंच गया। गरीबी कम करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना और आयुष्मान भारत। ये योजनाएं घर, रसोई गैस, बैंकिंग सेवाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे जरूरी क्षेत्रों को कवर करती हैं। इसके अलावा, डीबीटी , डिजिटल सेवाओं का विस्तार और गांवों में बुनियादी ढांचे का विकास भी सरकार की उन कोशिशों में शामिल हैं, जिनसे मदद जरूरतमंदों तक सीधा पहुंच रही है।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष दूरदर्शिता से प्रेरित, ऊर्जा से संचालित

**भारत** कुछ दिन पहले ही जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वर्ष 2014 से, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत की जीडीपी 2025 में दोगुनी से अधिक बढ़कर 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो चुकी है। यह सुधारों, उदारपूर्ण नीति और आत्मनिर्भरता की निरंतर खोज पर केंद्रित एक दशक लंबी रणनीति का परिणाम है।

भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि एक रणनीतिक शक्ति भी बन चुका है। इस वृद्धि का अभिन्न अंग ऊर्जा क्षेत्र, मोदी 3.0 के पहले वर्ष के दौरान एक संरचनात्मक परिवर्तन से गुजरा है, जो पिछले दस वर्षों के आधारभूत परिवर्तन पर आधारित है।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछली तिमाही में भारत की 6.7 प्रतिशत की विकास दर ने इसे एक ऐसे तेजी से बढ़ते ग्राफ पर ला दिया है, जिसे आने वाले वर्षों में कोई भी अन्य देश हासिल करने की उम्मीद नहीं कर सकता।

भारत अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा और तेल उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक है। वर्ष 2047 तक ऊर्जा की मांग में ढाई गुना वृद्धि होने की आशा है और भारत से की जाने वाली वैश्विक मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए रोडमैप स्पष्ट हैः ऊर्जा सुरक्षा ही विकास सुरक्षा है। तेल और गैस उत्पादन क्षेत्र की प्रारंभिक प्रक्रिया में, भारत का अन्वेषण क्षेत्र वर्ष 2021 में 8 प्रतिशत से दोगुना होकर वर्ष 2025 में 16 प्रतिशत हो गया है। वर्ष 2030 तक 1 मिलियन वर्ग किमी को कवर करने के लक्ष्य के साथ, सरकार का लक्ष्य 42 बिलियन टन तेल और तेल- समतुल्य गैस का अन-?वेषण करना है। यह विस्तार ऐतिहासिक सुधारों जैसे कि 'नो-गो' क्षेत्रों में 99 प्रतिशत की कमी, ओएएलपी राउंड के माध्यम से सुव्यवस्थित लाइसेंसिंग और नए गैस कुओं के लिए आकर्षक मूल्य निर्धारण प्रोत्साहन द्वारा सक्षम किया गया है।

संशोधित गैस मूल्य निर्धारण ०?यवस-?था के अनुरूप भारतीय क्रूड बास्केट से 10 प्रतिशत से कीमतों को जोड़ने और नए कुओं के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश करने जैसी पहलों ने शहर के गैस नेटवर्क और औद्योगिक उपयोग के लिए गैस की उपलब्धता को बढ़ाया है।

लागत कम करने और मुद्रीकरण में तेजी लाने के लिए, नए राजस्व-साझाकरण




अनुबंध ईएंडपी उद्यमियों के बीच साझा बुनियादी अवसंरचना की अनुमति देते हैं। तकनीकी और भू-भौतिकीय प्रयासों ने नीति सुधारों को पूरक बनाया है। राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम, मिशन अन्वेषण, एजीजी सर्वेक्षण और महाद्वीपीय शेल्फ मैपिंग ने विशेष रूप से अंडमान, महानदी और कावेरी जैसे सीमांत बेसिनों में डेटा और अन्वेषण डेटासेट तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है।

डाउनस्ट्रीम बुनियादी ढांचे में समानांतर विस्तार हुआ है। भारत अब 24,000 किलोमीटर उत्पाद पाइपलाइनों, लगभग 96,000 खुदरा दुकानों का संचालन करता है और इसने अपने रणनीतिक भंडार और एलपीजी भंडारण को काफी मजबूत किया



- हरदीप एस पुरी

> वैश्विक बड़ी कंपनियों के साथ सहयोग लाभकारी सिद्ध हो रहा है। बीपी के साथ ओएनजीसी की साझेदारी से मुंबई हाई से तेल के लिए 44 प्रतिशत और गैस के लिए 89 प्रतिशत उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में एक डेटा सेंटर अब अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत के अन्वेषण डेटासेट तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है।

आत्मविश्वास को बढ़ाया है।

ओएनजीसी और ऑयल इंडिया ने पिछले चार वर्षों में मुंबई अपतटीय, कैम्बे, महानदी और असम बेसिन में 25 से अधिक हाइड्रोकार्बन की खोज की हैं। इनमें से उल्लेखनीय हैं पश्चिमी तट के अपतटीय क्षेत्र में सूर्यमणि और वज्रमणि कुएं और पूर्वी तट के गहरे पानी में उत्कल और कोणार्क क्षेत्र। इन खोजों से भारत के भंडार में 75 एमएमटीओई और 2,700 एमएमएससीएम गैस की वृद्धि हुई है।

वैश्विक बड़ी कंपनियों के साथ सहयोग लाभकारी सिद्ध हो रहा है। बीपी के साथ ओएनजीसी की साझेदारी से मुंबई हाई से तेल के लिए 44 प्रतिशत और गैस के लिए 89 प्रतिशत उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में एक डेटा सेंटर अब अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत के है। 67 मिलियन से अधिक लोग प्रतिदिन पेट्रोल पंपों पर जाते हैं और यह भारत के ईंधन आपूर्ति इको-सिस-?टम की ०?यापकता और दक्षता का प्रमाण है।

भारत का शहरी गैस नेटवर्क वर्ष 2014 में 55 भौगोलिक क्षेत्रों से बढ़कर वर्ष 2025 में 307 हो गया है, जिसमें पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ हो गए हैं और 7,500 से अधिक सीएनजी स्टेशन चालू हैं। एकीकृत पाइपलाइन शुल्क और शहरी गैस विस्तार ने दूरदराज के राज्यों में भी सस्ती पहुंच सुनिश्चित की है। जैव ईंधन भारत की हरित रणनीति का आधार बन चुका है। पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण 2013 के 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 19.7 प्रतिशत हो गया है। मिश्रण की मात्रा 38 करोड़ लीटर से बढ़कर 484 करोड़ लीटर हो गई है। इससे 1.26 लाख करोड़ विदेशी मुद्रा की बचत हुई, 643 लाख मीट्रिक टन उत्सर्जन कम हुआ और डिस्टिलर्स को 1.79 लाख करोड़ रुपए और किसानों को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान हुआ।

फीडस्टॉक विविधीकरण- गुड़ से लेकर मक्का की मदद से मजबूत इथेनॉल इको-सिस-?टम तैयार किया गया है। समानांतर रूप से, एसएटीएटी पहल ने 100 से अधिक संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों को चालू किया है और वर्ष 2028 तक 5 प्रतिशत सीबीजी मिश्रण अधिदेश का लक्ष्य रखा है। बायोमास खरीद और सीबीजी-पाइपलाइन कनेक्टिविटी के लिए केंद्रीय समर्थन सर्कुलर ऊर्जा अपनाने में तेजी ला रहा है। 8.62 लाख टन उत्पादन और 3,000 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर टेंडर के साथ ग्रीन हाइड्रोजन को ०?यापक पर बढ़ावा दिया गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियां आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं और आईओसीएल ने हाल ही में लार्सन एंड टुब्रो को अपनी पानीपत रिफाइनरी के लिए एक ऐतिहासिक 10 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन टेंडर दिया है। बीपीसीएल, एचपीसीएल और गेल भी बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन परियोजनाओं के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जबकि असम में एनआरएल की ग्रीन हाइड्रोजन इकाई पूर्वोत्तर में प्रथम बनने की ओर अग्रसर है। भारत का प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क अब 25,000 किमी से अधिक विस-?तारित हो चुका है और वर्ष 2030 तक इसके 33,000 किमी तक पहुंचने का लक्ष्य है। रणनीतिक मूल्य निर्धारण सुधार और परिवहन एवं घरेलू क्षेत्रों के लिए 'नो कट' श्रेणी में गैस को शामिल करने से आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित हो रही है। गैस उत्पादन वर्ष वर्ष 2020-21 में 28.7 बीसीएम से लगातार बढ़कर वर्ष 2023-24 में 36.4 बीसीएम हो गया है और इसमें और वृद्धि का अनुमान है। किसी अन्य देश ने अपने 'सिस्टम' में भारत जितना बड़ा बदलाव नहीं किया है, जैसा कि तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन अधिनियम 2024 से पता चलता है, जिसने हाइब्रिड पट्टों को सक्षम किया है और इससे हाइड्रोकार्बन के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा की अनुमति मिलती है। डीएसएफ क्षेत्र अब न्यूनतम अनुपालन बोझ के साथ सरलीकृत अनुबंधों के अंतर्गत कार्य करते हैं। पीएम गति शक्ति के माध्यम से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 1 लाख से अधिक संपत्तियों और पाइपलाइनों का डिजिटल रूप से मानचित्रण किया है।

(केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री भारत सरकार)

## लेटर टू एडिटर

### जिम्मेदारी निभाएं कश्मीरी

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, जो मानवता पर कलंक है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को माफ नहीं किया जा सकता। आतंकियों के घाटी में छिपने से यह स्पष्ट है कि उन्हें स्थानीय मदद मिल रही है। सभी नागरिकों, विशेषकर स्थानीय कश्मीरियों को चाहिए कि वे देशभक्ति दिखाते हुए आतंकवाद का विरोध करें।

**-अंकित सोनी, रांची**

### देश की एकता के लिए

हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था, लेकिन कुछ दक्षिणी राज्यों ने इसे ह्यसाम्राज्यवादी भाषाह्न मानकर विरोध किया। हिंदी, अंग्रेजी और स्थानीय भाषाओं का त्रिभाषी फामूर्ला सभी राज्यों को स्वीकार करना चाहिए ताकि देश की एकता बनी रहे।

**-अनिल , जमशेदपुर**

### पाक की साजिश

पाक आतंकियों द्वारा पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या देश में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की साजिश थी। लेकिन देशवासियों ने एकजुटता और संयम दिखाकर इस नापाक मंसूबे को नाकाम किया।

**- रमेश सिंह, गढ़वा**

## X ट्वीट

देश की हर माता, बहन और बेटी को समर्पित है ऑपरेशन सिंदूर,माथे पे चढ़ा बस रंग नहीं, है स्वाभिमान भरपूर...जीना-मरना यही आन-बान, है स्वाभिमान भरपूर,मां भवानी को होता अर्पित सिंदूर...वीर हनुमान बजरंग समर्पित सिंदूर !ऑपरेशन सिंदूर पर कैलाश खेर जी का ये खास गीत। **-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री सह सांसद कोडरमा**

# जेपीएससी इंटरव्यू के लिये महत्वपूर्ण सवाल



**रानी राज**

10 जून से झारखंड लोक सेवा आयोग का साक्षात्कार आंरभ हो रह है। यह साक्षात्कार प्रतिभागियों के व्यक्तित्व की जांच और उनके झारखंड के संस्कृति, भाषा और रूचि की परीक्षा है। इंटरव्यू एक कला है जिसमें आपका आत्मविश्वास संतुलित हो, जानकारी पुख्ता हो और दिमाग सवाल और उसके पीछे के उदेश्यों को जानने समझने की क्षमता रखता हो।

हम इन सवालों के माध्यम से मॉक इटरव्यू करके अपनी सफलता सुनिश्चित कर सकते हैं। मॉक इंटरव्यू से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। मैंने बिहार लोक सेवा आयोग में सफलता अर्जित की जबकि मैं झारखंड के लातेहार की रहने वाली हूं। सभी प्रतिभागियों को मेरी और मेरे संस्था धुमकुड़िया की ओर से हार्दिक शुभकामना और बधाई सहित में कुछ सवालों की श्रंखला दे रही हूं जो प्रतिभागियों के लिये उपयोगी साबित होंगे। इंटरव्यू लगभग इसी पैटर्न पर लिये जाते हैं।

1. हमें अपने बारे में बताइए।
2. आप झारखंड सिविल सेवा में क्यों शामिल होना चाहते हैं?
3. झारखंड में सिविल सेवक बनने के लिए आपको क्या प्रेरित करता है?
4. आपकी ताकतें और कमजोरियां क्या हैं?
6. 15 नवम्बर 2000 को झारखंड के गठन का क्या महत्व है?
7. झारखंड का सांस्कृतिक महत्व बताइए।
8. झारखंड के सामने प्रमुख आर्थिक चुनौतियाँ क्या हैं?
9. झारखंड में हाल ही में लागू हुई किसी सरकारी योजना का वर्णन करें जिसने आपको प्रभावित किया हो।
10. झारखंड में सारंडा वन का महत्व क्या हैं?
11. झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं?
12. झारखंड में सोहराय और खोवर(कोहबर) कला क्या हैं?
13. राष्ट्रीय नीति में झारखंड का महत्व क्या हैं?
16. झारखंड के लिए जलवायु परिवर्तन के क्या निहितार्थ हैं?
17. झारखंड के विकास में नीति आयोग की क्या भूमिका है?
18. डिजिटलीकरण से झारखंड में शासन व्यवस्था कैसे बेहतर हो सकती है?
19. झारखंड में आरक्षण नीति पर आपकी क्या राय है?
21. एक सर्किल अफसर के रूप में आप आदिवासी भूमि विवाद को कैसे संभालेंगे?
22. आप अपने विभाग में भ्रष्टाचार से कैसे निपटेंगे?
23. यदि आपका वरिष्ठ कोई अनैतिक आदेश दे तो आप क्या करेंगे?
24. डिप्टी कलेक्टर के रूप में अपने प्रखंड में आपदा प्रबंधन में आपकी प्राथमिकता क्या होगी ?
25. यदि कोई समुदाय किसी सरकारी परियोजना के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करे तो आप क्या करेंगे?
26. झारखंड अपनी शिक्षा प्रणाली को कैसे सुधार सकता है?
27. झारखंड में बेरोजगारी कम करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?
28. आप झारखंड में टिकाऊ खनन को कैसे बढ़ावा देंगे?
29. ग्रामीण विकास में डिप्टी कलेक्टर की क्या भूमिका है?
30. झारखंड नक्सलवाद से प्रभावी ढंग से कैसे निपट सकता है?

(वित्त अधिकारी बिहार सरकार)

## सामयिक



# छोड़ देना भी एक कला है

## मोटिवेशन



**अदिति विवेक भसीन**

ज़िंदगी में हम बहुत कुछ पकड़कर चलते हैं – रिश्ते, उम्मीदें, बीते लम्हे, और कभी-कभी खुद को भी। हम सोचते हैं कि जो छोड़ देंगे, वह खो जाएगा। लेकिन सच्चाई यह है कि बहुत कुछ ऐसा होता है, जो पकड़ने से ज्यादा छोड़ देने में खिलता है। यही ह्यकला है छोड़ने कीह्न – जो केवल समझ से नहीं, आत्मा के अनुभव से आती है।

एक मनोवैज्ञानिक के रूप में, मैंने दूसरों की कहानियाँ सुनी हैं – दर्द, बिछड़ाव, दोष, और अनकहे डर। लेकिन एक साधक के रूप में मैंने अपनी आत्मा की आवाज सुनी है। जब मैं खुद दर्द में थी, कैंसर के इलाज से गुजर रही थी, रिश्तों के बिखराव से टूटी हुई थी – तब मुझे एहसास हुआ कि असली मुक्ति तब मिलती है, जब हम खुद को पकड़ना बंद करते हैं।



हम अक्सर किसी और को दोष देते हैं – ह्यउसने ऐसा कियाह्न, ह्यवो चला गयाह्न, ह्यउन्होंने समझा नहींह्न। लेकिन क्या कभी खुद से पूछा है कि हमने खुद को कितना थामा? कितनी बार खुद की सच्चाई को दबाया, सिर्फ इसलिए कि हम किसी को खोना नहीं चाहते थे?

इसी आत्मिक यात्रा का नाम है – एक एहसास, कि जब हम अपनी संवेदनशीलता को कमजोरी नहीं, अपनी शक्ति मानते हैं, तब जीवन बदलने लगता है। मेरा हर शब्द एक ऐसी आत्मा को समर्पित है जो ह्यसब ठीक हैह्न की मुस्कान में भी टूटी होती है।

हम सबके भीतर एक अंतर नाद है – एक ऐसी आंतरिक आवाज, जो शांति में बोलती है। जब हम उसे सुनने लगते हैं, तब समझ आता है कि कोई भी रिश्ते का अंत, आत्मा का अंत नहीं होता। और क्षमा सिर्फ दूसरों को नहीं, खुद को भी देनी होती है – हर उस समय के लिए जब हमने खुद को कमतर समझा।

छोड़ना मतलब भूलना नहीं होता। यह अपने ही भीतर एक दीपक जलाना होता है, जो कहता है – अब बस, और नहीं। अब मैं खुद के साथ हूं।

आज जब मैं लोगों को हीलिंग करती हूं, तो सबसे पहले यही कहती हूं – तुम्हारा दर्द तुम्हारा पतन नहीं, तुम्हारी पुनर्जन्म की भूमि है।₹ जब हम उस दर्द को स्वीकार करते हैं, तो वह हमें तोड़ता नहीं – वह हमें पिघलाकर फिर से गढ़ता है।

इसलिए, अगली बार जब कोई रिश्ता, कोई स्वप्न या कोई उम्मीद साथ छोड़ दे – तो बस एक गहरी साँस लीजिए, और कहिएः

मैं तुम्हें प्रेम से जाने देता हूँ – ताकि मैं खुद को फिर से पा सकूँ। **मनोविज्ञानी व हीलर**

**हिमालय स्थित केदारनाथ धाम का पट खोल दिया गया है। 50 लाख से अधिक श्रद्धालु इस बार केदारनाथ सहित बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा के लिये निबंधन करा चुके हैं। तस्वीरः अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### पेड़ से गिरने से श्रमिक की मौत परिजन को कंपनी देगी 7 लाख



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल पतरातु परिसर स्थित बिरसा मुंडा आवासीय क्षेत्र में कार्यरत यूनिक ट्रेडिंग कंपनी के श्रमिक प्रभु कुमार महतो का एक दर्दनाक हादसे में निधन हो गया। यह घटना 7 जून की सुबह लगभग 6 बजे के आसपास घटी, जब प्रभु महतो रशियन हॉस्टल परिसर स्थित एक जामुन के पेड़ से फल तोड़ते समय असंतुलित होकर नीचे गिर पड़े। घटना के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां से ब्लॉक हॉस्पिटल रेफर किया गया। दुर्भाग्यवश, रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। श्री महतो यूनिक ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से डीजी सेट की देखरेख का कार्य कर रहे थे। घटना के बाद पीवीयूएनएल प्रबंधन, बड़कागांव विधायक, स्थानीय जन प्रतिनिधियों, मृतक के परिजनों और एजेंसी प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मृतक की पत्नी को श्रम कानूनों के तहत पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएफ, ईपीएस-95, ईएसआई, ईडीएलआई आदि का लाभ दिलाया जाएगा। इसके अलावा, मृतक के पुत्र को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर यूनिक ट्रेडिंग कंपनी में संविदा के आधार पर मेंटेनेंस कार्य में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी द्वारा मानवता के आधार पर मृतक परिवार को 7 लाख रूपया की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। पीवीयूएनएल प्रबंधन ने इस दुखद घड़ी में शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है और कहा कि वह हर संभव सहयोग के लिए उनके साथ खड़ा है।

### भुरकुंडा के विक्रम बने अग्निवीर



भुरकुंडा (रामगढ़)। कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा नीचे धौड़ा निवासी विक्रम कुमार ने अग्निवीर में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साढ़े सात महीने की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर जब विक्रम अपने घर भुरकुंडा नीचे धौड़ा लौटे, तो परिजनों सहित ग्रामीणों ने उनका बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। मुखिया अजय पासवान ने उन्हें बुके और शॉल देकर सम्मानित किया और कहा कि विक्रम जैसे युवा पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। विक्रम के पिता शिवचरण राम और माता बसंती देवी दिहाड़ी मजदूरी कर अपने बेटे को इस मुकाम तक पहुंचाया। विक्रम की सफलता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। गांव लौटने पर लोगों ने कहा कि विक्रम का अनुशासन, समर्पण और देशसेवा का जजबा हर युवा के लिए मिसाल है। अग्निवीर में चयन के लिए विक्रम कुमार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सदस्यों ने सैंकड़ों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य

# गैर-तकनीकी पदों पर विस्थापितों और स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दे एनटीपीसी : जायसवाल

**सांसद ने स्कूल, लाइब्रेरी और युवाओं के लिए ट्रेनिंग सेंटर खोलने पर भी दिया जोर**



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू और केरेडारी कोल माइंस सहित विभिन्न परियोजनाओं को लेकर जुलु पार्क स्थित गेस्ट हाउस में एनटीपीसी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

सांसद ने कहा कि गैर-तकनीकी पदों पर कार्यरत बाहरी लोगों के स्थान पर विस्थापितों व स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिया जाए। पकरी-बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट माइंस के प्रत्येक विस्थापित परिवार को नौकरी देने की भी मांग की गई। इसके साथ ही बड़कागांव चौक पर लगातार लगने वाले जाम से निजात दिलाने हेतु सीकरी से होराम तक बाईपास रोड निर्माण की मांग उठाई गई। सांसद ने एनटीपीसी से यह भी कहा कि किसी भी विस्थापित का मकान जबरन खाली न कराया जाए, बल्कि आपसी सहमति और बातचीत से कार्य किया जाए। उन्होंने सीएसआर फंड के बेहतर उपयोग की बात कहते हुए अस्पताल, स्कूल, लाइब्रेरी और युवाओं के लिए ट्रेनिंग सेंटर खोलने पर जोर दिया।

सांसद ने कोल हैंडलिंग प्लांट और रैपिड लोडिंग सिस्टम से प्रभावित पंचायतों के 800 लोगों के रोजगार को सुरक्षित रखने और अधिक युवाओं को जोड़ने की मांग की। साथ ही बड़कागांव में बंद पड़ी गारमेंट यूनिट को पुनः शुरू करने की अपील भी की गई। बैठक में एनटीपीसी के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# हजारीबाग में अब भी परोसा जा रहा 'जहर'

- विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर अभियान तो चला, थालियों में अब भी नकली जहर बरकरार
- फूड स्टॉलों पर तेल और घटिया मिर्च-मसाले का हो रहा उपयोग



अभय कुमार सिंह

**हजारीबाग।** 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के मौके पर हजारीबाग में जागरूकता अभियान चला। गोला रोड, बाड़म बाजार और मटवारी इलाकों में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में पोस्टर, स्लोगन, मास्क और दस्ताने बांटे गए।

हेल्पिंग इंडिया फीडिंग इंडिया के सदस्य भी इस अभियान में शामिल रहे। हालांकि जन-जागरूकता जरूरी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ स्लोगन और पोस्टर से हजारीबाग की थालियों में परोसा जा रहा जहर खत्म हो जाएगा? अभी कुछ ही दिन पहले इसी शहर में 4000 किलो नकली पनीर बरामद हुआ था, लेकिन मुख्य सरगना अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जहरीला खाना सिर्फ मिठाइयों या होटल के पकवानों तक सीमित नहीं। शहर में 1000 से ज्यादा फूड स्टॉल हैं, जहां बार-बार गर्म किया गया तेल और घटिया मिर्च-मसाले इस्तेमाल किए जाते हैं। होटल-ढाबों की भरमार है, लेकिन ज्यादातर के पास न लाइसेंस है, न सफाई के मापदंडों की परवाह। प्रशासनिक कार्रवाई की बात करें तो हर छापेमारी के दो दिन बाद जहर फिर से बाजार में लौट आता है। जनता से एक्सपायरी डेट चेक करने की अपील की जाती है, लेकिन समोसे, चौमिन और मोमोज पर डेट कहां लिखी होती है? साफ है कि यह लड़ाई जनता की नहीं, बल्कि प्रशासन की है। जब तक जहरीले माल की सप्लाई रोकने वालों की गिरफ्तारी नहीं होगी, जब तक बिना लाइसेंस की दुकानों पर ताले नहीं लगेंगे, तब तक हर खाद्य सुरक्षा दिवस सिर्फ एक औपचारिकता बना रहेगा। अब जनता पोस्टर नहीं, ठोस कार्रवाई चाहती है। सवाल उठता है की क्या प्रशासन अब जागेगा? या अगली बार फिर हजारों किलो जहर जब्त होगा, और फिर दोहराए जाएंगे वही पुराने स्लोगन?

### अच्छी कृषि उपज ने वाहनों के व्यापार को बढ़ाया: गोविंद मेवाड़

**रामगढ़।** बाजार में शादी विवाह के लगन और अच्छे कृषि उपज ने वाहनों के व्यापार को बढ़ाया है। यह दवा झारखंड चैप्टर के चेयरपर्सन गोविंद प्रसाद मेवाड़ ने किया है। रविवार को उन्होंने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि मई- 2024 की तुलना में मई-2025 में खुदरा वाहनों की बिक्री में काफी उछाल आया है। पिछले वर्ष जहां 46308 गाड़ियां बिकी थी। वहीं इस वर्ष सिर्फ एक महीने में 25.11 प्रतिशत बढ़त दर्ज की गई। इस महीने में 57938 गाड़ियां बिकी हैं। पूरे झारखंड में दोपहिया वाहन, तीन पहिया वाहन और ट्रैक्टर की बिक्री ने यह स्पष्ट किया है कि बाजार में काफी उछाल आया है। तीन चक्का वाहन ने मई माह में 2481 इकाई के साथ 58.94 प्रतिशत की बढ़त बनाई है। कॉमर्शियल वाहन की बिक्री ने मई 25 में 15.09 की वृद्धि के साथ 1632 इकाई बिक्री दर्ज की है। यात्री वाहन ने झारखंड में इस वर्ष मई माह में 18.45प्रतिशत की बढ़त बनाते हुए 5315 इकाई की बिक्री दर्ज की है। मई 2025 मे ट्रैक्टर की बिक्री में भारी वृद्धि 59.30 प्रतिशत के साथ 1319 की इकाई की बिक्री दर्ज की है।

# ड्रग्स, जुए और नशे के खिलाफ इचाक में युवाओं ने निकाली रैली




**इचाक।** ड्रग्स, जुए और नशे के बढ़ते जाल से परेशान इचाक के युवाओं ने अब आर-पार की लड़ाई छेड़ दी है। आए दिन हो रही लूट, हत्या, चोरी और डकैती की घटनाओं से आक्रोशित होकर आदर्श युवा संगठन के नेतृत्व में रविवार को युवाओं ने एक जोरदार विरोध सह जागरूकता रैली निकाली। पुराना काली मंदिर से शुरू हुई यह रैली पूरे इचाक बाजार में घूमी और ड्रग्स पेडलरों को अविलंब गिरफ्तार करो, इचाक को सफेद जहर से बचाओए नशाखोरी बंद होर जैसे गगनभेदी नारों से कस्बा गूंज उठा। रैली में युवाओं ने तख्तियों और बैनरों के साथ जनजागरण का संदेश दिया। आंदोलन की अगुवाई कर रहे जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार ने कहा कि यह सिर्फ विरोध नहीं, एक चेतावनी है कि 'अगर प्रशासन अब भी नहीं जागा तो पूरे इचाक को बंद करने का ऐलान होगा। गौतम कुमार ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ड्रग्स और जुए की गिरफ्त में फंसी युवा पीढ़ी को बचाना होगा, वरना आने वाला समय और भी भयावह होगा। पूर्व विधायक प्रत्याशी बेटेश्वर मेहता ने कि इस सरकार में नशा उद्योग चरम पर है, युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। रैली में कई पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों की भागीदारी रही, जिनमें राकेश मेहता, श्रीकांत मेहता, राजेश मेहता, सुजीत कुमार, मौलाना मुख्तार, डॉ. प्रमोद, मनोज मेहता सहित अनेक लोग शामिल थे।

### भुरकुंडा में खुला कराटे प्रशिक्षण केंद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पेट्रोल पंप के समीप स्थित अंबेडकर स्थल भुरकुंडा में रविवार को कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मनोज राम ने किया। मनोज राम ने कहा कि आज के युवाओं के लिए आत्मरक्षा अत्यंत आवश्यक है। कराटे न केवल शारीरिक व मानसिक विकास करता है, बल्कि जीवन में अनुशासन की भावना भी उत्पन्न करता है। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया, झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में संचालित होने वाले इस कराटे केंद्र में सप्ताह में तीन दिन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम मेंआजाद भुईयां, अभय कुमार मेहता, शिव कुमार, कमलनाथ सिंह, लुधेश्वर राम, सूरज राम सहित सृष्टि कुमारी, आस्था कुमारी, स्मृति कुमारी, चित्रलेखा कुमारी, खुशी कुमारी, जानवी कुमारी, विकाश कुमार, सिवान रेयाश, अभी कुमारी, सुमन कुमारी, अनन्या कुमारी व अन्य मौजूद थे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ ।** भाजपा जिला के तत्वाधान में रविवार को लॉयंस क्लब रामगढ़ कैंट के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला रविवार को किया गया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलन कर एवं राष्ट्र गीत वंदे मातरम गा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मंचासीन अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष के उपलब्धि को संकल्प से सिद्धि की और बढ़ता हुआ एक मजबूत कदम बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने 11 साल पूरे कर लिए। इन 11 सालों में देशवासियों को कई अहम योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात दी। बहुत से विकास कार्य भी संपन्न हुए। चिनाव नदी पर बना दुनिया का सबसे बड़ा पुल का उद्घाटन कर नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गई है और 2027 में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी आर्थिक शक्ति देश के रूप में भारत की पहचान होगी। उन्होंने कार्यशाला में

**विश्व का चौथा अर्थव्यवस्था बना भारत : विकास प्रीतम**

उपस्थित लोगों को ध्यानाकर्षित कराते हुए कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से मंडल टोली शक्ति केन्द्र के संयोजक, सहसंयोजक और बुथ अध्यक्ष के साथ घर घर जा कर मोदी सरकार के उपलब्धि और कांग्रेस द्वारा भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीम राव आंबेडकर को लगातार अपमानित करने और किस तरह संविधान के साथ खिलवाड़ करती रही है को जनता के बीच ले जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कांग्रेस के सरेंडर करने के इतिहास का उल्लेख किया। ऑपरेशन सिंदूर के सफलता को सेना के शौर्य को सम्मान देने के जगह राहुल गांधी एक नरेटिव गढ़ रहे हैं जो उनके बौखलाहट को उजागर करता है । स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने दिया । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फौजी ने किया। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, स्नेहलता चौधरी, महेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, अशोक कुमार सोनी,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार शर्मा, जिला मोर्चा के योगेश कुमार दांगी, शीतल सिंह, कुश श्रीवास्तव,वारिश खान, वरिष्ठ नेता रमेश वर्मा,मनोज कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, बबलु साव, गणेश प्रसाद स्वर्णकार,नरेश साव, सतीश मोहन मिश्रा, गिरधारी महतो आदि उपस्थित थे ।

## एक नजर में

### बरही के दरगाह मोहल्ला में कव्वाली कल



बरही। कोनरा पंचायत के दरगाह मोहल्ला में 10 जून को आयोजित होने वाले कव्वाली कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। कार्यक्रम स्थल पर भव्य मंच निर्माण और मेले की सजावट जोरों पर है। आयोजन समिति के सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं ताकि कार्यक्रम को यादगार बनाया जा सके। समिति के अध्यक्ष भगवान केसरी और सचिव रिजवान अली ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी व्यवस्थाएं युद्धस्तर पर की जा रही हैं। सुरक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन को सूचित कर दिया गया है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आस-पास के गांवों से भी बड़ी संख्या में दर्शकों के जुटने की उम्मीद है। कव्वाली के सुरों के साथ-साथ आकर्षक झूले और मेले की रौनक भी लोगों को खासा लुभाएगी। समिति ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे 10 जून को होने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होकर महफिल की शोभा बढ़ाएं और इस संगीतमय शाम का भरपूर आनंद लें।

### केरेडारी में करंट से स्विच ऑपरेटर की मौत



**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड में बिजली विभाग की लापरवाही ने एक घर का चिराग बुझा दिया। डामहा बागी बिजली सब स्टेशन में रविवार को ड्यूटी पर तैनात स्विच ऑपरेटर उदय कुमार की मौत 33 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आने से हो गई। हादसा इतना भयावह था कि युवक का शव बिजली पोल पर ही झूलता रह गया, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने सुध लेना तक जरूरी नहीं समझा। घटना के बाद पूरे इलाके में गुस्सा फूट पड़ा। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजा और पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग को लेकर केरेडारी-टंडवा मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर कोयला ट्रांसपोर्टिंग करने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, और पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, लोचर गांव निवासी उदय कुमार डामहा बागी सब स्टेशन में तैनात था। रविवार दोपहर 1 बजे सब स्टेशन की 33 हजार वोल्ट लाइन में तकनीकी खराबी आई थी। उदय पोल पर चढ़कर मरम्मत का काम कर ही रहा था कि करम मोड फीडर से अचानक लाइन चालू कर दी गई। नतीजा झ बिजली की जोरदार चपेट में आकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने करम मोड सब स्टेशन के कर्मियों पर जानबूझकर पुरानी दुश्मनी के तहत बिजली चालू करने का गंभीर आरोप लगाया है। सबसे शर्मनाक यह कि हादसे के कई घंटे बाद तक बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

### आनंद क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना सुल्ताना



**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पसई में रविवार को आयोजित आनंद क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 5 का फाइनल मुकाबला सुल्ताना बनाम बानादाग टीम के बीच खेला गया। सुल्ताना टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 135 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बानादाग की टीम 120 रन बनाकर 9 विकेट पर सिमट गई और 15 रनों से मुकाबला हार गई। मैच के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने बैटिंग कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी क्रिकेट के प्रति युवाओं का जुनून बढ़ रहा है, जो इस टूनामेंट में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विजेता टीम को शील्ड व 10 हजार रुपये नकद तथा उपविजेता टीम को 5 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। आयोजन समिति के आनंद राणा ने बताया कि टूनार्मेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, और इसका उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना है। मैच में मैन ऑफ द मैच सलीम (सुल्ताना) बने। बेस्ट बॉलर सुनील कुमार, बेस्ट बैट्समैन मोहम्मद इकबाल, बेस्ट फील्डर मोहम्मद समीर, बेस्ट फेयर प्ले अवॉर्ड रमेश 11 पसई और मैन ऑफ द सीरीज मोहम्मद आफताब को दिया गया। समारोह में कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### कुजू के करमा में मंडा पूजा संपन्न



**कुजू।** भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था और भक्ति का पर्व मंडा पूजा रविवार को करमा में विधिवत पूजा अर्चना के साथ संपन्न हो गया गया। शनिवार देर रात मंडा पूजा में आए कचाहातू कोटशिला के चितरंजन कुमार तथा पुरुलिया के विकास कुमार की छऊ नृत्य टीम ने बारी बारी से अपने संगीतमय कला का प्रदर्शन कर मौजूद लोगों को खूब मनोरंजन कराया। जबकि अहले सुबह उपवास रखे 351 शिव भक्त और महिला श्रद्धालुओं ने पिपरा तालाब में स्नान के पश्चात नए वस्त्र का धारण कर और फूल माला एवं गुब्बारों से सजे धजे शिव भक्त नाचते गाते शिव मंदिर परिसर पहुंचे। सभी शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर चलकर और पीठ में बनस गुथाई कर 30 फीट की ऊंचाई में बनस झूला झूलकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया। मंडा पूजा में विधायक तिवारी महतो व करमा परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा, जिप सदस्य तापेश्वर महतो, मांडू उप प्रमुख पिंटू कुमार, मुखिया सरोज देवी, खागेश्वर महतो, रामसेवक महतो, जेएलकेएम के बिहारी महतो, लोकल सेल समिति अध्यक्ष रामेश्वर महतो शामिल हुए।

## मंडल रेल प्रबंधक ने धनबाद-बंधुआ रेलखंड का किया विंडो निरीक्षण, कहा

# कार्यों में तेजी और गुणवत्ता ही प्रमुख उद्देश्य है

- रेल परिचालन, आधारभूत संरचना, संरक्षा व्यवस्था एवं निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** धनबाद रेल मंडल के नव पदस्थापित मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा ने शनिवार को धनबाद-कोडरमा-पहाड़पुर रेलखंड का विंडो निरीक्षण किया। बता दें कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला निरीक्षण था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेल परिचालन, आधारभूत संरचना, संरक्षा व्यवस्था एवं निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। डीआरएम ने पारसाबाद स्टेशन में आइटीएक्स मशीन के माध्यम से स्लीपर बदलने के कार्य का जायजा लिया। यहां दोपहर 12 से 2:30 बजे तक डाउन लाइन में ट्रैफिक ब्लॉक लेकर कार्य किया गया। डीआरएम ने कार्य की गुणवत्ता, गति और तकनीकी अनुशासन की सराहना की, साथ ही उपस्थित अभियंताओं को निर्धारित समय-सीमा से पहले कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस ऊर्जा और समर्पण से कार्य किया जा रहा है, वह रेलवे की बदलती कार्य संस्कृति को दर्शाता है। पारसाबाद स्टेशन पर चल रहे कार्य से न केवल संरक्षा मजबूत होगी, बल्कि रेलगाड़ियों की गति और सुविधा में भी उल्लेखनीय सुधार आयेगा।

**हजारीबाग रेल लाइन के दोहरीकरण का सर्वे शुरू**

वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अंजय तिवारी ने जानकारी दी कि कोडरमा-हजारीबाग रेल लाइन के दोहरीकरण के लिए छह जून से सर्वे कार्य आरंभ कर दिया गया है। यह भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उठाया गया कदम है, जो ट्रैफिक दबाव को कम करेगा और संचालन को और अधिक दक्ष बनायेगा।

निरीक्षण के बाद डीआरएम ने कहा कि ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड भारतीय रेलवे की जीवन रेखा है। कोयला, खनिज, औद्योगिक सामान एवं हजारों यात्रियों का आवागमन इसी खंड से निर्बाध होता है। यहां के हर प्रोजेक्ट और रख-रखाव को प्राथमिकता में रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में देर नहीं, तेजी और गुणवत्ता ही प्रमुख उद्देश्य है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोडरमा-तिलैया-राजगीर रेल परियोजना की भी समीक्षा की। डीआरएम ने अधिकारियों को निर्देशित दिया कि इस परियोजना को शीघ्र पूरा किया जाये।

डीआरएम के दौरे के दौरान अपर रेल मंडल प्रबंधक विनीत कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अंजय तिवारी, वरिष्ठ मंडल अभियंता (2) आशीष कुमार, वरिष्ठ अभियंता समन्वय प्रदीप कुमार, वरीय अधिकारी रजनीश कुमार, सहायक मंडल अभियंता गझंडी उमाकांत प्रजापति व अन्य मौजूद थे।

### उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित



**कोडरमा।** उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक रविवार को क्षत्रिय धर्मशाला कोडरमा में हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष राम लखन सिंह जबकि संचालन महामंत्री शिवलाल सिंह ने किया। बैठक में यह तय हुआ कि आगामी 15 जून को झुमरीतिलैया स्थित अग्रसेन भवन में सभी प्रक्षेत्र के कुल 165 सक्रिय सदस्यों, केंद्रीय पदाधिकारी, जोन अध्यक्ष, सचिव की बैठक आयोजित होगी। बैठक में कहा गया कि ज्यादा से ज्यादा क्षत्रिय बंधुओं को महासंघ की सदस्यता दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। वैसे क्षेत्र जहां महासंघ के उद्देश्य और कार्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं, उन जगहों पर जाकर लोगों से मिलकर उन्हें जागरूक करना और उन्हें महासंघ की कार्यपद्धति से अवगत कराना आदि कार्य किये जायेंगे। वहीं कहा गया कि महासंघ के सभी पदाधिकारी निजी स्तर से जोन की समस्याओं को सुनेंगे और उन्हें दूर करने का प्रयास भी करेंगे, गिरिडीह जिला के बहुत ऐसे क्षेत्र हैं जहां के क्षत्रिय बंधु महासंघ में शामिल होना चाहते हैं और हमारे उद्देश्यों के साथ कार्य करना चाहते हैं। सभी प्रक्षेत्र के सक्रिय सदस्यों को 15 जून को होने वाली बैठक में भाग लेने की अपील की गई। बैठक में रामचंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, विजय सिंह, दिनेश सिंह, विजय सिंह, नारायण सिंह, जय नारायण सिंह, राज नारायण सिंह, रणजीत सिंह, दिनेश सिंह, प्रदीप सिंह, हरदेव सिंह, सागर सिंह, महेश सिंह, जय मंगल सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

### बालेश्वर बने सोनिया ब्रिगेड के प्रदेश संगठन मंत्री

**कोडरमा।** अखिल भारतीय सोनिया ब्रिगेड के राष्ट्रीय संगठन मंत्री लाल बहादुर सिंह ने झुमरीतिलैया निवासी कांग्रेस नेता बालेश्वर सिंह को अखिल भारतीय सोनिया ब्रिगेड के प्रदेश का संगठन मंत्री नियुक्त किया है। इस ब्रिगेड के माध्यम से भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्र में गणराज्य एवं संविधान की रक्षा का दायित्व दिया गया है। इन्हें प्रदेश संगठन मंत्री बनाये जाने पर जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, प्रदेश कांग्रेस के सचिव मनोज सहाय पिंकू, प्रदेश प्रवक्ता ईश्वर आनंद, महिला जिलाध्यक्ष बेबी सिन्हा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, प्रवक्ता संजय शर्मा, वरिष्ठ नेता निर्मल कुमार ओझा, राजेंद्र जायसवाल, गणेश स्वर्णकार, प्रभात राम, विजय सिंह, प्रमोद बर्णवाल, राजू सिंह, उमेश साहू, अज्जू सिंह, केदार राणा, सरवन कुमार सिंह, मिस्वाउद्दीन, नारायण बर्णवाल, तुलसी मोदी, सुबोध कुमार, संजय सेठ, अरविंद सेठ, प्रकाश रजक आदि ने बधाई दी है।

### एकादशी यज्ञ समापन पर भक्ति जागरण का आयोजन, खुब झूमे श्रद्धालु

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत गोहाल में प्यारे राणा की माता की ओर से आयोजित एकादशी यज्ञ के समापन पर बीती रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने फीता काटकर किया। वहीं उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सामाजिक समरसता बढ़ती है, लोगों में भक्ति का संचार होता है। मौके पर कैलिब्रेशन म्यूजिक्ल ग्रुप केदला नगर की ओर से भक्ति जागरण की शुरुआत गणेश वंदना से की गयी। इसके बाद कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमाया। कार्यक्रम का संचालन परसाबाद मंडल भाजपा अध्यक्ष विजय कुमार राणा ने किया। मौके पर मनोज दास, राजेश पासवान, शिक्षक राजेंद्र रजक, बालेश्वर राणा, विनय कुमार राणा, लक्ष्मण राणा, गंगाधर राणा, प्रदीप राणा, ब्रह्मदेव राणा, दिनेश्वर राणा, रामचंद्र राणा, ललन राणा, महेंद्र राणा, सरिता देवी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

### पासवान एकता मंच ने स्व. प्रकाश पासवान को दी श्रद्धांजलि



**कोडरमा।** पासवान एकता मंच के नेतृत्व में झुमरीतिलैया पानी टंकी के समीप मार्केट में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन पासवान एंव संचालन राजकुमार पासवान ने किया। बैठक में घोड़थम्बा के तरोनिया निवासी स्व.प्रकाश पासवान जिनकी मौत सड़क दुर्घटना में हुई थी, उनकी मौत पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पासवान एकता मंच द्वारा अगामी 13 जुलाई को पासवान समाज के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम के माध्यम से समाज के मैट्रिक, इंटर और बीए पास प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे एवं बच्चियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए पासवान एकता मंच के जिलाध्यक्ष विजय पासवान एवं महासचिव प्रेम प्रकाश पासवान ने कहा कि स्व.प्रकाश पासवान की मौत साजिश के तहत की गई है। प्रशासन इस पर गहराई से जांच-पड़ताल कर कानूनी कार्रवाई करें, नही तो समाज के पदाधिकारी वरीय पदाधिकारी से मिलकर उचित न्याय की मांग करेंगे। फिर भी न्याय नहीं मिला तो समाज के लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बैठक में सीडी प्रसाद, भीमलाल पासवान, राजकुमार पासवान, विरेंद्र पासवान, रंजीत पासवान, भुनेश्वर पासवान, कृष्णा पासवान, रवि पासवान, महेश पासवान, किशोर पासवान, संतोष पासवान, किशोर पासवान, दिलीप पासवान, विजय पासवान, संतोष पासवान, अजीत पासवान, किशोर पासवान, गुड्डू पासवान, किरण पासवान आदि उपस्थित थे।

## कोडरमा एजुकेशन सबमिट 2025 आयोजित

- वेभ साइंस इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित रामेश्वरम होटल में रविवार को वेभ साइंस इंस्टीट्यूट कोडरमा के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के द्वारा कोडरमा एजुकेशन सबमिट 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चाराडीह मुखिया अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कृष्णा कुमार, वेभ साइंस इंस्टीट्यूट ऑफ कोडरमा के निदेशक संतोष कुमार, वाणी कंप्यूटर सेंटर के निदेशक सतीश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंकुर गिल, निदेशक एसभीजीओआई चंडीगढ़ समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के वेभ साइंस इंस्टीट्यूट के निदेशक सह कोडरमा एजुकेशन सबमिट के आयोजक संतोष कुमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंकुर गिल ने कहा कि शहर की तुलना में हम अपने करियर की रणनीति बनाने में देर करते हैं। हमें अपने करियर की शुरुआत कक्षा 9 से ही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने जीवन निर्माण के लिए पांच चीजों की आवश्यकता है। पहला इनवायरमेंट, दूसरा कोर्स ऑफ इंटरेस्ट, तीसरा इंफ्रास्ट्रक्चर, चौथा क्वालिटी आफ एजुकेशन और पांचवा प्लेसमेंट। बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता को कभी भी अपने अधूरे सपनों को पूरा करने का दबाव अपने बच्चों के ऊपर नहीं डालना चाहिए। बच्चों को जिस क्षेत्र में रूचि हो, उस क्षेत्र की पढ़ाई कक्षा 9 से ही शुरू कर देनी चाहिए। डिग्री से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है, स्कील बच्चों की क्षमता। कार्यक्रम में पिछले वर्ष और इस वर्ष 12वीं बोर्ड की परीक्षा में अव्वल प्रदर्शन किया उन्हें सम्मानित भी किया गया। वहीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल प्रदर्शन करने वाले बच्चों के प्रतिभाशाली शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले के कई जनप्रतिनिधि के साथ-साथ 200 से अधिक संख्या में माता-पिता एवं उनके बच्चे एवं विभिन्न संस्थान के शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन वेब साइंस इंस्टीट्यूट के निदेशक संतोष कुमार द्वारा किया गया।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक में अंधविश्वास को समाप्त करने पर चर्चा



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष मनिंदर राम की अध्यक्षता में साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में आयोजित की गई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का प्रतिवेदन जिला सचिव प्रकाश रजक ने प्रस्तुत किया, जो सबों ने सर्वसम्मत से परित किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि समाज में जब तक अंधविश्वास खत्म नहीं होगा तब तक समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मनिंदर राम ने कहा कि भारत सरकार शिक्षा व्यवस्था पर लगातार हमला कर रही है, जिसके कारण गरीब तबके के बच्चों को उच्च शिक्षा पाने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं श्रीराम ने कहा कि गरीब के बच्चे मैट्रिक पास करने के बाद गरीबी के कारण पलायन करने पर मजबूर हो जाते हैं। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव प्रकाश रजक ने कहा कि भारत देश में हमारा संविधान हर नागरिक को समानता सम्मान और न्याय का अधिकार देता है, लेकिन आज यह अधिकार लगातार छिने जा रहे हैं। एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी आरक्षण में कटौती, ट्राइबल महिलाओं पर अत्याचार, कमजोर लोगों के खिलाफ डर का माहौल यह सब संविधान की आत्मा पर हमला है। संविधान सुरक्षित रखने के लिए समाज को आगे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है। बैठक में सत्र 2025 में जैक एवं सीबीएसई बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा समान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर 29 जून को कोडरमा में सम्मानित किया जाएगा। मौके पर मिथलेश कुमार, दुर्गा प्रसाद राम, एम चंद्रा, विनोद राम, अमर कुमार रजक, पवन रजक, दिनेश रजक, अर्जुन राम, राजेश कुमार रजक, प्रदीप राम, कंचन देवी, सतीश कुमार रजक, धनेश्वर रजक, मनोज दिवाकर, त्रिपुरारी रजक समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्रिमियर कोचिंग में छात्र-छात्राओं का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित प्रिमियर कोचिंग सेंटर में सत्र 2024-2025 वर्ग 10वीं के छात्र-छात्राओं को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सिमरिया इंटर कॉलेज के प्राचार्य कन्हैया मिस्त्री, इंटर साइंस कालेज चतरा के प्राचार्य विकास कुमार, समाजसेवी उपेन्द्र सिंह, समाजसेवी विनोद बिहारी पासवान, एसएलडीसी पब्लिक स्कूल एदला के प्राचार्य वचन पाण्डेय, जानी मानी महिला समाजसेवी अनिता मिश्रा, संस्थान के संचालक राधेश्याम पाण्डेय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों को गुलदस्ता और माला पहनाकर छात्रों ने स्वागत किया। मौके पर अतिथियों के स्वागत में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किये एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य एवं विदाई गीत प्रस्तुत की गई। मौके पर अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके साथ जीवन की अपने अनुभवों को साझा किया और उन्हें आगे चलकर एक सफल व्यक्ति बनने के लिए कई सुझाव दिये। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य का कामना भी की। मौके पर अतिथियों के द्वारा संस्थान से कोचिंग लिये छात्रों के द्वारा मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। वहीं इस संस्थान का लगातार 38 वर्षों से सफल संचालन करने एवं क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने सहित अनेकों टॉपर देने के लिए अतिथियों ने संस्थान के संचालक राधेश्याम पाण्डेय को धन्यवाद एवं बधाई दी। विदाई एवं सम्मान के इस अवसर पर संबोधित करते हुए संस्थान के संचालक ने कहा कि छात्र बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अपने अपने क्षेत्रों में नाम रोशन करें। जिससे आगे जाकर अलग-अलग क्षेत्रों में अपने माता -पिता शिक्षकों और अपने शहर का नाम रोशन करें। जब कभी भी कोई मार्गदर्शन की आवश्यकता हो तो बेहिचक संपर्क करें। कार्यक्रम में संस्थान में पढ़ने वाले कक्षा 9 एवं 10 के सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

### खबर एक नजर में

### सुप्रसिद्ध कौलेश्वरी मंदिर में मुंडन संस्कार को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध कौलेश्वरी पर्वत पर मां कौलेश्वरी मंदिर व तीन धर्मों का संगम स्थल में भारत के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों तक प्रसिद्ध है। सप्ताह में सातों दिन मां की पूजा-अर्चना की जाती है। रविवार को कौलेश्वरी पहाड़ पर मुंडन संस्कार को लेकर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं में झारखंड व बिहार के अलावा कुछ दूसरे प्रदेशों के भी थे। पूजा अर्चना के लिए मंदिर में लंबी कतार लगी रही। पूरे दिन माता कौलेश्वरी के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। कौलेश्वरी पर्वत पर आए श्रद्धालुओं को सुरक्षित पूजा अर्चना कराने को लेकर कौलेश्वरी प्रबंधन समिति के सदस्य तत्पर थे। एसडीओ के निर्देश पर मंदिर के परिसर समेत तालाब में विशेष अभियान चलाकर सफाई कार्य जोरों पर है। स्वयं एसडीओ जहूर आलम इसकी निगरानी कर रहे हैं। प्रधान पुजारी मिथलेश मिश्रा ने बताया कि मंदिर में मजदूरों के द्वारा प्रत्येक दिन साफ-सफाई कार्य किया जा रहा है।

### भूमिपूजन कर मंदिर निर्माण का किया शिलान्यास



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के शिला गांव में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी शनिवार को शिव मंदिर के निर्माण के लिए शुभ मुहूर्त एवं शुभ नक्षत्र में ब्राह्मणों तथा समस्त ग्रामवासियों के द्वारा ईचाक पंचायत के ग्राम नावाटांड़ में विधिवत भूमिपूजन कर मंदिर निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया। यह भूमि पूजन आचार्य पवन कुमार मिश्र एवं उनके सहयोगियों के द्वारा तथा मुख्य यजमान कुलदीप प्रसाद तथा उनकी धर्म पत्नी उर्मिला देवी के द्वारा किया गया। इस पुण्य कार्य में ईचाक पंचायत की मुखिया कविता देवी, देवंती देवी, उर्मिला देवी, रेणु देवी, मुखिया पति सुरेश प्रसाद, बैजनाथ महतो, किशुनदेव प्रसाद, पप्पु कुमार, दिनेश कुमार तथा समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

### बीडी पत्ता खलिहानों में लगी आग, लाखों का नुकसान



**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के डांडू बनहियाडीह गांव के समीप तालही टोला में दो बीड़ी पत्ता खलिहान में आग लगने से लाखों रुपये की क्षति हुई है। एक खलिहान बीड़ी पत्ता के तालही आंगनबाड़ी केंद्र के समीप था तो वहीं दूसरा आम पेड़ के पास था। आग कैसे लगी यह जानकारी किसी को भी नहीं। नक्सलियों या आपसी विवाद के कारण आगजनी की घटनाएं हुई हैं इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। इस घटना से गांव में दहशत बना हुआ हुवा। वहीं घटना के बाद किसी भी संगठन ने आगजनी की घटना की कोई जिम्मेवारी नहीं लीं है। हालांकि पूर्व में नक्सली क्षेत्र मे ऐसी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। नक्सलियों ने केंदू पत्ता तोड़ाई शुरू होने से पूर्व ही पर्चा जारी कर ठेकेदारों को आगाह किया था। इसलिए आगजनी की घटना नक्सलियों द्वारा की गई हो सकती है ऐसा संदेश जताई जा रहा है। वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आग कैसे लगी और इसके पीछे कौन जिम्मेदार है। वहीं आग में जलकर खाक हुए बीड़ी पत्ता की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। वहीं इस घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि जल्दी खुलासा कर लिया जाएगा कि अपराधी घटना है या नक्सलियों की घटना। जो भी दोषी होगा बख्सा नहीं जाएगा।

### बौधाडीह सीएलएफ कार्यालय में चोरी

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बौधाडीह आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति कार्यालय (सीएलएफ) में शनिवार रात अज्ञात बदमाशों ने गेट का ताला तोड़कर कार्यालय में रखी हुई नकद राशि समेत जरूरी डॉक्युमेंट ले गए। घटना की सूचना आसपास के ग्रामीणों ने महिलाओं को दी। महिलाओं ने पहुंच कर देखा तो 5 हजार नकद समेत जरूरी सामग्री गायब है। महिलाओं ने इसकी सूचना थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह को दी। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर मामले की जांच कर बदमाशों की शिनाख्त करने में जुटी है। इधर मामले को लेकर महिलाओं ने थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बेसहारा बच्चों को किया गया चिह्नित



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार की देखरेख में साथी अभियान की शुरुआत की गयी है। अभियान में ऐसे बेसहारा बच्चों को चिह्नित करना है, जिनका आज तक आधार पंजीकरण नहीं हो पाया है और जो सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से दूर हैं। इसी कड़ी में जिले के डोमचांच प्रखंड के मसनोडीह पंचायत के गरहा निवासी लक्ष्मण दास के नाती 10 वर्षीय बृजेश कुमार, विमल कुमार की नतिनी 7 वर्षीय काजल कुमारी पिता राजकुमार दास को पीएलवी सुब्रत कुमार मुखर्जी की ओर से चिह्नित किया गया। इन बच्चों का वर्तमान में आधार कार्ड नहीं है, इस कारण बच्चे सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मण दास की पुत्री बेदनी देवी का विवाह हरदोई (उत्तर प्रदेश) निवासी राजकुमार दास के साथ 15 वर्ष पूर्व हुआ था। बेदनी देवी ने दो पुत्र व एक पुत्री को जन्म दिया था। मार्च 2019 में बेदनी देवी की अचानक तबीयत खराब हो गयी, पति राजकुमार दास अपनी पत्नी व बच्चों को ससुराल गरहा मसनोडीह पहुंचाकर वापस हरदोई चला गया। इसी बीच पत्नी बेदनी देवी की मई 2019 में मौत हो गयी। बेदनी देवी के पिता ने कई बार दामाद से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया, तब से बच्चे अपने नाना लक्ष्मण दास के पास रहते हैं। लक्ष्मण दास की स्थिति दयनीय है, स्वयं और पत्नी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं, जब इसकी सूचना प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार को मिली, तो उन्होंने इसकी जानकारी लेकर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। वहीं उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान 26 मई से 26 जून तक चलेगा।

## नकली शराब फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

- भारी मात्रा में नकली शराब, केमिकल व शराब बनाने का सामन बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के कन्दावार नदी के किनारे नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। वहीं एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। मौके पर से अवैध नकली विदेशी शराब, स्पिरिट भारी मात्रा में बरामद की गई है। उक्त जानकारी हंटरगंज पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुमीत अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के रामबालक साव के पुत्र कन्दावार निवासी मंटू कुमार गांव के द्वारा नदी किनारे ईंट भट्ठा के पास नकली शराब तैयार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर हंटरगंज थाना पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर वहां मौजूद एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने छापेमारी के दौरान तैयार नकली रॉयल स्टैग कंपनी की शराब की 23 कार्टून 460 बोतल, आइकॉनिक वाइट कंपनी के 19 कार्टून 380 बोतल, एस आर बी7 3 कार्टून 60 बोतल, कुल 940 बोतल। साथ ही 14 प्लास्टिक बोरा, 12 कार्टून खाली बोतल, 6 प्लास्टिक का खाली ड्राम, खाली प्लास्टिक का जार ब्लू रंग, खाली प्लास्टिक डब्बा तीन पीस, 9 काला रंग का, तीन बोतल ढक्कन 29 पीस, प्रीमियम ब्लैक और आइकॉनिक वाइट कंपनी का स्टीकर 21 पीस सहित 35 लीटर का प्लास्टिक डब्बा में 10 लीटर स्प्रिट जैसा तरल पदार्थ बरामद हुए। इधर हंटरगंज थाना क्षेत्र में यह कार्रवाई से नकली शराब बनाने वाले तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

छापेमारी दल में थाना प्रभारी प्रभात कुमार, एसआई कृष्णा कुजूर, आरक्षी चरकू यादव, दिलीप कुमार सिंह, अशोक कुमार, सहायक पुलिस सुरेन्द्र भुईयां, चौकीदार श्रवण पासवान शामिल थे।

## उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी का किया औचक निरीक्षण

- बढ़ रहे कोरोना के मरीजों को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारी दुरूस्त करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त चतरा कीर्तिश्री ने रविवार को इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित कुमार जयसवाल से स्वास्थ्य केंद्र में दी जाने वाली सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। विशेष रूप से उन्होंने रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों की ड्यूटी, जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी, प्रसव कक्ष, चिकित्सक कक्ष, उपकरणों की क्रियाशीलता, ए.एन.एम की वर्तमान संख्या, स्वास्थ्य केंद्र के भवन की स्थिति, मेडिकल उपकरणों की स्थिति, एक्सरे मशीन की स्थिति आदि का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा प्रतिनियुक्त मानव बल का पूर्ण उपयोग हो तथा स्वास्थ्य केंद्र में रोस्टर ड्यूटी का सख्ती से पालन हो इसका खास ख्याल रखें। उन्होंने रात के दौरान ड्यूटी को कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विशेष रूप से स्वच्छता, दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 7 मरीज भर्ती थे तथा प्रतिदिन की ओपीडी की संख्या की जानकारी लेते हुए उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की कार्यशैली की सराहना की। आगे उन्होंने आमजन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में और भी बेहतर ठोस पहल करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक एवं कर्मी मरीजों के प्रति सहयोगपूर्ण, संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करें ताकि मरीजों की संतुष्टि और अस्पताल में उपस्थिति दोनों में और भी ज्यादा वृद्धि हो सके। साथ ही देश में बढ़ रहे कोरोना के मरीजों को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारी दुरूस्त करने की भी बात कही और सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु आवश्यकताओं का प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिससे इलाज कराने आए मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज सेवाएं मिल सके। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी इटखोरी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित कुमार जयसवाल, जिला खेल पदाधिकारी सह जन शिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी तुषार रॉय समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### चंद्रवंशी महासभा प्रतिभाशाली बच्चों को करेगी सम्मानित

**लोहरदगा ।** चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा लोहरदगा की पदाधिकारीयों की एक आवश्यक बैठक यदुवीर धर्मशाला में संपन्न हुई। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया की संगठन को चलाने के लिए कोष की आवश्यकता पड़ती है। अत: समाज की एक मासिक शुल्क निर्धारित की जाए यह शुल्क ?100 मासिक होनी चाहिए। इससे पूर्व यह निर्णय लिया गया की अध्यक्ष,सचिव कोषाध्यक्ष के नाम बैंक में खाता खोला जाए। जिससे कोष संग्रह में आसानी होगी और पारदर्शिता भी बनी रहेगी। सभी काम पारदर्शी तरीके से किया जाए ।पूर्व में प्रस्तावित चंद्रवंशी समाज के मेधावी बच्चों को जो बच्चे मैट्रिक इंटर में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं ।उन्हें सम्मानित करने के लिए 15 जून दिन रविवार निर्धारित की गई है । जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने इस बैठक में कहा कि हमें संगठित रहते हुए अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाना है। इसके लिए उन्हें मंच एवं उचित मार्गदर्शन देते हुए संसाधन उपलब्ध कराना होगा ।समाज को सुदृढ़ करते हुए अपने बच्चों के प्रतिभा को समझना होगा और उनके अनुरूप कार्य योजना बनाना होगा।

### स्पोर्ट्स एकेडमी गुमला के खिलाड़ियों व प्रशिक्षक ने नव स्थापित उपायुक्त का किया स्वागत

**गुमला।** स्पोर्ट्स एकेडमी गुमला के सचिव सह प्रशिक्षक सैय्यद जुन्नु रैन व अध्यक्ष हफिजुर रहमान के नेतृत्व में प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने नव पदस्थापित उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित को फूलों का गुलदस्तों देकर स्वागत किया। मौके पर उपायुक्त ने एकेडमी के राष्ट्रीय हैंडबॉल साइकिलिंग साउथ एशिया कॉम्बैट कुश्ती के गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त की। अकादमी के खिलाडियों ने विगत कई वर्षों से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य व जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। खिलाड़ियों मैं स्टेडियम में अभ्यास में आ रही परेशानियों के विषय में उपायुक्त को अवगत कराया। मौके पर नीरज मांझी , अरीब आबदीन, आर गोस्वामी ,फैसल अंसारी, अनुज मांझी, सद्दाम अंसारी, मोनिका टोप्पो, प्रीति, शिवानी कुमारी ,सोनाली कुमारी अकेबुल अंसारी उपस्थित थे।

### भाजपा की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की सफलता पर हुई चर्चा

**कैरो।** प्रखण्ड के देवी मंडप कैरो के बगल में रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता हुई।बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती और संगठन द्वारा तय किये गए कार्यक्रमो में बढ़ चढ़कर भाग लेने व कार्यक्रमो को सफल बनाने पर चर्चा की गई।प्रखण्ड अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि पार्टी संगठन की हित मे निस्वार्थ भाव से काम करना है,जनमुद्दों का समाधान को लेकर संघर्ष करने को तैयार रहें।प्रदेश के निदेर्शानुसार आगामी कुछ महीनों में कई कार्यक्रम तय किया गया है जिसे सभी को मिलजुलकर सफल बनाना है। जिसमें वृक्षारोपन,12 से 14 जून तक मण्डल स्तर पर संकल्प सभा का आयोजन,15 से 17 जून तक शक्ति केंद्रों में चौपाल लगाना,21 जून को योग दिवस मनाना,23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाना ओर राज्यपाल के नाम पंचायत सचिवालय में ज्ञापन सौंपना,24 जून जनमुद्दों को लेकर प्रत्येक प्रखण्ड कार्यालय धरना प्रदर्शन करना है।

### नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान 10 से

**लोहरदगा।** निषिद्ध पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने व इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु 10 जून से 26 जून तक लोहरदगा जिला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने एवं इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु आगामी 12 जून को सदर प्रखंड लोहरदगा, 13 जून को भंडरा, 14 जून को कुडू, 16 जून को कैरो, 17 जून को सेन्हा,18 जून को पेशरार और 19 जून को किस्को प्रखंड में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर नशा के विरुद्ध जागरूकता हेतु चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। सभी प्रखंडों में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 06 जून को प्रशिक्षण दे दिया गया है। इस सम्बंध में जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा लोहरदगा जिला के सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव, सभी प्रखंड समन्वयक (पंचायती राज) और सभी वीएलई को जानकारी दे दी गयी है।

### 15 साल पूर्व बना स्वास्थ्य केंद्र भवन खंडहर में हुआ तब्दील

**जारी।** जारी प्रखंड के गोबिंदपुर पंचायत के पंचायत भवन के बगल में लाखों खर्च कर बनाए गया स्वास्थ केंद्र भवन 15 सालों से बेकार पड़ा हुआ है। 2010 में बना यह भवन आज तक इस्तेमाल नहीं किया गया है। वहीं देखरेख के अभाव में यह भवन जर्जर हो गया है और खंडहर में तब्दील होते जा रही है' जिसे फिर से उपयोग के लायक बनाने में और खर्च होंगे। इस मामले के सामने आने से प्रशासन की लापरवाही सामने आ गई है। लाखो रुपये की लागत से स्वास्थ केंद्र भवन बनाया गया, जो आज तक उपयोग नहीं किया गया है। 15 साल बीत चुके हैं, लेकिन यह भवन धूल फांक रहा है। भवन की हालत अब जर्जर होती जा रही है। छतों और दीवारों में सीलन आ गई है।

# संवैधानिक व लोकतांत्रिक संस्थाओं पर मोदी सरकार कर रही हमला : चैतु

### :संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने हेतु कांग्रेस की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक के बाद एकजुट कांग्रेसी

**गुमला।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री चैतु उरांव की अध्यक्षता में जिले के तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी, जिला प्रखंड, मंडल एवं पंचायत कमेटी की बैठक परिसदन भवन गुमला में हुई। जिसमें 10 जून को आयोजित संविधान बचाओ रैली परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष सै शुरू होकर पटेल चौक मेन रोड होते हुए कांग्रेस कार्यालय सभा स्थल तक जाएगी। सभा स्थल का निरीक्षण तमाम कांग्रेसियों ने किया। इस बैठक में श्री चैतु उरांव ने कहा कि नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाला भाजपा सरकार के द्वारा संवैधानिक व लोकतांत्रिक संस्थाओं को निरंतर कमजोर किया जा रहा है। सांसदीय प्रक्रियाओं को कमजोर कर सामाजिक एवं आर्थिक न्याय के आदर्शों पर सुनियोजित हमला किया जा रहा है। केंद्र में बैठे मोदी सरकार संविधान का रक्षा करने के बजाय देश की जनता को धर्म के जाल में फंसाना चाहती है। सरना इसाई हिंदू मुसलमान के बीच विभाजन कर एक दूसरे के खतरा होने का ढोंग कर रही है। देश के आदिवासी समाज को खत्म करने के लिए डीलिस्टिंग से लेकर सरना सनातन तक का षड्यंत्र रचा जा रहा है। लेकिन यह कभी सफल नहीं होगा। केंद्र सरकार के द्वारा भारत के संविधान में मुस्लिम समुदाय में दी गई संरक्षण की अवहेलना कर वक्फ बोर्ड संशोधन बिल लाकर इस्लाम धर्म का अभिन्न हिस्सा वक्फ की जायदाद को सरकार के अधीन लाये जाने और भविष्य में वक्फ की जायदाद में होने वाले विवादों पर कांग्रेस पार्टी गंभीरता से विरोध कर चुकी है। संसद से सड़क तक मुस्लिम समुदाय के साथ आंदोलन की है।

इसी निमित्त गुमला में आने वाले 10 जून 2025 को संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। गुमला जिला के तमाम लोगों से अपील की जाती कि संविधान बचाओ देश बचाओ अभियान में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस महासचिव फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, गंगा उरांव, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, विधि सेल का अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद आलम, मनरेगा अध्यक्ष पवन केवट कृषि विभाग के अध्यक्ष मीरा हामिद, अल्पसंख्यक अध्यक्ष साहब वसीम, सहकारिता अध्यक्ष मिनहाज खान, बेलसाजर मिंज, राजा खड़िया, जयदीप सिंह, शमा देवी, सरवर हुसैन , मोती उरांव, मोहम्मद तमीम, व्रज किशोर उरांव, उदय उरांव, विश्राम उरांव ,रामकिशन, सोमा लकड़ा, मोहित टोप्पो,घुड़ा उरांव एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# लाह की खेती आदिवासी समाज के लिए सोने के समान : कर्ण

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पालकोट प्रखंड के 9 पंचायत में प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल लोग

**गुमला।** पालकोट प्रखंड के नौ पंचायतों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत एक विशेष कृषि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. अभिजीत कर्ण निदेशक राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान नामकुम रांची उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ. कर्ण ने अपने संबोधन में आदिवासी समाज की पारंपरिक कृषि संस्कृति की सराहना करते हुए कहा कि लाह की खेती आदिवासी समाज के लिए सोने के समान है। उन्होंने लाह उत्पादन के वैज्ञानिक तरीकों, बाजार की संभावनाओं और इससे होने वाली आय के विषय में किसानों को जानकारी दी तथा कहा कि इस परंपरागत खेती को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़कर आजीविका को और मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डॉ. संजय कुमार प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला ने मोटे अनाज मिलेट्स एवं धान की उन्नत खेती के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देना जरूरी है। क्योंकि ये फसलें कम पानी में भी अच्छी उपज देती हैं और पोषण से भरपूर होती हैं। डॉ. योगेन्द्र कुमार ने उन्नत किस्मों एवं कृषि यंत्रीकरण पर अपने विचार साझा किए। डॉ. घोष ने किसानों को जल संरक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की तकनीकों से अवगत कराया। वहीं डॉ. निशा ने महिलाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण मानते हुए महिला कृषकों के सशक्तिकरण पर बल दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि, प्रखंड स्तरीय कृषि पदाधिकारीगण एवं किसान मित्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 1276 किसान शामिल हुए। जिनमें महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। किसानों ने वैज्ञानिकों से सीधे संवाद कर विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं और समाधान प्राप्त किया।

# बेटी का पढ़ना हमारे लिए सौभाग्य की बात: विनय


### शैलपुत्री फाउंडेशन भरनो के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** शैलपुत्री फाउंडेशन भरनो के द्वारा लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड के चट्टी गांव के झीको चट्टी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बेटी को सम्मानित किया गय।इस अवसर पर संस्था के निदेशक डॉ विनय कुमार केसरी ने कहा कि बेटी का पढ़ना हमारे लिए सौभाग्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शैलपुत्री फाउंडेशन ऐसी बेटियों को जो पढ़ने में असमर्थ हैं, उन्हें निशुल्क हॉस्टल में रखकर इंटर तक की पढ़ाई कराएगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत चट्टी गांव में एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष द्रोपदी देवी, उपाध्यक्ष सती उरांव ,सचिव नेहा कुमारी कोषाध्यक्ष सोनिया कुमारी कार्यकारिणी सदस्यों किरण कुमारी, पुष्पा देवी रेखा कुमारी,सीमा उरांव सुमन उरांव , बुधनी उरांव को बनाया गया। शैलपुत्री फाउंडेशन ने सभी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कमेटी का उद्देश्य है कि गांव की एक भी बेटी अशिक्षित न रहे और पूरे गांव की महिलाओं को साक्षर बनाया जाए।

# मिसिका ट्रेडर्स दुकान में चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता


इसी दुकान में हुई चोरी की घटना

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के नेतरहाट रोड स्थित मिसिका ट्रेडर्स दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान के संचालक आकाश साहू ने बताया कि घटना रविवार शनिवार की मध्यरात्रि की है। चोरों ने काउंटर में रखे नगद 10 हजार , एलइडी टीवी और सीसीटीवी सेटअप का डीवीआर गायब किया है। नुकसान का अनुमान लगाते हुए आकाश ने बताया की करीब 10 हजार नगद सहित 50 हजार के मूल्य का सामान गायब है। चोरों का मुख्य मंशा का अंदेशा लगाते हुए आकाश ने बताया की दुकान के अंदर रखा दो मोटरसाइकिल की चोरी करने के लिए प्रयास हुआ होगा। क्योंकि दुकान के अंदर में रखा हथौड़ा शटर के बाहर पाया गया। दुकान के शटर में लगे ताला को तोड़कर अंदर रखा हुआ दो मोटरसाइकिल को उड़ा ले जाने का मंशा था। लेकिन ठीक उसी वक्त सीमेंट लदा ट्रक दुकान के पास आकर रुका और मेरा ड्राइवर हलचल देखकर चोरों की तरफ दौड़ा। इसके बाद चोर दौड़कर भाग निकले। वहीं पीड़ित ने कहा कि पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 22 को अहीर सेना झारखंड का मनाया जाएगा वर्षगांठ

## अहीर सेवा झारखंड की बैठक संपन्न, बैठक में कई प्रस्ताव पारित

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में शामिल अहीर सेना झारखंड के सदस्य

**गुमला।** अहीर सेना झारखण्ड की बैठक इंडोर स्टेडियम गुमला में रविवार को सेना के अध्यक्ष श्री रामलखन गोप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अहीर सेना का वर्षगांठ 22 जून रविवार को इंडोर स्टेडियम में मनाया जाएगा । इसके निमित्त अहीर सेना समाज के शीर्ष छात्रों को सम्मानित करेगा और समाज के लिए समर्पित समाज सेवियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया । कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार गुमला जिला के विभिन्न प्रखंड पंचायत और गांवों तक किया जाएगा। इसके लिए प्रभारियों का भी चयन किया गया। उम्मीद की जा रही है कि इंडोर स्टेडियम गुमला में 22 जून 2025 को अहीर सेना के 5000 सदस्यो एवं कार्यकर्ताओ का शक्तिप्रदर्शन होगा। अहीर समुदाय के सभी सदस्यों का एक सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिला सचिव श्री देव नारायण यादव ने कहा कि आज अहीर सेना दावा करती है कि किसी भी अहीर का जमीन विवाद, वैवाहिक विवाद के लिए कोर्ट का चक्कर लगा के अपना समय और पैसा बर्बाद करने की अवश्यकता नही है? । अहीर सेना ही इस तरह के विवाद का निपटारा करता है। कोषाध्यक्ष चन्दन गोप ने बताया की हम कफन के बदले पैसा देने का रीवाज शुरू किये?। इससे समाज में एक नया बदलाव और परिवर्तन आया है। सेना के प्रवक्ता रबिन्द्र गोप ने कहा कि अहीर सेना अपने किसी भी साथी को मुफ्त में रक्त की व्यवस्था करता है और किसी भी तरह से चिकित्सा सुविधा के लिए सेना के साथी 24 घंटा उपस्थित रहते हैं। संगठन मंत्री विनय गोप ने कहा कि अहीर सेना अपना क्षेत्र विस्तार गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी, सिंहभूम, रांची एवं अन्य जिला तक विस्तार हो चुका है और इस कार्यक्रम मे विभिन्न जिला के प्रतिनिधि, प्रखंड प्रतिनिध, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रधान भी शामिल होंगे।

## खबर एक नजर में

### शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ नाबालिक लड़के ने किया दुष्कर्म

**घाघरा।** घाघरा थाना में शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर लगभग 31 वर्षीय युवती के साथ 16 वर्षीय नाबालिक लड़के द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के एक गांव में चचेरे नाबालिक भाई पर अपनी चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। मामला का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता के पिता ईंट भट्ठा से काम कर बीते फरवरी माह में घर आया। तब पीड़िता गर्भवती थी। जिसके बाद पूछ ताछ किया गया तब पूरा मामला सामने आया। चुकि दोनों घर के ही है। जिसके बाद घर वाले आपस में बैठक कर मामले को सलटाया। जिसके बाद अचानक पिछले 6 जून की दोपहर युवती शौच कर के घर लौट रही थी। इसी दौरान नाबालिक युवक उसके पास पहुंचा और मारपीट करने लगा। साथ ही जान से मारने की नीयत से गला दबाने लगा। जिसके बाद आसपास के लोगों ने देखा और पीड़िता को चंगुल से छुड़ाया। जिसके बाद पीड़िता को लेकर परिजन घाघरा थाना पहुंचे और पूरे मामले को बताया। इसके बाद घाघरा पुलिस उक्त नाबालिक आरोपी को पकड़कर थाना लाया और रविवार को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज से पूछने पर उन्होंने कहा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ नाबालिग के द्वारा दुष्कर्म किया गया था। आवेदन मिलते ही उक्त नाबालिक को पकड़ कर बाल सुधार के लिए भेज दिया गया है।

### सिसई के बिरकेरा गांव स्थित मंदिर सर्वेश्वरी समूह ने किया साफ-सफाई



कार्यक्रम में शामिल लोग

**गुमला।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा गुमला के युवा संगठन द्वारा शाखा क्षेत्रांतर्गत सेवा कार्य का आगाज करते हुए सिसई प्रखंड के रेड़वा पंचायत अंतर्गत बिरकेरा गांव में अवस्थित पौराणिक ग्राम देवी मंदिर की साफ–सफाई कर पूजा अर्चना किया। गया। तत्पश्चात सदस्यों के द्वारा गांव के चालीस जरुरतमंद बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री यथा– कॉपी, पेन, पेंसिल, ज्यामेट्री बॉक्स तथा अल्पाहार का वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को नया वस्त्र व पूजन सामग्री प्रदान किया गया।संगठन की शाम्भवी सौम्या ने विद्या अर्जन कर रहे बच्चों को विद्या के महत्व को बतलाते हुए गलत संगती से दूर रहने, नशापान नहीं करने और इनसे होने वाले कुपरिणामों को बतलाया गया। स्नेहा गुप्ता ने खास कर लड़कियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया गया। उन्होंने ग्राम देवी पूजा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित पूजा पाठ से गांव में सुख,शांति और समृद्धि आती है। इस अवसर पर युवा संगठन के विभा कुमारी,सलोनी गुप्ता, दीक्षा कुमारी,नीलम देवी, आकांक्षा, किरण देवी, पंकज कुमार,धर्म सागर खड़िया , आदर्श कुमार, अनिल यादव, प्रिंस कुमार, अमन गुप्ता, रोहित कुमार गुप्ता, भदेश्वर उरांव आदि उपस्थित थे।

### गुमला थाना प्रभारी से भाजपाईयों ने की शिष्टाचार मुलाकात


थाना प्रभारी का स्वागत करते भाजपा नेता

**गुमला।** गुमला थाना में नवपदस्थापित थाना प्रभारी श्री महेन्द्र करमाली से गुमला भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल के अगुवाई में शिष्टाचार मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गतघ युवाओं के बीच तेजी से पांव पसारते नशे की लत , शहर के अंदर बढ़ती चोरी की घटना , ट्रैफिक और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि शहर के अंदर व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु जनता का सहयोग परस्पर पुलिस को मिले ऐसी अपेक्षा है ।पुलिस जनता के हर संभव मदद को तत्पर रहेगी। गुमलावासियों के सहयोग से मिलकर एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण का निर्माण किया जाएगा । भाजपा पदाधिकारीयों ने भी पुलिस को हर संभव सहयोग करने की बात कही । मौके पर जिला महामंत्री यशवंत सिंह ,पूर्व अध्यक्ष सबिन्द्र कुमार सिंह ,जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद , सागर उरांव विकास कुमार सिंह ,बल्केश्वर सिंह, विपिन सिंह, कौशलेंद्र जमुवार आदि उपस्थित थे।

### घाघरा प्रखंड रसोईया संयोजिका संघ की बैठक संपन्न


बैठक में शामिल महिलाएं

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ का बैठक घाघरा प्रखंड में जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष संध्या देवी ने की। बैठक में स्कूल कमेटी बनाते हुए प्रखंड सम्मेलन करने और सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। साथ ही 29 मई को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में ताला बन्द करने का फैसला को बात मान कर नही किया गया । लेकिन विश्वास से हम लोग बात माने है और काम नही होने पर फिर से तालाबंदी करने का तैयारी किया जाएगा ।बैठक मे लीलमनी देवी, शान्ति एक्का,सोल देवी, जतरी देवी, जितमुनी कुमारी, चंदरमनी उरांव सहित कई लोग शामिल थी।

# पिता और पुत्री ने लोहरदगा सहित झारखंड राज्य का बढ़ाया मान

## श्रवण बने सिलंबम के नेशनल मास्टर (कोच) सह रेफरी और ऐश्वर्या बनी नेशनल मास्टर

खबर मंत्र संवाददाता


श्रवण कुमार


ऐश्वर्या

**लोहरदगा।** लोहरदगा के बीआईडी निवासी श्रवण साहु और उसकी पुत्री ऐश्वर्या साहू ने राष्ट्रीय स्तर पर न सिर्फ लोहरदगा, बल्कि झारखंड राज्य का भी मान बढ़ाया है। ज्ञात हो कि ऑल इंडिया सिलंबम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में विगत 29 मई से 02 जून तक कन्याकुमारी के सी.एस.आई. ऑडिटोरियम कन्याकुमारी, तमिलनाडु में सी सिलंबम मास्टर ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें लोहरदगा जिला से लोहरदगा जिला सिलंबम एसोसिएशन के सचिव सह झारखंड सिलंबम एसोसिएशन के सह सचिव श्रवण साहू एवं उसकी पुत्री ऐश्वर्या साहू दोनों ने हिस्सा लिया।

ट्रेनिंग ग्रेंडमास्टर सिलवा राज एवं उनके सहयोगी प्रशिक्षकों के द्वारा बेसिक से एडवांस मास्टर लेबल का प्रशिक्षण दिया गया और परीक्षा लिया गया। जिसमें दोनों पिता-पुत्री को मास्टर की उपाधि से नवाजा गया।

इसके पश्चात 2 जून को रेफरी सेमिनार एवं एग्जाम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रवण साहू के अलावा झारखण्ड के तीन और झारखण्ड सिलंबम एसोसिएशन के सचिव विनीत कुमार यादव, कोषाध्यक्ष प्रकाश रविदास और दिव्या कुमारी ने हिस्सा लिया था। जिसमें लिखित मौखिक एवं प्रैक्टिकल एग्जाम लिया गया, जिसमें श्रवण साहू सर्वाधिक अंक से रेफरी के लिए उतीर्ण हुए। इस तरह से झारखण्ड सिलंबम के कुल चार अधिकारिक रेफरी बने। उल्लेखनीय है कि सिलंबम एक प्राचीन मार्शल आर्ट है, जो 5000 साल पहले से प्रचलित है तथा अभी विश्व के 22 देशों जिनमें श्रीलंका, वियतनाम, यू.एस.ए., इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैड आदि देशों में खेला जाता है और साथ ही साथ भारत में मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्टस भारत सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त खेल है। साथ ही स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) तथा खेलो इंडिया से भी मान्यता प्राप्त है। ज्ञात हो कि यह खेल तो सभी खेलते हैं। रामनवमी और मुहर्रम में उसी को सिस्टमैटिक तरीका से अगर खेला जाए, तो सिलंबम में मैडल निकलना और अपने भविष्य को बनाना बहुत ही आसान है।

श्रवण साहू के इस उपलब्धि पर लोहरदगा जिला सिलंबम एसोसिएशन के संरक्षिका सुषमा सुष्मा सिंह, अध्यक्ष लखन राम, उपाध्यक्ष कयूम खान, कोषाध्यक्ष दसई उरांव एवं जिला के सभी खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाई दी है।

# अनियंत्रित वाहन ने ननद-भाभी को कुचला, दोनों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** अनियंत्रित पिकअप वाहन ने सड़क किनारे खड़ी दो महिलाओं को कुचल दिया। जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा लातेहार के नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत आराहंस गांव में हुआ। मृतक महिलाओं की पहचान केराखांड (आराहंस) गांव निवासी पुष्पा एक्का उम्र-45 वर्ष और सुषमा एक्का उम्र-48 वर्ष के रूप में हुई है। उक्त दोनो महिलाएं गुमला जिला स्थित आदर विशुनपूर बाजार करने जा रही थी।

### पुलिस ने खुलवाया सड़क जाम

हादसे की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और सड़क जाम कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक सिंह और महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों द्वारा सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाया गया, इसके बाद काफी मशक्कत के बाद ग्रामीण शांत हुए।

### पुलिस ने दिया हरसंभव का भरोसा

ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा और नौकरी दी जाए। रास्ते पर चलने वाले गाड़ियों की रफ्तार पर भी अंकुश लगाया जाए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सरकारी प्रावधान के तहत जो भी हो सकेगा वह मृतक के परिजनों को दिया जाएगा। घटना के बाद करीब 2 घंटे तक ग्रामीण हादसे के विरोध में प्रदर्शन करते रहे। पुलिस ने मृतक महिलाओं के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों को समझा बुझाकर सड़क जाम समाप्त करवा दिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है : **अभिषेक सिंह, थाना प्रभारी**

### चंद सेकंड में बर्बाद हो गया परिवार

ग्रामीणों ने बताया कि दोनों महिलाओं के अलावा एक अन्य महिला भी इनके साथ ही घर से बाजार जाने के लिए निकली थी। दोनों महिलाएं सड़क के किनारे खड़ी थी और बातचीत कर रही थीं। तभी तीसरी महिला इनके पास आ ही रही थी लेकिन तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क किनारे खड़ी दोनों महिलाओं को रौंद डाला।



ग्रामीण सड़क जाम करते हुए।

### एक ही घर की बेटी और बहू की मौत

महिलाओं को रौंदने के फौरन बाद ही ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी है। फिर भी दोनों महिलाओं को अस्पताल लेकर पहुंचे तब तक दोनों महिलाओं की मौत हो गई थी। एक ही घर की बेटी और बहू की मौत होने से पूरे गांव में कोहराम मच गया।

# लोहार टोला में आंगनबाड़ी भवन को तोड़ ईंटों की चोरी, कारवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ **निजी मकान के निर्माण के लिए की गई सरकारी संपत्ति की चोरी : असमीना बीबी**

**बरवाडीह।** प्रखंड के पोखरीकला पंचायत स्थित लोहार टोला में वर्ष 2008-09 में बने आंगनबाड़ी भवन को तोड़कर उसकी ईंटों की चोरी कर ली गई है। ग्रामीणों के मुताबिक भवन की दीवारें तोड़कर वहां से सारी ईंटें निकाल ली गईं, जिन्हें बाद में निजी मकान के निर्माण में उपयोग कर लिया गया है। इस गंभीर मामले को लेकर पंचायत समिति सदस्य असमीना बीबी ने बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार को लिखित आवेदन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। असमीना बीबी ने अपने आवेदन में कहा है कि सरकारी संपत्ति को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया गया है, वह सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने एक माह पूर्व बरवाडीह बीडीओ को भी आवेदन सौंपा था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने भी पुष्टि की है कि स्थानीय निवासी निसार अहमद, पिता दरबारी मियां द्वारा उक्त भवन की ईंटों को तोड़कर निकाला गया और उक्त ईंटों को निजी मकान निर्माण में इस्तेमाल किया गया है। अब आंगनबाड़ी भवन का कोई अता-पता नहीं है। असमीना बीबी ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। ग्रामीणों में भी इस घटना को लेकर गहरी नाराजगी है और वे दोषियों को सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं।

## गुप्त सूचना पर बड़ी कार्रवाई : पुलिस ने लूट की योजना बना रहे गिरोह को दबोचा

# चिंटू मिश्रा उर्फ सियाराम गिरफ्तार, देशी कट्टा और कारतूस बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** शनिवार देर रात बरवाडीह पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली, जब लूट की योजना बना रहे अपराधियों पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया। घटना 07 जून रात 11:30 बजे की है, जब पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को जानकारी मिली कि कुछ अपराधी रबदी पुल के पास किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। इस पर एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम के नेतृत्व में छिपादोहर थाना व आईआरबी-04 सैट-137 की संयुक्त टीम गठित की गई।

### एक गिरफ्तार, कई फरार

पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो संदिग्ध अपराधी भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक को दबोच लिया। पकड़े गए युवक की पहचान चिंटू मिश्रा उर्फ सियाराम मिश्रा (उम्र 22 वर्ष) पिता विजय मिश्रा, निवासी दुबे मरहटिया, गढ़वा के रूप में हुई, जो हाल के दिनों में पलामू के भीमगढ़ा मोहल्ले में रह रहा था। तलाशी में उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा और 8 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद हुआ।



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

### गिरोह के नेटवर्क को किया जा रहा है ट्रेस : एसडीपीओ

प्रेसवार्ता करते हुए एसडीपीओ भरत राम ने कहा कि गिरफ्तारी पुलिस की त्वरित कार्रवाई का परिणाम है। गुप्त सूचना पर तुरंत टीम गठित कर छापेमारी की गई। आरोपी से पूछताछ में जो बातें सामने आई हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि यह एक संगठित आपराधिक गिरोह है। हमने इसके नेटवर्क को ट्रेस करना शुरू कर दिया है और अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी भी जल्द होगी। यह कार्रवाई कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में बड़ी सफलता है।

### 10 से ज्यादा सदस्यीय गिरोह का नेटवर्क उजागर

पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि उसका गिरोह 10-12 लोगों का है, जो झारखंड-बिहार के कई जिलों में राहगीरों, व्यवसायियों के साथ लूट, डकैती व छिनतई की वारदात को अंजाम देता है। हाल ही में छिपादोहर थाना क्षेत्र में हुई दो लूट घटनाओं में भी इसकी संलिप्तता सामने आई है। आरोपी पर सात थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें डकैती, बलात्कार, पोक्सो, हत्या प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि शामिल हैं।

### गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश में जुटी पुलिस

थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि एसडीपीओ सर के नेतृत्व में गठित टीम ने बहुत तेजी और समन्वय से काम किया। आरोपी चिंटू मिश्रा क्षेत्र में कई घटनाओं में वांछित था और लंबे समय से निगरानी में था। इससे पहले भी इसके खिलाफ कई गंभीर अपराधों में केस दर्ज हैं। यह गिरफ्तारी आने वाले समय में लूट और डकैती की घटनाओं पर लगाम लगाने में मददगार होगी। टीम अब गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश में जुटी है। इस कार्रवाई में छिपादोहर थाना के पुअनि रितेश कुमार राव, सअनि अन्नत कुमार, सअनि इन्द्रजीत तिवारी और आईआरबी के जवानों की भी प्रमुख भूमिका रही।

## टोरी में आरओबी एवं एफओबी निर्माण को लेकर अनिश्चितकालीन जलसमाधि सत्याग्रह 15 से

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ **चटुआग डैम में पंसस अयुब खान व ग्रामीण करेंगे आंदोलन**

➲ **शिलान्यास हुए 04 वर्ष से अधिक समय हो गया लेकिन आज तक कार्य शुरू नहीं हुआ**

**चंदवा।** टोरी जंक्शन पूर्वी रेलवे समपार फाटक के समीप जटिल समस्या बन चुकी रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण एवं जंक्शन परिसर में लंबे समय से अधर में लटके फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान एवं ग्रामीण किसान आगामी 15 जून से चटुआग डैम में प्रत्येक दिन समय 12 पूर्वाह्न तक अनिश्चितकालीन जल समाधि सत्याग्रह करेंगे।इस आशय की जानकारी पंसस अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर दी है, उन्होंने कहा कि जल सत्याग्रह के क्रम में किसानों की दुर्घटना अथवा अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार, रेलवे विभाग और राज्य सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि जल समाधि सत्याग्रह के माध्यम से टोरी-चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवर ब्रिज का नए प्राक्कलन की स्वीकृति देकर टेंडर कराकर इसका निर्माण कार्य शुरू करने, फ्लाई ओवरब्रिज की अधिग्रहित भुमि एवं मकान का पुनर मुल्यांकन कर रैयतों को मुआवजा राशि का भुगतान करने, टोरी जंक्शन के पश्चिम में बंद पड़े फुट ब्रिज का काम चालू करने, टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप अंडरब्रिज पास का निर्माण करने, टोरी से बालूमाथ तक पैसेंजर ट्रेन चलाने, टोरी के पूर्वी, टोरी - महुआमिलान स्टेशन के बीच भंडारगढ़ा - परसाही आने जाने वाले रास्ते पर रेलवे पोल संख्या 182/28 एवं 182/29 के समीप अंडरब्रिज पास का निर्माण करने समेत कई मांगों की ओर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रेलवे जीएम और डीआरएम का ध्यान खींचा जाएगा। विदित हो कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टोरी-चंदवा का फ्लाई ओवर ब्रिज का शिलान्यास 03 अप्रैल 2021 को किया था, इसके बाद इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। शिलान्यास हुए 04 वर्ष से अधिक समय हो गया लेकिन आज तक कार्य शुरू नहीं हुआ।

जिसके बाद से लगातार आंदोलन होते रहे है लेकिन किसी न किसी कारण से मामला ठंडे बस्ते में पडा हुआ है।

## चालक की हत्या मामले में पुत्री ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत थाना क्षेत्र के पन्नाटांड़ नाले के पास शनिवार की सुबह न्यू हाउसिंग कॉलोनी आदित्यपुर सरायकेला खरसांवा के चन्द्र भूषण मौवर पिता तेजन मौवर की पत्थर से कूचकर निर्मम हत्या मामले में मृतक की पुत्री जया कुमारी ने अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध हत्या की मुकदमा दर्ज कराई है। जया के आवेदन के आधार पर चंदवा थाना में कांड संख्या 122/25 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। विदित हो कि चंद्र भूषण मौवर अपने ट्रक में छड़ लेकर मेदिनीनगर की ओर जा रहे थे, इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने पन्नाटांड़ नाला के पास अज्ञात अपराधियों के द्वारा ट्रक पर हमला कर बेरहमी से मौत के घाट उतरा दिया था। हालांकि इस हत्याकांड के पीछे का कारण क्या है यह अनसुलझी पहली बनी हुई है। पुलिस सभी तथ्य एवं बिंदुओं पर ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है।

## बालूमाथ : पेड़ से गिरकर बच्चे की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के इचाक ग्राम में जामुन के पेड़ से गिरकर एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आनंद उराँव 12 वर्ष पिता अर्जुन उरांव ग्राम इचाक थाना बालूमाथ निवासी जंगल में जामुन तोड़ने गया हुआ था। जहां जामुन तोड़ने के दौरान पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायलावस्था में बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की स्थिति को गंभीर



देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। जहां रांची रिम्स में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई ।वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बाइक से गिरकर युवक घायल, रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर रविवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र के पकरी ग्राम स्तिथ नेताजी पेट्रोल पम्प के पास मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सरफुदीन खान 30 वर्ष इस्लाम खान ग्राम बालू थाना बालूमाथ निवासी अपने घर से बालूमाथ आ रहा था। इसी दौरान नेताजी पेट्रोल पंप के समीप मवेशी को बचाने के क्रम मे मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही गंभीर चोट लगने की वजह से युवक को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।



घायल युवक।

## कमांडो ने ब्राइट फ्यूचर को 8 विकेट से हराया

**चंदवा।** स्थानीय खेल स्टेडियम में चल रहे स्व. प्रभाकर मिश्रा दिवा रात्रि कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार की रात्रि खेले गये पहले मैच में लोहरदगा की टीम ने संतोष कंस्ट्रक्शन को 40 रनो से पराजित किया, जबकि दूसरे मैच में कमांडो क्लब की टीम ने ब्राइट फ्यूचर महुआमिलान को 8 विकेट हराकर सेमी फाइनल मे अपना स्थान पक्का किया वहीं तीसरे मैच में श्याम इलेवन ने बाबा 11 को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच में अंपायर की भूमिका अद्दू, आयुष एवं स्कोरर की भूमिका दीपू ने निभाई। खेल स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच का लुत्फ उठा रहे हैं। कमिटी ने बताया कि सोमवार कि रात्रि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला होगा।

# ग्रामीणों ने जताया सीसीएल का विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल द्वारा संचालित चमातू ग्राम के ग्रामीणों ने सीसीएल एवं कार्यरत कंपनी की मनमानी को लेकर रविवार को बैठक कर विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2019 में उनके गांव में सीसीएल द्वारा मगध फेज 3 कोलियरी खोला गया था। जिसमें सीसीएल द्वारा गैरमजरुआ भूमि में नौकरी मुआवजा दिलाने में वादा किया गया था। वहीं एक एकरारनामा कर कहा गया था कि स्थानीय लोगो को रोजगार से जोड़ने के लिए गार्ड, ड्राइवर, मैकेनिक पर रखा जाएगा। कार्यरत कंपनी द्वारा समय-समय पर कुछ लोगों का छटनी भी किया गया। लेकिन इस बार रोजगार से जुड़े सैकड़ो लोगों को नौकरी से हटाने की बात कही है। जबकि सीसीएल को अभी भी इस इलाके में कई एकड़ भूमि में खनन कार्य करना बाकी है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा की सीसीएल अपने नौकरी मुआवजे के वादे को पूरा करें व स्थानीय लोगों को रोजगार दे। अगर इनकी रवैया में सुधार नहीं लाती है तो वे लोग शीघ्र ही उग्र आंदोलन करेंगे। और सीसीएल का कार्य बाधित कर देंगे।

वही अब तक सीसीएल द्वारा मूलभूत सुविधाएं गांव में नहीं दी गई है जिसमें बिजली, पानी, कॉलेज, बाजार हॉस्पिटल शामिल है। वहीं पुनर्वास नीति के तहत अब तक लोगों को विस्थापित नहीं किया गया है। जमीन के बदले अब तक कुछ ही लोगों को मुआवजा दिया गया है।

ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से मामले पर संज्ञान लेते हुए पहल करने की मांग की है मौके पर चेतलाल रामदास मिथुन साव, त्रिवेणी साव, राजेंद्र राम, मोहन साव, दामोदर साव, दशय साव, मुकेश साव, सुरेंद्र साव, खुशियाल साव, शीतल साव, हिरामन साव, कुलदीप साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति ने अधिकारियों के साथ की बैठक

### योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति ने धनबाद सर्किट हाउस के सभागार में समिति के सभापति सह धनबाद के विधायक राज सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर समिति के सदस्य सह बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान समिति के सभापति ने क्रमवार सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति कार्य की समीक्षा की। विभागवार प्राप्त अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा कई आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए।समिति ने पेयजलापूर्ति योजनाएं, शहरी जलापूर्ति योजनाएं, भूमि सुधार, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खाद्य आपूर्ति, वन, श्रम, ग्रामीण कार्य, कल्याण, पथ निर्माण, पशुपालन सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। समिति के सभापति ने सभी पदाधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। कई विभाग में आवंटन की कमी के कारण संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर राज्य मुख्यालय से इस पर बाबत पत्राचार करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथलेश प्रसाद, खनन इंस्पेक्टर सुमित कुमार, सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक से पहले उपायुक्त आदित्य रंजन ने समिति के सभापति तथा माननीय सदस्य का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

# ग्रामीणों ने एनएलसी कोल कंपनी व एनटीपीसी का जताया विरोध, कहा जान देंगे जमीन नही

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के धाधू पंचायत में रविवार को ग्राम प्रधान बिहारी यादव की अध्यक्षता में दर्जनों गाँव के ग्रामीणों ने ग्राम सभा का आयोजन कर एनटीपीसी व एनएलसी कोल ब्लॉक का विरोध जताया। धाधू पंचायत के मध्य बिद्यालय भैसादोंन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल हुवे ।तथा ग्रामीण ने एनएलसी कोल कम्पनी वापस जाओ, एनटीपीसी वापस जाओ, लड़ेंगे जीतेंगे, जल-जंगल जमीन हमारा है, कोल ब्लॉक रद्द करो, जान देंगे जमीन नही समेत कई नारा लगा रहे थे। मौके पर ग्राम प्रधान बिहारी यादव ने बताया कि कंपनी दलालों के माध्यम से हम लोगों का जमीन लूटना चाहती है। जो कभी नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी बिना ग्राम सभा के दलालों के माध्यम से सर्वे कर रही है तथा कंपनी जोर-जबरन खनन कार्य करना चाहती है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त, एवं राज्यपाल को कई बार लिखित आवेदन दिया है। कोलियरी खुलने से हजारे लोग पलायन को मजबूर हो जाएंगे। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा हमलोग जान देंगे लेकिन जमीन नही देंगे। अगर कंपनी, जिला प्रशासन व दलाल जबरन कोई कार्य करती है तो आर पार की लड़ाई होगी। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोगों का सैकड़ो एकड़ जमीन अनाबाद बिहार सरकार उठ गया है। तथा इस जमीन से हम लोगों का जीवकोपार्जन होते आया है। अगर यह एनटीपीसी एवं एनएलसी कोल ब्लॉक खुलता है तो इस जमीन का ना तो नौकरी मिल पायेगा और ना ही मुआवजा मिलेगा। इस परिस्थिति में हम लोग बेघर हो जाएंगे ।आगे कहा कि कोई भी कंपनी अगर बिना ग्रामीणों की सहमति के गांव में घुसती तो उसे खदेड़ कर बाहर कर दिया जाएगा। इस मौके पर धांधू मुखिया पति रामबृक्ष उरांव, गेरेन्जा ग्राम प्रधान संतोष गंझू, शंकर उरांव, नंद कुमार यादव, काले उरांव, पवन यादव, दसरथ यादव, बनारस उरांव, हनुक लकड़ा, दिलेश्वर यादव, गेंदा राम, जयराम गंझू, बबिता देवी, मरियम लकड़ा, रंगवा देवी, पूनम लकड़ा, मिनकुवा देवी, मंगली देवी, समेत धांधू, चितरपुर, भैसादोंन, मकयाटांड, हेमपुर, सेमरसोत, गेरेन्जा, खरठिया गांव के भारी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।



एनटीपीसी कोल ब्लॉक का विरोध करते ग्रामीण।

## स्कार्पियों में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर रविवार को बारात से लौट रहे एक स्कॉर्पियो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे स्कार्पियो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुनील सिंह 65 वर्ष, ललन सिंह 80 वर्ष, अवध नारायण सिंह 77 वर्ष सभी ग्राम जावाबार थाना हेरहंज निवासी चतरा से बारात में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गोनिया ग्राम के समीप एक अज्ञात वाहन ने स्कॉर्पियो में टक्कर मार दिया। जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## पोस्ता गांव में घर बनाने को लेकर मारपीट एक घायल

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के पोस्ता गांव में घर बनाने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस घटना में इम्तियाज अंसारी नामक व्यक्ति को गहरी चोट लगी है। इम्तियाज अंसारी ने बताया कि मेरे जमीन पर फबीदा खातून नामक महिला घर बना रही थी ।जिसे मैं रोकने का प्रयास किया तो रोकने के दौरान ही फबिदा खातून के पक्ष के लोगों ने रॉड से हमला कर मुझे जान से मारने का प्रयास किया है ।जख्मी व्यक्ति का इलाज सीएचसी नारायणपुर में किया गया। जहां बेहतर उपचार के लिए धनबाद रेफर किया गया है।

स्पीड न्यूज

## जन समस्याओं से रूबरू हुए विधायक के प्रतिनिधि

**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह द्वारा चास नगर निगम अंतर्गत उत्पन्न जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु चास नगर निगम सहायता समूह का गठन किया। विधायक श्रीमती सिंह के निर्देश पर चास नगर निगम सहायता समूह के सदस्यों ने चास नगर निगम के वार्ड संख्या 11 कैलाश नगर संत जेवियर कॉलोनी की लंबित जन-समस्याओं का निरीक्षण किया जिसमें सदस्यों ने बताया कि जनता से बात करने के बाद यह अवगत हुआ कि इस क्षेत्र में सड़क पानी विद्युत जलजमाव नाला सीवरेज निर्माण जैसे बहुत सारे लोकहित के कार्य लंबित हैं जिन्हें तत्काल सुदृढ़ किया जाएगा। चास नगर निगम सहायता समूह के सदस्यों ने कहा कि विधायक श्रीमती सिंह ने निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो की समस्याओं का निराकरण करने के लिए हर वार्ड का दौरा करने की बात कही है। यह कार्यक्रम निगम क्षेत्र में 14 तारीख तक चलेगा। इस अवसर पर समूह के सदस्य सरोज यादव रमाशंकर सिंह शंभु दास उत्तम गोप निरंजन मिश्रा सुमित राय एवं वार्ड संख्या 11 की स्थानीय जनता उपस्थित रही।

## दफादार चौकीदार प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से की मुलाकात

**बोकारो।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह के नेतृत्व में बोकारो के नव पदस्थापित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा से बोकारो समाहरणालय में मिला और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो के नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह से भी मुलाकात की। बोकारो जिला में विधि व्यवस्था बनाए रखने और विकास की गति को आगे बढ़ाने के साथ ही बोकारो जिला के चौकीदार दफादारों की लम्बित समस्याओं का समाधान करने में सफल होने की कामना नव पदस्थापित दोनों पदाधिकारियों से प्रतिनिधिमंडल ने की। नव पदस्थापित दोनों पदाधिकारियों का स्वागत करने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह बोकारो जिला के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार पासवान एमजी चौकीदार बंटी साहू और नावाडीह अंचल के चौकीदार सुकर महतो आदि शामिल थे।

## स्वदेशी जागरण मंच ने पर्यावरण सुरक्षा हेतु लोगों को किया जागृत

**बोकारो।** हाथ से हाथ मिलाएं- प्लास्टिक हटाएं- पर्यावरण बचाएं- सांसें हो रही है कम-आओ पौधा लगाए हम आदि नारों के साथ स्वदेशी जागरण मंच बोकारो जिला की ओर से चास ब्लॉक के शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु लोगों को जागृत किया गया। अखिल भारतीय स्वदेशी मेला प्रमुख सचिन्द्र कुमार बरियार ने पौधा लगा कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

## हूल दिवस पर 26 जून को निकलने वाली पदयात्रा को लेकर हुई बैठक

**दुमका।** जोहार सभागार भवन परिसर में गोटा भारोत सिदो कन्हू हूल बैसी दुमका एवं जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र दुमका के संयुक्त तत्वधान में रविवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में हूल दिवस से पूर्व शहीद सिदो कान्हू चौक पोखरा चौक से शहीद ग्राम भोगनाडीह, बरहेट, साहिबगंज तक निकलने वाली 26 जून को पदयात्रा पर चर्चा हुई। पदयात्रा 30 जून को शहीद ग्राम भोगनाडीह पहुंचेगी। बैठक में पदयात्रा को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस पदयात्रा के दौरान पदयात्रियों के लिए विभिन्न पड़ावओ की सफल व्यवस्था के लिए निर्णय लिया गया। विभिन्न विश्राम पड़ावों पर पेसा एक्ट विषय पर विचार गोष्ठी आयोजन करने का प्रस्ताव लिया गया। इस अवसर पर अनुभवी समाजसेवी, कार्यकताओं को वक्ताओं के तौर पर आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

### 5 करोड़ के विकास योजना का ऑनलाइन विभिन्न स्थलों में

# पथ का सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**खेतको।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत विभिन्न स्थलों में रविवार को बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने पैर में फैक्चर रहने से शिलान्यास स्थल नहीं पहुंच पाए इस कारण कांग्रेस के पेटरवार प्रभारी परवेज अख्तर व प्रखंड अध्यक्ष शब्बीर अंसारी के द्वारा कार्यस्थल में जाकर बेरमो विधायक के द्वारा ऑनलाइन पथ सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया गया। जिसमें राम सिंह बेड़ा से पूर्णाटांड़ भाया पिछरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण, खेड़हो बस्ती आदिवासी टोला मैथन टुंगरी से अंगवाली तक पथ का सुदृढ़ीकरण, बोरवापनी झुझको तक पथ का सुदृढ़ीकरण, खेतको आरईओ पथ पिपराडीह मोड कसाही बेलडीह होते हुए गर्रि तक पथ का सुदृढ़ीकरण,अंगवाली पथ मोड से नावाडीह तक पथ सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया। जिसमें लगभग 5 करोड़ की लागत से पथ की सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए यह काम किया जाएगा।



मौके पर निजी सचिव अभय शर्मा, अशोक मंडल, मो कुतुबुद्दीन, विजय मंडल,मो रशीद, नन्हें हुसैन, नारायण सिंह नितेश मंडल, निमाय मंडल, शिरोनी मंडल आदि उपस्थित थे।

## आर्म रेसलिंग एसोसिएशन का गठन

### सुरजीत झा अध्यक्ष एवं आशुतोष झा सचिव मनोनित



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** डिस्ट्रिक्ट आर्म रेसलिंग एसोसिएशन का विधिवत गठन रविवार को कर लिया गया। हॉकी गोड्डा के अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में संघ के गठन को लेकर स्थानीय इंडोर स्टेडियम में आहूत बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव दीपक कुमार दुबे एवं बतौर पर्यवेक्षक राहुल कुमार सिंह जामताड़ा से पहुंचे और शामिल हुए। नवगठित कमिटी के संरक्षक पद पर सर्वसम्मति से मनोज कुमार पप्पु का मनोनयन हुआ। अध्यक्ष पद पर सुरजीत झा, वरीय उपाध्यक्ष के पद पर मनीष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पद पर अमित कुमार सिंह, अखिल कुमार झा, संगीता कुमारी एवं शिवेंद्र झा, सचिव के पद पर आशुतोष झा, कोषाध्यक्ष के पद पर दयाशंकर, संयुक्त सचिव के पद पर ऋषितोष झा, आकाश कुमार, नीतीश आनंद एवं रिम्मी कुमारी जबकि सत्रह सदस्यीय कार्यकारिणी समिति में अनंत तिवारी, राहुल कुमार, रौशन कुमार साह, पंकज यादव, सचिन कुमार झा, आरती सिंह, पियूष कुमार साह, चंदन कुमार, जीत सिंह, मुकेश भारती, अमन कुमार, अंजली आहना, पूजा सिधानवी, रोशनी सिधानवी, प्रदीप झा एवं सोनू झा शामिल किए गए। नवगठित कमिटी द्वारा शीघ्र ही डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप करवाए जाने का निर्णय लिया गया। सभा के अंत में जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश मंडल जी के पिता जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

## एक सप्ताह तक हरित पहल का उत्सव मनायेगी वेदांता ईएसएल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर एक सप्ताह तक अपनी हरित पहल का उत्सव मनाएगी। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मुहिम की शुरूआत इस वर्ष की थीम- प्लास्टिक प्रदूषण को हराना और टिकाऊ भविष्य की ओर कदम बढ़ाना को साकार करने की प्रतिबद्धता के साथ हुई। मौके पर 400 से अधिक कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

इस क्रम में ईएसएल ने जागरूकता सत्र ऑफलाइन क्विज पिक्शनरी गेम्स और इको बिट्स सीरीज के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जिसमें रोजाना छोटे-छोटे हरित कदमों की जानकारी साझा की गई। सामुदायिक स्तर पर भी कंपनी ने पहल करते हुए ईएसएल द्वारा समर्थित तीरंदाजी स्कूलों में 50 से अधिक बच्चों को प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों और टिकाऊ विकल्पों के बारे में जागरूक किया। साथ ही बेस्ट एनवायरनमेंट इनिशिएटिव अवार्ड के तहत



विभागीय और व्यक्तिगत श्रेणी में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। 20 से अधिक कर्मचारियों ने प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस अभियान का मुख्य आकर्षण रहा वृक्षारोपण जिसमें 550 से अधिक पौधे संयंत्र और सीएसआर साइटों पर लगाए गए। इसके साथ ही ईएसएल ने प्लास्टिक-मुक्त कैंटीन की शुरूआत की जहां सिंगल-यूज प्लास्टिक को हटाकर इको-फ्रेंडली विकल्प अपनाए गए।

सभी भागीदारों को जूट बैग भी भेंट किए गए। समापन समारोह के अवसर पर ईएसएल स्टील के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे जिनमें डिप्टी सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक रवीश शर्मा निदेशकझ्ञ इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट अमल घोष मुख्य मानव संसाधन अधिकारी श्यामली मिन्ज और उप निदेशकझ्ञ स्टील जगेश्वर प्रसाद वर्मा शामिल थे।

इन सभी ने कर्मचारियों के योगदान की सराहना की और हरित पहलों को संस्थागत संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। इस अवसर पर निदेशक-सेंट्रल इंजीनियरिंग एवं एचएसईएस तपेश चंद्र नस्कर ने कहा कि ईएसएल में स्थिरता हमारी कार्य संस्कृति का अहम हिस्सा है। यह अभियान हमारे पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता और जागरूकता फैलाने की हमारी भावना को दशार्ता है।

## 14 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

### बच्चों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित 14 दिवसीय समर कैंप का आज समापन हुआ। समापन समारोह में खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। वहीं खिलाड़ियों को गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजनाथ उरांव, चेयरमैन झारखंड राज्य सहकारी बैंक, विभा सिंह, पूर्व संयुक्त निबंधक सहकारिता विभाग झारखंड सरकार, जयदेव सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंडर 10 क्रिकेट मैच की विजेता टीम को विभा सिंह ने तथा अंडर 16 टीम की विजेता टीम को अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ उरांव ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी प्रदान किया। समर कैंप के सबसे बेहतर जूनियर खिलाड़ी का पुरस्कार एलेक्स तथा सीनियर खिलाड़ी का पुरस्कार शकील को पूर्व संयुक्त निबंधक जयदेव सिंह के द्वारा दिया गया। क्विज में विजेता खिलाड़ियों को भी अतिथियों के साथ जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष एच एम बोदरा, उपाध्यक्ष अमित बोस, संयुक्त सचिव डॉक्टर मौसम ठाकुर के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सनोज कुमार, संजीव कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजीव भंडारी, सुप्रकाश रंजन, राजू सिंह, सरोज कुमार विजय कुमार, मुकेश कुमार, आकाश सहित अन्य उपस्थित थे।

## मौत की घाट उतारने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार, गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के लखीबाद पत्थर खदान के पास बीते रात हथौड़ी से ठोक कर निर्मम तरीके से हत्यारोपी को पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही। गिरफ्तार हत्यारोपी सुखलाल देहरी है। आरोपी सुखलाल देहरी और मृतक छुतर हांसदा दोनों पड़ोसी है। पुलिस ने रविवार को छुतर का शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथौड़ी को जब्त कर लिया है। हत्या के संबंध में मृतक के भाई सोम हांसदा ने बताया कि दोनों के बीच एक गली को लेकर विवाद चल रहा था। गली के विवाद को लेकर कई बार झगड़ा भी हुआ था। पिछले तीन वर्षों से दोनों के बीच गली को लेकर विवाद चल रहा था। हत्यारा सुखलाल देहरी को रात में डीएसपी विजय कुमार महतो के नेतृत्व में उसके घर अमरपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। रविवार को सुखलाल देहरी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। हत्या में प्रयुक्त हथौड़ी और खून से सने एक कपड़े को पुलिस बरामद किया गया है।

## डीपीएस चास में शिक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस चास में शिक्षकों के लिए समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड तथा योग्यता-आधारित मूल्यांकन रणनीतियों को विकसित करने पर केंद्रित एक-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में सुमेधा राय- सीबीएसई रिसोर्स पर्सन और गणित में स्नातकोत्तर प्रशिक्षित उपस्थित थीं। कार्यशाला में नए एचपीसी प्रारूप व इसके लाभों और माता-पिता इसे कैसे समझ सकते हैं और इसका उपयोग कर सकते हैं- इस पर चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान मधुबन एजुकेशनल बुक्स के सुभाष चंद्र और रवीश कुमार वर्णवाल भी उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान रिसोर्स पर्सन श्रीमती राय ने कहा कि एचपीसी छात्र मूल्यांकन के लिए एक अभिनव दृष्टिकोण है जो पारंपरिक रिपोर्ट कार्ड से अलग है। इसका उद्देश्य छात्र के विकास और उसके बारे में एक व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त करना है। इसमें शैक्षणिक प्रदर्शन व कौशल और उनके व्यक्तित्व के अन्य मूल्यवान पहलू भी शामिल होते हैं। उन्होंने योग्यता-आधारित मूल्यांकन की रणनीतियों को विकसित करने और लागू करने में ज्ञान व कौशल और मूल्यों के एकीकरण पर जोर दिया। कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालती हुई विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड एक 360-डिग्री मूल्यांकन उपकरण है जिसका उपयोग शैक्षणिक व कौशल और मूल्यों सहित विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों के विकास का मूल्यांकन करने में सहायक होगा। विद्यालय की निदेशिका/प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने रिसोर्स पर्सन सुमेधा राय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नि:शुल्क बोधिसत्त्व रात्रि पाठशाला का हुआ उद्घाटन



पाठशाला का उद्घाटन करते अतिथि एवं पाठशाला में उपस्थित बच्चे एवं अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नगर परिषद् क्षेत्र के सोनवाडंगाल में निःशुल्क बोधिसत्व रात्रि पाठशाला का रविवार को उद्घाटन हुआ। निःशुल्क बोधिसत्व रात्रि पाठशाला सामाजिक संगठन, झ्झारखंड दलित शोषित समाज संघर्ष समिति (जेडीएफ4) के द्वारा किया गया। जेडीएस 4 प्रमुख डॉ सत्यम कुमार के द्वारा निःशुल्क बोधिसत्व पाठशाला की शाखा का शुभारंभ किया गया। सोनवाडंगाल में स्थापित यह पाठशाला क्षितिजा फाउंडेशन के संचालक ईजीनियर हेमंत कुमार के सहयोग से स्थापित हुई। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद् की पूर्व नगर अध्यक्षा अमिता रक्षित एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुनील दास ने शिरकत किया।

## रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिंग यार्ड को हटाने की मांग

### स्थानीय लोगों का आंदोलन जारी, धरना स्थल पर डटे रहे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** रेलवे स्टेशन पर बना कोयला रैक अब खतरनाक रूप धारण कर रही है। आस-पास के लोगों को प्रदुषण बीमार बना रही है। कोयला डस्ट से स्थानीय लोग बीमार पड़ रहे हैं। पीने के पानी में डस्ट घुल कर आम आदमी के पेट एवं सांसों में जाकर बीमारी फैला रही है। कोयला डस्ट से परेशान आस पास के ग्रामीण विगत कई वर्षों से लगातार धरना प्रदर्शन कर विरोध जता रहे हैं। बावजूद इसके राज्य और केंद्र की सरकार इस मामले में उदासीन रवैया अपनाए हुए है। रविवार को भी रविशंकर मंडल के नेतृत्व में दर्जनों लोग रेलवे स्टेशन परिसर में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया।



धरना पर बैठे स्थानीय लोग एवं पूर्व सीएम को मांग पत्र सौंपते लोग

आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक दुमका रेलवे स्टेशन से कोयला रैक नहीं हटाया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारी अब राज्य, केंद्र सरकार, बीजीआर कंपनी के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति रोष जताते हुए कहा कि अब आंदोलन उग्र होगा। आंदोलनकारियों ने कहा कि रेलवे स्टेशन के आस पास दर्जनों शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे, नौजवान और महिलाओं पर गंभीर प्रभाव तो पड़ रहा है।

यहां रहने वाले लोगों का तो जीना अब मुश्किल हो गया है। यहां तक कि अब बाहर से आने वाले मेहमान भी यहां आने से कतरा रहे हैं। गौरतलब है कि रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिग यार्ड को चलाने के लिए सभी नियम कानून को दरकिनार करते हुए हजारों लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है।

एक नजर में

## बांध पंचायत के दो युवक अग्निवीर का प्रशिक्षण लेकर लौटे गांव, खुशी का माहौल

**गोमिया।** कथारा बांध पंचायत के ग्राम बांध कॉलोनी निवासी तेजनारायण साव के पुत्र उदय कुमार तथा बिशेश्वर साव के पुत्र लुकेश्वर कुमार अग्निवीर (आर्मी) का प्रशिक्षण प्राप्त कर आज अपने निवास स्थान बांध कॉलोनी पहुंचे जहां उनके परिवार के साथ उनका स्वागत कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं बधाई दिए उदय और लुकेश्वर दोनों अपने चचेरे भाई है जिन्होंने पहले प्रयास में ही यह सफलता प्राप्त किए इनके सफलता से क्षेत्र में खुशी का लहर है और लोग ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई दे रहे हैं।

## अनाथ बच्चों को पहचान दिलाना सामूहिक जिम्मेवारी : डालसा

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पीडीजे रमेश कुमार एवं डालसा सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर पोड़ैयाहाट प्रखंड के दोपद गांव में माइक्रो विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान डालसा की ओर से गठित टीम में अधिकार मित्र मो. हसीब व शंकर चंद्र सेन ने कहा कि अनाथ बच्चों को भी आम नागरिकों की तरह सभी प्रकार के संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। ऐसे में उन बच्चों को सबसे पहले पहचान दिलाने की जरुरत है। प्रथम चरण में ऐसे अनाथ बच्चे जिसका आधार नहीं बना है उसकी पहचान की जा रही है। अगर क्षेत्र में कहीं अनाथ बच्चा हो तो उसकी जानकारी अवश्य दी जाय ताकि उसका आधार बन सके।विशेष अभियान चलाकर अनाथ बच्चों का आधार बनाने को लेकर जगह- जगह जागरुकता शिविर आयोजित क जा रही है। 26 जून से इन चिह्नित अनाथ बच्चों का आधार बनाया जाएगा। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से साथी नामक एक अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चों से कभी भी मजदूरी नहीं करायें। बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। स्थानीय स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए पठन- पाठन की बेहतर व्यवस्था है। आज विद्यालयों में मध्याह्न भोजन, पोशाक व छात्रवृति की भी व्यवस्था है। वहीं किसी प्रकार की समस्या होने पर विधिक सेवा की भी व्यवस्था है। बेटा और बेटी को समान रूप से शिक्षित करने की जरुरत है। महिला शिक्षा के प्रति समाज में जन जागरुकता जरुरी है। इसके अलावा शिक्षा का अधिकार, पोक्सो, बाल श्रम, बाल विवाह आदि से संबंधित जानकारी दी गई।

## पारिवारिक कलह से परेशान बर्तन दुकान मालिक ने कीटनाशक खाकर दी अपनी जान

**गोड्डा।** नगर थाना क्षेत्र के गुलजारबाग निवासी बर्तन दुकान मालिक पिंटू साह ने कीटनाशक (सल्फास की गोली) खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।इस घटना के बाद मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों (एक लड़का और एक लड़की) को छोड़ गया। वहीं घटना आज की बताई जा रही है। मृतक के परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मृतक पिंटू और उनकी पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। पिछले तीन दिनों से यह विवाद और भी बढ़ गया था। वहीं पत्नी का आरोप है कि पिंटू रोज शराब पीकर घर आते थे और झगड़ा करते थे। विवाद के दौरान वे कई बार अपनी जान देने की धमकी भी दे चुके थे। वहीं 07 जून को दोपहर करीब तीन बजे पिंटू ने सल्फास की गोली खा ली। जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत पिंटू को गोड्डा सदर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सामूहिक दुष्कर्म के 10 में 8 आरोपी गिरफ्तार

**गोड्डा /सुंदर पहाड़ी।** जिले के सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र से एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म की निंदनीय घटना सामने आ रही है। उक्त घटना सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोलो गांव की है जहां एक आदिवासी नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के जोलो गांव में 7 जून की रात यह घटना घटित हुई है। वहीं बताया गया कि 17 वर्षीय पीड़िता 6 जून को सिंदरी गांव से अपनी बुआ के घर शादी समारोह में गई थी। रात में जब युवती शौच के लिए खेत की तरफ गई, तब पूर्व से घात लगाए एक युवक ने उसका मुंह कपड़े से बांधकर उसे बहियार की तरफ उठा ले गए जहां 10 युवकों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के अगले दिन सुबह पीड़िता अपने घर लौटी और अपने परिजनों को आपबीती सुनाई। वहीं इस घटना को लेकर 07 जून को गांव में पंचायत बुलाई गई लेकिन पीड़िता और उसके परिजन द्वारा बताया गया कि पंचायत में मामले को दबाने का प्रयास किया गया जिस वजह से इस मामले पर कोई समाधान नहीं निकला। जिसके बाद अगले दिन पीड़िता अपने परिजन के साथ सुंदरपहाड़ी थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया। पीड़िता ने पुलिस से पूरी घटना बताई और पंचायत की भी बात कही। पीड़िता ने 10 आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया था जहां पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही शुरू कर दी और इस कांड में शामिल 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में सुंदर पहाड़ी थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 8 आदिवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि सभी आरोपी सिंदरी के रहने वाले हैं, सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। शेष दो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## सीसीएल आवासों का बद से बदतर दुर्दशा : अजय

**बेरमो।** प्रत्येक वर्ष आवासों के रखरखाव हेतु सैनिक विभाग के द्वारा करोड़ों रुपया का खर्च किया जाता है। पिछले तीन वर्ष में सीसीएल के द्वारा गायत्री कॉलोनी में मरम्मती के नाम पर लाखों रुपया का खर्च किया गया। जहां आज भी सीएससी का कार्य संचालित है। रखरखाव के अभाव में आवासों की दुर्दशा इस प्रकार बनी है की कभी भी जानलेवा घटना घटित हो सकती है।

## पेज एक का शेष

### कमरे में मिला...

चर्चा है कि धानुका ने अपने लाइसेंसी हथियार (पिस्टल) से खुद को गोली मारी है। हालांकि, कोतवाली पुलिस अभी पूरे मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल और कमरे से बरामद हथियार की एफएसएल जांच भी करायी जा रही है।

**डीएसपी ने बताया :** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि घटना शनिवार की है। रात करीब साढ़े नौ बजे परिवार के सभी सदस्य पास में ही स्थित नानी घर गये हुए थे। रविवार को जब सभी लौटे तो उन्हें जानकारी मिली। परिजनों ने पुलिस को खबर की। जानकारी मिलते कोतवाली डीएसपी सोय और थानेदार आदिकांत महतो मौके पर पहुंचे। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस सभी बिंदु पर जांच की कर रही है। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी दी जा सकेगी।

### नूर खान एयरबेस पर ...

**नूर खान एयरबेस की अहमियत :** यह एयरबेस इस्लामाबाद और रावलपिंडी के बीच स्थित है। पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय और रणनीतिक योजना डिवीजन (एसपीडी) के बेहद करीब है। परमाणु हथियारों की कमान संभालने वाले डिवीजन से इसकी निकटता इसे और संवेदनशील बनाती है। यहीं से हवाई गतिशीलता अभियानों का नियंत्रण भी होता है। जम्मूकश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय वायुसेना ने नूर खान एयरबेस को भी टारगेट किया। यह केवल सैन्य नहीं, बल्कि राजनीतिक और प्रतीकात्मक तौर पर भी एक सशक्त संदेश था, क्योंकि यह एयरबेस पाक सेना के कमांड सेंटर्स के बेहद नजदीक है।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका में एक्स-4 मिशन कल होगा लांच

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष यात्री सुभांशु शुक्ला द्वारा संचालित प्रतिष्ठित एक्सिओम-4 (एक्स-4) मिशन मंगलवार सुबह अमेरिका से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार है। यह मिशन भारतीय समयानुसार सुबह 0612 बजे होगा। एक्स-4 चालक दल 10 जून को भारतीय समयानुसार 0612 पर नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में एलसी-39ए से स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होगा। यह अमेरिका, भारत, पोलैंड और हंगरी के चार अंतरिक्ष यात्रियों को 14-दिवसीय डॉकिंग मिशन के लिए निम्न पृथ्वी कक्षा में ले जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रयोग किए जाएंगे, जिनमें से सात इसरो द्वारा किए जाएंगे। एक्स-4 इन देशों के इतिहास में दूसरा मानव अंतरिक्ष यान मिशन है।

## मणिपुर में एटी नेता अरेस्ट ,कर्फ्यू लगा

इंफाल। मणिपुर में सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के विरोध में बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद इंटरनेट सेवाएं पांच दिनों के लिए निलंबित कर दी गई और अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। राज्य की राजधानी सहित पांच जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है और शनिवार रात से हिंसा भड़कने के कारण अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है।

## बिहार में कल से हो सकती है भारी बारिश

पटना। भीषण गर्मी झेल रहे बिहार के लोगों को जल्द ही मिलेगी राहत। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 10 जून की रात से बंगाल की खाड़ी में बनने वाले नए मौसमी प्रणाली (सिस्टम) के कारण उत्तरी और पूर्वी बिहार में हो सकती है भारी बारिश । मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और स्थानीय मौसम बुलेटिन पर नजर रखने की सलाह दी है। खासकर भारी बारिश, बाढ़ और बिजली गिरने जैसे खतरों से बचने के लिए सावधानी बरतने को कहा गया है।

## तेलंगाना में तीन मंत्रियों ने ली शपथ

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी ने अपने मंत्रिमंडल का रविवार को किया विस्तार। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने तीन नए लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। जी विवेक, अदलुरी लक्ष्मण कुमार और वक्ति श्रीहरि ने मंत्री पद की ली शपथ। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के अलावा कई मंत्री और विधायक भी शामिल हुए।

## बिहार में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी जनसुराज : प्रशांत



खगड़िया। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को बिहार बदलाव यात्रा के तहत जनसभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जन सुराज बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। उन्होंने तंज कसते हुये कहा कि मुझे लगता है कि ये चुनाव से पहले गठबंधन में ज्यादा से ज्यादा सीटें पाने की पार्टियों की रणनीति है। जनता को इससे कोई मतलब नहीं है कि कौन सी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और न ही इसका बिहार के विकास से कोई लेना-देना है। पार्टियों को बताना चाहिए कि बिहार में बच्चों को शिक्षा और रोजगार कैसे मिल सके, इसके लिए उनका क्या विजन है। पार्टियों और उनके नेताओं को बताना चाहिए कि बिहार से पलायन कैसे रुकेगा, बिहार में भ्रष्टाचार कैसे खत्म होगा।



## अमित शाह ने मदुरै के मीनाक्षी मंदिर में की पूजा-अर्चना

मदुरै। तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां प्रसिद्ध मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के प्रवेश द्वार पर पुजारियों और अधिकारियों ने पारंपरिक पूर्ण कुंभम सम्मान के साथ उनका स्वागत किया। शाह ने मंदिर में लगभग 30 मिनट बिताए और विभिन्न सन्निधियों में दर्शन किए।

# अगले साल तमिलनाडु व बंगाल में बनेगी एनडीए की सरकार : शाह

एजेंसी

चेन्नई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दावा किया कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकेगा और अगले साल इन दोनों राज्यों में एनडीए की सरकार बनेगी। मदुरै में मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद राज्य, जिला और मंडल स्तर के पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2026 के चुनावों में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की हार होगी और भाजपा-अन्नाद्रमुक के नेतृत्व में राजग की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के अलावा बंगाल में भी राजग 2026 में सरकार बनाएगा। द्रमुक की 100 प्रतिशत विफल सरकार के रूप में आलोचना करते हुए शाह ने राज्य के स्वामित्व वाले टीएएसएमएसी में ईडी द्वारा उजागर

### टीएएसएमएसी में 1000 करोड़ रुपये की हुयी अनियमिता

की गई कथित 1000 करोड़ रुपये की अनियमितताओं का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इन निधियों का उपयोग करके, राज्य भर में प्रत्येक स्कूल में कम से कम दो कक्षाएं बनाई जा सकती थीं। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली में रहते हैं, लेकिन उनके कान हमेशा तमिलनाडु पर रहते हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम के स्टालिन की टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कि अमित शाह भी नहीं, कोई शाह तमिलनाडु पर शासन नहीं कर सकता, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्टालिन सही हैं। उन्होंने कहा कि यह मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु के लोग आपको (द्रमुक) हराएंगे। इससे पहले, उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तमिल में बात न कर पाने के लिए उनसे माफी मांगी जिसे उन्होंने सबसे बेहतरीन भाषाओं में से एक बताया।

## चुनाव फिक्स का आरोप पूर्णतः हास्यास्पद : आयोग

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव फिक्स होने के आरोप का करारा जवाब देते हुए रविवार को कहा कि पूरी दुनिया जिस चुनाव प्रणाली की प्रशंसा करती है उसे बदनाम करने का प्रयास हास्यास्पद और अपने दल के राजनीतिक कार्यकर्ताओं का भी अपमान है। गांधी ने शनिवार को एक अखबार में अपने लेख में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को 'फिक्स' बताते हुए आयोग से अपने सवालों पर जवाब मांगा था जिस पर चुनाव आयोग ने कहा कि सभी भारतीय चुनाव कानून के अनुसार संचालित होते हैं। भारत में जिस पैमाने और जिस सटीकता के साथ चुनावों का संचालन होता है पूरी दुनिया में उसकी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। मतदाताओं द्वारा दिए गए किसी भी प्रतिकूल फैसले के बाद, यह कहकर निर्वाचन आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना कि यह पहले से तय था, पूर्णतः हास्यास्पद है।

# लॉस एंजिलिस बना रणभूमि

## ट्रंप ने प्रदर्शन रोकने के लिए नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को किया तैनात, गर्वनर ने किया विरोध

- गृह विभाग के कार्यालय के सामने संघीय सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, फ्लैश-बैंग व गोले छोड़े
- आव्रजन अधिकारियों ने अब तक 100 से अधिक आप्रवासियों को पकड़ा






एजेंसी

पैरामाउंट (अमेरिका)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शनों को काबू करने के लिए कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को तैनात किया है जबकि गवर्नर गेविन न्यूसम ने संघीय सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई है। न्यूसम ने सैकड़ों प्रदर्शनकारियों और दंगारोधी पोशाक पहने संघीय आव्रजन अधिकारियों के बीच शनिवार को लगातार दूसरे दिन हुई झड़प के बाद एक बयान जारी कर ट्रंप प्रशासन के इस कदम का विरोध किया। लॉस एंजिल्स के दक्षिण में लातिन मूल के वर्चस्व वाले पैरामाउंट शहर में होम डिपो से सटे गृह विभाग के कार्यालय के सामने शनिवार को झड़पें हुईं। संघीय सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, फ्लैश-बैंग विस्फोटक एवं प्रभावित करने वाले गोले छोड़े जबकि जवाब में प्रदर्शनकारियों ने भी सीमा गश्ती वाहनों पर पत्थरबाजी की और सड़कों पर कूड़ा जला कर अवरोध पैदा किया। आव्रजन अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को की गई छापेमारी के बाद से इलाके में तनाव बढ़ गया है। अधिकारियों ने लॉस एंजिलिस के फैशन जिले और होम डिपो में छापेमारी भी शामिल थी। शहर में एक सप्ताह के दौरान गिरफ्तार किए गए आप्रवासियों की संख्या 100 से अधिक हो गई है। एक प्रमुख यूनियन नेता को विरोध प्रदर्शन करते समय गिरफ्तार कर लिया गया तथा उन पर कानून प्रवर्तन में बाधा डालने का आरोप लगाया गया। व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि ट्रंप गार्ड को उस अराजकता से निपटने के लिए तैनात करेंगे जिसे पनपने दिया गया है। यह स्पष्ट नहीं था कि सैनिक कब पहुंचेंगे। डेमोक्रेट गवर्नर न्यूसम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह जानबूझकर उठाया गया भड़काऊ कदम है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा। गवर्नर ने बाद में कहा कि संघीय सरकार तमाशा खड़ा करना चाहती है। उन्होंने लोगों से हिंसक कदम से बचने का आग्रह किया। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने संघीय सरकार द्वारा इस मामले में आक्रामक रुख अपनाने का संकेत देते हुए सेना तैनात करने की चेतावनी दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यदि हिंसा जारी रहती है, तो कैंप पेंडलटन में सक्रिय मरीन को भी तैनात किया जाएगा वे हाई अलर्ट पर हैं।

# टेक्सास नगर परिषद में दो भारतवंशी जीते

- शुगरलैंड के डिस्ट्रिक्ट 2 में सिंघल ने नासिर को हराया
- सुख कौर ने सैन एंटोनियो में डिस्ट्रिक्ट 1 की भारी जीत हासिल कर अपनी परिषद सीट बरकरार रखा



एजेंसी

ह्यूस्टन । अमेरिका के टेक्सास नगर परिषद चुनावों में दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपने-अपने शहर में जीत दर्ज की। संजय सिंघल और सुख कौर ने क्रमशः शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में नगर परिषद चुनावों में जीत हासिल की। प्रारंभिक चरण का चुनाव तीन जून को हुआ था जिसके बाद अंतिम दो उम्मीदवारों के बीच चुनावी (रनऑफ) मुकाबले के लिए मतदान शनिवार को हुआ। शुगरलैंड के डिस्ट्रिक्ट 2 में सिंघल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय-अमेरिकी नासिर हुसैन को हराकर चुनाव जीता। फोर्ट बेंड काउंटी के अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, सिंघल को 2,346 वोट मिले जबकि हुसैन को 777 वोट मिले।

आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र सिंघल ने अपना चुनाव प्रचार अभियान पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे में सुधार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित किया। सिख-अमेरिकी और शिक्षा सुधारक सुख कौर ने सैन एंटोनियो में भारी जीत हासिल कर डिस्ट्रिक्ट 1 की अपनी परिषद सीट बरकरार रखी। कौर सैन एंटोनियो में अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं। एक गैर-लाभकारी संस्था की नेता कौर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पैटी गिबन्स को 65 प्रतिशत मतों से हराया।

स्टैनफोर्ड और हार्वर्ड से स्नातक तथा सैन एंटोनियो शहर परिषद के लिए चुनी गईं पहली सिख महिला कौर ने अपने प्रचार अभियान को किफायती आवास, सार्वजनिक परिवहन विस्तार और समावेशी शहरी विकास पर केंद्रित किया।

# चिराग लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

खबर मन्त्र संवाददाता

आरा। केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार को विकसित राज्य बनाने के संकल्प के साथ रविवार को कहा कि उनकी पार्टी राज्य के सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। पासवान ने रविवार को वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में नव संकल्प महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनका संकल्प बिहार को देश का नंबर एक राज्य बनाने का है। उन्होंने कहा कि जब तक मैं बिहार को विकसित राज्य नहीं बना लेता तब तक चैन से नहीं बैठने वाला। मैं विधानसभा चुनाव कहां से लड़ूं यह आप सब को तय करना है मंत्री ने कहा कि हाँ मैं विधानसभा चुनाव लड़ूंगा और बिहार के सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ूंगा। मुझे मेरे अपनों ने ही घर और पार्टी से बाहर किया लेकिन बिहार की सारी जनता मेरा परिवार है। मैं अपनों की खातिर चुनाव लड़ूंगा। मेरा एक ही लक्ष्य है विकसित बिहार, बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट। पासवान

### मेरा एक ही लक्ष्य है विकसित बिहार, बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट : पासवान

ने कहा कि यह साल सबके लिए खास कर बिहार की जनता के लिए महत्वपूर्ण है। यह साल निर्धारित करेगा बिहार के पांच सालों का भविष्य। यह पांच साल बिहार के व्यक्ति के जीवन में महत्व रखता है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि जब आप लोगों के बीच नेता आए तो आप प्रश्न कीजिएगा कि इतने सालों में इन लोगों ने क्या किया।

आजकल एक केंद्रीय नेता, जब दिल्ली जाते हैं हमारे बिहार को अपराध की राजधानी बताते हैं । जरा पूछिएगा उस नेता से कि क्या वे चुनाव के बाद भी बिहार आएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में सबसे ज्यादा समय तक शासन कांग्रेस ने किया लेकिन राज्य का विकास नहीं किया। श्री कर्पूरी ठाकुर, जिन्होंने सही मायने में सामाजिक न्याय की व्यवस्था को बल देने का काम किया, लेकिन कांग्रेस ने क्या किया। यह जग जाहिर है। पासवान ने कहा कि



कर्पूरी ठाकुर के सपनों को तिलांजलि देने का काम यदि किसी ने किया तो यह कांग्रेस ने किया। ये लोग बाबा साहब अंबेडकर का नाम लेते नहीं थकते जब केंद्र में सरकार थी तो इन लोगों ने संसद में लोकसभा में भीमराव अंबेडकर की एक प्रतिमा भी नहीं लगने दिए। संसद में उनकी पहली तस्वीर राम विलास पासवान जब कल्याण मंत्री बने तब प्रतिमा लगा। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न राजग सरकार ने दिया। पासवान ने कहा कि मैं चाहता हूं कि बिहार में ही कारखाने खुले ताकि बिहार में रोजगार मिले और पलायन रुके।

## डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं में बिहार देश में अव्वल

**92 फीसदी ओपीडी पंजीकरण अब हो रहे हैं ऑनलाइन**

पटना। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के क्रियान्वयन में बिहार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। राज्य में शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में 92% ओपीडी पंजीकरण अब ऑनलाइन हो रहे हैं, वहीं मरीजों की जांच के लिए क्यूआर कोड स्कैन की संख्या भी सबसे अधिक है। यह उपलब्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और कुशल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस सफलता के केंद्र में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्कैन एंड शेयर पहल है, जिसमें मरीज स्वास्थ्य संस्थान के प्रवेश द्वार पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे परामर्श के लिए जा सकते हैं, जिससे लंबी कतारों और कागजी प्रक्रिया की झंझट समाप्त हो गई है। इस सरल लेकिन क्रांतिकारी कदम और आभा आईडी की व्यापक स्वीकृति से सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अब परामर्श से लेकर दवा लेने तक में कुल समय मात्र 45 मिनट के लगभग ही लगता है जो पहले एक घंटे से भी अधिक था।




# देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से कुत्ते का कूल्हा प्रत्यारोपण

- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान (बरेली) के वैज्ञानिकों ने रचा इतिहास
- कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल हिप भारत में नहीं था, विदेश से मंगाने पर पांच लाख खर्च



एजेंसी

बरेली। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार व उनकी टीम ने देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से विकसित कूल्हा प्रत्यारोपण की सफल सर्जरी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि पर आईवीआरआई निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने पूरी टीम को इस कीर्तिमान के लिए शुभकामनायें दी। उन्होंने इस तकनीक को जल्द से जल्द देश में स्वान पालकों को उपलब्ध कराने व इस तकनीकी को इंडस्ट्री को हस्तांतरित करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि इस कूल्हा प्रत्यारोपण की खासियत यह है कि यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। अब तक कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल हिप भारत में उपलब्ध नहीं था। यदि किसी कुत्ते को आर्टिफिशियल हिप की आवश्यकता होती थी, तो उसे केवल विदेश से ही मंगवाया जाता था। जिसका खर्च कम से कम 5 लाख रुपये तक आता था। आईवीआरआई वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल हिप बनाने के लिए पिछले लगभग तीन वर्षों से एक सुनियोजित अध्ययन करके विशेष रूप से भारतीय कुत्तों के अनुरूप सीमेंटेड पद्धति का कूल्हा ही नहीं, बल्कि उसमें उपयोग होने वाले उपकरणों को भी विकसित किया। डॉ. रोहित कुमार एवं उनकी टीम ने इस कार्य को एक चुनौती रूप में लेते हुए शुरूआत में शहर के प्रसिद्ध ह्यूमन ऑर्थो सर्जन डॉ. आलोक सिंह की मदद कई बारीकियों को जानने का प्रयास किया। डॉ. आलोक सिंह और बरेली मेडिकेयर फर्म योगेश सक्सेना व देवेश सक्सेना की तकनीकी सहायता से गुजरात की लाइफ ऑर्थो केयर कंपनी से कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल कूल्हा और उसमें उपयोग होने वाले उपकरण विकसित किया गया है। तकनीकी डिजाइन और आकार निर्धारित करने का कार्य ने डॉ. टी. साई कुमार एमवीएससी शोध कार्य और डॉ. कमलेश कुमार टी एस को पीएचडी शोध कार्य हेतु दिया। यह कार्य एआईएनपी-डीआईएमएससीए (डिमस्का) परियोजना अंतर्गत डॉ. रोहित कुमार, डॉ. अमरपाल, डॉ. एसी सक्सेना और डॉ. एएम पावड़े टीम द्वारा किया गया। डॉ. अमरपाल ने बताया कि इस तरह का कार्य देश में पहली बार एक सुनियोजित अध्ययन करके किया गया है। पहली सर्जरी देहरादून, दूसरी बरेली तथा तीसरी संभल पुलिस कुत्तों में इसकी सफल सर्जरी कर उसे नया जीवन दान दिया गया है। डॉ. रोहित बताते हैं कि विकसित किया गया कूल्हा काफी सस्ता है और देश के स्वान मालिकों को इसके द्वारा कम खर्च पर उत्कृष्ट इलाज भविष्य में दिया जा सकेगा।

